CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 06°C

लखनऊ, बुधवार 4 फरवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 90 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 15 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से झूमा शेयर बाजार, सेंसेक्स 2,073 अंक उछला पेज 2



युकी भांबरी एटीपी युगल टॉप -20 में शामिल खेल टाइम्स



इतिहास, विरासत व सौंदर्य का संगम है 'ओरछा' सम्पादकीय



टैरिफ मामला: अमेरिका-चीन के बीच घिर रहा भारत पेज 12

# धामी सरकार ने किया उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार जुलाई 2026 से मदरसा बोर्ड खत्म करने जा रही है। नई व्यवस्था में उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन कर दिया गया है।

विशेष सचिव डा. पराग मधुकर धकाते ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिछले विधानसभा सत्र में मदरसा बोर्ड खत्म करने की घोषणा करते हुए इस वर्ष जुलाई से सभी अल्पसंख्यक संस्थाओं को उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के अंब्रेला के नीचे लाने और उनकी मान्यता उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड से किए जाने की बात कही -**शेष पृष्ठ दो पर**



हमारी सरकार ने राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के गठन का फैसला लिया है, हमारी सरकार ने मदरसा बोर्ड खत्म करने का निर्णय लिया था। अब ये प्राधिकरण तय करेगा कि अल्पसंख्यक बच्चों को कैसी शिक्षा दी जाएगी। ये प्राधिकरण सिलेबस तय करेगा। सभी अल्पसंख्यक संस्थाएं उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड से मान्यता लेंगी...

**-पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

**■ मदरसा बोर्ड खत्म होने के बाद प्राधिकरण तय करेगा सिलेबस**

# लोकसभा में राहुल के बयान पर लगातार दूसरे दिन हंगामा

## आसन की ओर कागज फेंकने के मामले में कांग्रेस के आठ सदस्य बजट सत्र से निलंबित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को कांग्रेस सदस्य मणिक्कम टैगोर सहित आठ सदस्यों को पीठासीन की अवहेलना करने और आसन की ओर कागज फेंकने के आरोप में बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया।

इन सदस्यों में श्री टैगोर के अलावा अमरिन्दर सिंह 'राजा वडिंग', गुरदीप सिंह औजला, हिवी ईडेन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत बरोले, एस वेंकटेश और सी. किरन कुमार रेड्डी शामिल हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को कथित रूप से बोलने का अवसर न देने के मुद्दे पर कांग्रेस के सदस्यों ने मंगलवार को भी हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के दौरान इन सदस्यों ने आसन के समक्ष पहुंच कर नारेबाजी की और कुछ कागज उछाले। अपराह्न तीन बजे कार्यवाही फिर शुरू हुई तो पीठासीन दिलीप सैकिया ने कांग्रेस के इन सदस्यों के नाम का उल्लेख किया। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने इन सदस्यों को शेष अवधि के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव किया, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।



## देश के हितों के साथ समझौता कर रहे हैं मोदी: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि पैसा देकर उनकी जो छवि बनाई गई थी वह टूट रही है इसलिए श्री मोदी ने डर कर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते तथा अन्य मामले में देश के हितों के साथ समझौता कर लिया है।

श्री गांधी ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में प्रियंका गांधी और अन्य कांग्रेस सांसदों के साथ मकर द्वार पर पार्टी के आठ सांसदों के लोकसभा से निलंबन और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन करने के बाद कहा कि विपक्ष के नेता को संसद में बोलने नहीं दिया जा रहा है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है और यह इसलिए हो रहा है, क्योंकि प्रधानमंत्री ने भारत के हितों के साथ समझौता कर देश को बेच दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### युमनाम खेमचंद बनेंगे मणिपुर के मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** मणिपुर में आगामी 12 फरवरी को राष्ट्रपति शासन खत्म होना वाला था। इससे पहले ही एनडीए में सरकार बनाने को लेकर कवायद तेज हो गई थी। इस बीच भाजपा विधायक दल की बैठक में मंगलवार को युमनाम खेमचंद को विधायक दल का नेता चुना गया। इसी के साथ युमनाम खेमचंद के मणिपुर के नए मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। भाजपा संसदीय बोर्ड ने पार्टी के नेशनल जनरल सेक्रेटरी तरुण चुग को मणिपुर में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए सेंट्रल आब्जर्वर नियुक्त किया था। भाजपा के एक अंदरूनी सूत्र ने बताया है कि कुकी-जो समुदाय को संतुष्ट करने के लिए 10 कुकी विधायकों में से एक को डिप्टी सीएम का पद दिया जा सकता है। युमनाम खेमचंद मणिपुर भाजपा के अनुभवी नेताओं में शामिल हैं। 62 वर्षीय युमनाम मौजूदा समय में मणिपुर की राजधानी इंफाल की सिंगजामेई सीट से विधायक हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में घने कोहरे से यातायात प्रभावित

**नई दिल्ली।** दिल्ली और एनसीआर में कई जगहों पर घना कोहरा छाए रहने से बड़े स्तर पर यातायात प्रभावित हुआ और ट्रेनों एवं उड़ानों में देरी हुई। दिल्ली हवाई अड्डे ने यात्रियों को उड़ान के समय और जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइंस से संपर्क करने की सलाह दी। हवाई अड्डे ने बताया कि कोहरे की स्थिति के कारण सीएटी-3 स्थितियों में बदलाव के कारण देरी हो सकती है। खास बात यह है कि सीएटी-3 प्रणाली बहुत कम या लगभग शून्य दृश्यता में भी विमानों को उतरने की अनुमति देता है।

### मप्र-यूपी व राजस्थान में घना कोहरा

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में मौसम एकबार फिर बदला है। इसका कारण 2 वेस्टर्न डिस्टर्बेंस हैं। मध्य प्रदेश के 20 जिलों में बारिश का अलर्ट है। राजस्थान के 17 जिलों में कोहरे का येलो अलर्ट है। इसके साथ ही तापमान में बढ़ोतरी हुई है। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस रहा। बिहार के 5 जिलों में कोहरे का येलो अलर्ट है। हिमाचल में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और अन्य जगहों पर बारिश हुई।

# मेटा-व्हाट्सएप कानून मानें या भारत छोड़ें: सुप्रीम कोर्ट

## लक्षित विज्ञापन के लिए यूजर डेटा साझा करने पर कोर्ट का कड़ा रुख, दी चेतावनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने व्हाट्सएप और उसकी मूल कंपनी मेटा पर लक्षित विज्ञापन के लिए यूजर डेटा साझा करने को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के कारोबारी हितों के लिए भारतीय नागरिकों के निजता के अधिकार से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने मंगलवार को अंतरिम आदेश पारित करते हुए कहा कि वह भारतीय उपयोगकर्ताओं के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाले किसी भी डेटा साझा करने की अनुमति नहीं देगी। न्यायालय ने साफ शब्दों में कहा कि भारत में काम कर रहे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के लिए संविधान का पालन अनिवार्य और गैर-परक्राम्य है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि हम डेटा साझा करने की अनुमति नहीं देंगे। हम भारतीय नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन नहीं होने देंगे। अगर आप हमारे संविधान का पालन नहीं कर सकते, तो भारत छोड़ दीजिए। पीठ ने व्हाट्सएप की निजता नीति की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यह नीति जानबूझकर इस तरह बनाई गई प्रतीत होती है, जिससे विशेषकर समाज के कमजोर वर्गों को भ्रमित -**शेष पृष्ठ दो पर**



**■ किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के कारोबारी हितों के लिए निजता के अधिकार से कोई समझौता नहीं किया जा सकता**

## सुप्रीम कोर्ट ने शादी डॉट कॉम से जुड़े आपराधिक मामले को हाईकोर्ट को वापस भेजा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को शादी डॉट कॉम के संस्थापक और प्रबंध निदेशक अनुपम मित्तल की उस याचिका पर सुनवाई की, जिसमें वैवाहिक प्लेटफॉर्म के एक उपयोगकर्ता ने बिना सत्यापित प्रमाणपत्रों के प्रोफाइल बनाकर एक महिला को धोखा दिया।

मित्तल ने इस मामले में आपराधिक कार्यवाही रद्द करने की मांग की थी। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की खंडपीठ ने इस बात पर ध्यान दिया कि मित्तल के खिलाफ कार्यवाही पहले ही स्थगित की गई थी और पीठ के समक्ष मामला अंतिम विचार के लिए लाया गया था। मित्तल की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता आत्माराम नाडकर्णी ने दलील दी कि शादी डॉट कॉम केवल एक मैचमेकिंग मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है, संभावित व्यक्तियों के बीच प्रारंभिक संपर्क को सुगम बनाता है। इससे आगे इसकी कोई अन्य भूमिका नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि मित्तल को गलत तरीके से आरोपी बनाया गया है, जबकि कंपनी ने जांच एजेंसी के साथ लगातार सहयोग किया है।

# अमेरिकी ट्रेड डील पर सरकार का पहला बयान जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ कहा: इंजीनियरिंग, कपड़ा और ज्वेलरी उद्योग को फायदा**
**■ ट्रम्प को धन्यवाद, उन्होंने दोस्ती का मान रखा**

**नई दिल्ली।** अमेरिका से ट्रेड डील पर भारत सरकार का पहला बयान आया है। मंगलवार को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया से कहा कि इस डील में किसी के भी हितों से समझौता नहीं किया गया है। यह एक ऐसी डील है, जिस पर हर भारतीय को गर्व होगा।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने हमेशा एग्रीकल्चर और डेयरी दोनों सेक्टर को सपोर्ट किया है, उनके हितों की रक्षा की। जो लोग अलग-अलग सेक्टर में इन्वेस्ट करना चाहते हैं, खासकर ऐसे सेक्टर जिनमें ज्यादा मेहनत लगती है और जो लाखों लोगों को रोजगार देते हैं। गोयल ने कहा कि सभी इस डील से उत्साहित हैं। इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का धन्यवाद, उन्होंने पीएम मोदी की मित्रता का सम्मान किया। दोनों देश इस डील पर जल्द ही इस पर साझा बयान जारी करेंगे। पीयूष गोयल ने कहा कि इससे भारत का निर्यात बढ़ेगा। इससे हमारे इंजीनियरिंग सेक्टर्स के पार्ट्स बनाने वाले, टेक्सटाइल, मरीन गुड, ज्वेलर सेक्टर समेत सभी मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर को बहुत सारे मौके मिलेंगे। राहुल गांधी समेत विपक्ष के तमाम नेता इस डील का विरोध इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि उनकी सोच नकारात्मक है। इसके लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का धन्यवाद, उन्होंने पीएम मोदी की मित्रता का सम्मान किया। साथ ही हमारी स्पर्धा वाले देशों में सबसे अच्छा ट्रेड डील किया।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर राजग सांसदों ने मोदी का किया अभिनंदन

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच व्यापार संबंधी घोषणा को लेकर राजग सांसदों ने मंगलवार को संसदीय दल की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन किया। इस घोषणा की सराहना करते हुए भाजपा सासंदों ने प्रधानमंत्री का स्वागत 'जय मोदी', 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के आयात शुल्क को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा।

# उत्तराखंड में रोडवेज बस खाई में गिरी, तीन की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर/ चकराता।** मंगलवार को उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। नेरवा से पौंटा साहिब जा रही हिमाचल रोडवेज की एक बस कालसी क्षेत्र के मीनस मार्ग पर क्वानू के पास अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी।

इस दर्दनाक हादसे में यासमीन बेगम पत्नी नेक मोहम्मद निवासी क्यारला नेरवा, रिचा पत्नी वीरेंद्र, निवासी बिजमल शिमला व धन बहादुर निवासी क्यारला, नेरवा हिमाचल प्रदेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 33 यात्री घायल हुए हैं। जिसे पुलिस ने ग्राफिक एरा हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। वहीं अन्य घायल यात्रियों को आसपास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब एक छोटे वाहन को बचाने या ओवरटेक करने के प्रयास में बस चालक दिनेश कुमार पुत्र मोहन सिंह निवासी पोपाट शिमला ने नियंत्रण खो दिया। बस सड़क से नीचे लुढ़कते हुए सीधे गहरी खाई में जा समाई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष कालसी दीपक धारीवाल और एसडीआरएफ की टीमें तत्काल राहत एवं बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुंचीं। वहीं इस हादसे के बाद जिला प्रशासन में भी हलचल मच गई और आनन-फानन में एडीएम केके मिश्रा टीम के साथ घायलों का हाल-चाल पूछने के लिए अस्पताल में पहुंच गए। पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को खाई से बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार के बाद नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया। बताया गया है कि बस में कुल 36 यात्री सवार थे।



**■ उत्तराखंड-हिमाचल सीमा पर हुआ बस हादसा, 33 यात्री हुए घायल, एक गंभीर**

# ममता बनर्जी ने दिखाया कांग्रेस को ठेंगा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव में किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन की संभावना से इन्कार कर दिया है।

ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि बाकी सभी सियासी दल टीएमसी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। ममता बनर्जी के इस फैसले को कांग्रेस के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल, भाजपा के खिलाफ विपक्षी पार्टियों ने मिलकर इंडिया ब्लॉक बनाया है। इनमें कांग्रेस के साथ ही टीएमसी भी शामिल है। इसके बावजूद ममता बनर्जी ने कांग्रेस को सीधे तौर पर सियासी ठेंगा दिखा दिया है। बीते जनवरी महीने में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी (पश्चिम बंगाल) के चेयरमैन बीके हरिप्रसाद ने कहा था कि स्क्रीनिंग कमेटी की पहली बैठक हुई। उन्होंने बताया था कि पार्टी हाईकमान जल्द ही पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी नेतृत्व के साथ बैठक करेगा ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति को फाइनल किया जा सके। माना जा रहा था कि कांग्रेस को टीएमसी के साथ गठबंधन की उम्मीद थी।



**■ कहा: किसी से भी गठबंधन नहीं करेगी टीएमसी**

# अगस्ता वेस्टलैंड सेना के लिए फिर हेलीकॉप्टर करेगी सप्लाई

**■ भारतीय अफसरों को 360 करोड़ रिश्वत देने का था आरोप**

**नई दिल्ली।** इटली की कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड क्लीन चिट मिलने के पांच साल बाद फिर भारत के रक्षा क्षेत्र में एंट्री करने जा रही है।

यह वही कंपनी है, जिसका नाम बहुचर्चित वीवीआईपी हेलीकॉप्टर कांड से जुड़ा था। इसने करीब एक दशक तक भारतीय राजनीति को झकझोर दिया था। अगस्ता की पैतृक कंपनी लियोनार्डो के साथ अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस की डील को अंतिम रूप दिया जा चुका है। अडाणी ग्रुप के अनुसार इसकी औपचारिक घोषणा मंगलवार को होगी। लियोनार्डो कभी फिनमैकेनिका के नाम से जानी जाती थी। अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला 3,600 करोड़ का एक वीवीआईपी हेलीकॉप्टर खरीद घोटाला है।

# भारत ने टैरिफ में कटौती पूरी तरह से हासिल की: लिंडसे

नई दिल्ली, वार्ता

**अमेरिकी सीनेटर** लिंडसे ग्राहम ने सोमवार को कहा कि भारत ने भारत-अमेरिका के नए व्यापार समझौते के तहत घोषित आयात शुल्क में कटौती पूरी तरह से हासिल की है। उन्होंने इस कटौती को यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर रूस से तेल खरीद को लेकर भारत द्वारा किए गए पुनर्संतुलन से जोड़ा।

यूक्रेन युद्ध 24 फरवरी, 2026 को अपने पांचवें वर्ष में प्रवेश करेगा। श्री ग्राहम ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रणनीति की तारीफ करते हुए कहा कि रूसी ऊर्जा खरीदने वाले देशों पर आर्थिक दबाव काम करता दिख रहा है। उन्होंने भारत के साथ हालिया व्यापार समझौते की ओर इशारा किया, जिसके तहत अमेरिका ने भारतीय सामानों पर आपसी आयात शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प, बहुत बढ़िया। मुझे लगता है कि इस युद्ध को खत्म करने के बारे में आपका संदेश - पुतिन के उन ग्राहकों से जो उनकी युद्ध मशीन को मदद देने का काम कर रहे थे उन्हें सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा। सीनेटर ग्राहम ने दावा किया कि भारत के आचरण ने आयात शुल्क में कटौती को पूरी तरह जायज ठहराया है।



**■ अमेरिकी सीनेटर ने कटौती को यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर रूस से तेल खरीद को लेकर भारत द्वारा किए गए पुनर्संतुलन से जोड़ा**

### भारत-अमेरिका समझौते से रुपये में जबरदस्त तेजी

**मुंबई।** भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते की घोषणा से मंगलवार को अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपये में 121 पैसे की जबरदस्त तेजी देखने को मिली। पिछले कारोबारी दिवस पर 91.4950 रुपये प्रति डॉलर पर बंद होने वाली भारतीय मुद्रा मंगलवार को 119.50 पैसे की बढ़त के साथ 90.30 रुपये प्रति डॉलर पर खुली और 90.23 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुई। खबर लिखे जाते समय रुपया 121 पैसे की मजबूती के साथ 90.2850 रुपये प्रति डॉलर पर था।

## संक्षिप्त समाचार

### बुल्डोजर एक्शन पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

**प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद उत्तर प्रदेश में बुलडोजर के जरिए तोड़फोड़ जारी रहने की घटना पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। घरों और इमारतों को गिराने की दंडात्मक कार्रवाई जारी रहने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कोर्ट ऐसे कई मामलों का गवाह है, जहां अपराध होने के तुरंत बाद किसी रहने की जगह पर कब्जा करने वाले लोगों को तोड़ने का नोटिस जारी किया जाता है, उसके बाद कानूनी जरूरतों को पूरा करने का दिखावा करके उसे तोड़ दिया जाता है। जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की डबल बेंच ने फैमुद्दीन और दो अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

### ईडी की याचिका पर सुप्रीम को कोर्ट दस को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई 10 फरवरी तक के लिए टाल दी है। ईडी ने अपनी याचिका में पश्चिम बंगाल सरकार, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पूर्व पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार और अन्य अधिकारियों पर कोलकाता में राजनीतिक परामर्श फर्म इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पीएसी) के ऑफिस में एजेंसी की तलाशी अभियान में बाधा डालने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति विपुल एम-पंचोली की पीठ ने मंगलवार को ईडी की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से दायर किए गए काउंटर-शपथ पत्र का जवाब देने के लिए समय मांगने पर सुनवाई को 10 फरवरी तक के लिए टाल दिया।

### अर्थव्यवस्था से समझौता कर बीजेपी ने कितना कमीशन लिया: अखिलेश

# अमेरिकी बाजार खोलना किसानों से धोखा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर किसानों के हितों से खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि भारत के बाजार को अमेरिकी कृषि उत्पादों और खाद्यान्नों के लिए खोलना देश की खेती-किसानी पर निर्भर लगभग 70 प्रतिशत आबादी के साथ सीधा धोखा है। मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि आत्मनिर्भरता और स्वदेशी की बात करने वाली भाजपा जनता को बताए कि देश की अर्थव्यवस्था से समझौता कर उन्होंने कितना कमीशन लिया है। इस फैसले से केवल किसान ही



**केवल किसान ही नहीं, निम्न मध्यवर्ग और मध्यम वर्ग भी बुरी तरह प्रभावित होगा, कृषि उत्पादों में मुनाफाखोरी बढ़ेगी तथा बिचौलियों की नई जमात पैदा होगी: सपा**

नहीं, बल्कि निम्न मध्यवर्ग और मध्यम वर्ग भी बुरी तरह प्रभावित होगा, क्योंकि इससे खाद्यान्न और कृषि उत्पादों में मुनाफाखोरी बढ़ेगी तथा बिचौलियों की नई जमात पैदा होगी, जिससे रोजमर्रा की चीजें और महंगी होंगी। उन्होंने आशंका जताई कि विदेशी कंपनियों के प्रवेश से धीरे-धीरे किसानों की आय घटेगी और वे मजबूर होकर अपनी जमीन बड़े पूंजीपतियों व कारपोरेट घरानों को बेचने पर विवश होंगे। यह उसी किसान-विरोधी सोच की उपज है जिसने भू-अधिग्रहण जैसे कानून लाए और खाद के लिए किसानों को लाइन में लगाकर अपमानित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले बीज कंपनियों से, फिर पेस्टीसाइड कंपनियों से, साइलो निर्माण, फसल बीमा, न्यूनतम कीमत तय करने और फसल खरीद-फरोख्त तक हर स्तर पर कमीशनखोरी की जाएगी।

### फॉर्म-7 के जरिये 'एक करोड़ से ज्यादा वोट काटने' की साजिश में भाजपा : सपा

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एसआईआर प्रक्रिया के तहत फॉर्म-7 को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी फर्जी प्रिटेड फॉर्म के जरिए फर्जी शिकायत के आधार पर बड़े पैमाने पर पीडीए, खासकर मुस्लिम मतदाताओं के नाम कटवाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा-वार पेन ड्राइव में एक्सेल शीट के माध्यम से सूची भेजी गई हैं और करीब एक करोड़ 99 हजार 710 वोट हटाने की साजशि चल रही है। मंगलवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र में वोट सबसे बड़ा हथियार होता है, इसलिए भारत निर्वाचन आयोग को निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि फॉर्म-7 को लेकर पूरे प्रदेश से शिकायतें मिल रही हैं। इसी वजह से उन्हें लोकसभा छोड़कर लखनऊ आकर मीडिया से बात करनी पड़ी।यदि चुनाव आयोग इसमें असफल रहता है तो भाजपा का झंडा अपनी बिल्डिग पर लगा ले। अखिलेश यादव ने बड़े संख्या में भरे गए फॉर्म-7 को दिखाते हुए कहा कि इस धांधली को रोकने के लिए निर्वाचन आयोग को डाउनलोडेड फॉर्म के सत्यापन की व्यवस्था करनी चाहिए। हर कागजी फार्म पर निर्वाचन आयोग के होलोग्राम हो।

## यूपी के दस जिलों में गिरे ओले 26 जिलों में बारिश का अलर्ट

शााह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने अचानक करवट ले ली है। मंगलवार तड़के कानपुर, औरैया, जालौन समेत करीब 10 जिलों में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई।

उन्नाव, चित्रकूट और इटावा में करीब आधे घंटे तक ओलावृष्टि हुई, जिससे सड़कों पर बर्फ की सफेद चादर बिछ गई। बेमौसम बारिश और ओले गिरने से खेतों में खड़ी फसलें गिर गईं और किसानों को भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर और आसपास के इलाकों में बारिश के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। अचानक बदले मौसम के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। लोग घरों में दुबके रहे, जबकि जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोगों को छाता और रेनकोट का सहारा लेना पड़ा। वहीं, लखनऊ, अलीगढ़, मैनपुरी, बुलंदशहर समेत लगभग



**बदला मौसम, कई जिलों में दृश्यता शून्य**

20 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। बर्फीली हवाओं के कारण ठंड एक बार फिर बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक न्यूनतम तापमान गिरकर 6.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कई इलाकों में दृश्यता शून्य के करीब दर्ज की गई, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि प्रदेश के 26 जिलों में बारिश और 29 जिलों में भीषण घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। ऐसे में रात और सुबह की ठंड अभी और परेशान करेगी।

## केंद्र भारत-यूएस समझौते की संसद में दें जानकारी

### बसपा प्रमुख मायावती ने किया आग्रह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भारत और अमेरिका के बीच हुए समझौतों के बाद अमेरिका द्वारा 18 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने को लेकर कहा कि इस फैसले का वास्तविक असर जमीन पर लागू होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा, पर्याप्त जानकारी के अभाव में जल्दबाजी में कोई निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा।

मंगलवार को सोशल मीडिया पर जारी बयान में मायावती ने आशंका जताई कि इस तरह के कदमों का प्रभाव देश के बहुजन, गरीबों, मजदूरों, किसानों और महिलाओं पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यह जानना जरूरी है कि ऐसे अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक



निर्णयों से आम जनता को क्या लाभ या नुकसान होगा। मायावती ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि ऐसे महत्वपूर्ण विषयों पर संसद सत्र के दौरान विस्तृत जानकारी दी जाए, ताकि देशवासियों को सही-सही तथ्य मिल सकें और पारदर्शिता बनी रहे। उनका कहना था कि सरकार द्वारा समय रहते स्पष्ट विवरण प्रस्तुत करने से भ्रम की स्थिति समाप्त होगी और जनहित से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा संभव हो सकेगी।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के दबाव में उसके साथ व्यापार समझौता किया है, जिससे देश की स्थिति कमजोर हुई है।

श्री रमेश ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और यूरोपीय संघ के साथ हुए व्यापार समझौते का पूरा ब्यौरा संसद में रखा जाना चाहिए और इसपर विस्तृत चर्चा करवाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अमे. रिकी कृषि मंत्री ने भारत द्वारा कृषि आयात उदारीकरण का दावा किया है। इससे लगता है कि यह समझौता अमेरिका के दबाव में किया गया है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पाकिस्तान और उसके फील्ड मार्शल असीम मुनीर को खुलकर समर्थन करने का उल्लेख किया।

## पुलिस गोली न चलाए, तो क्या गोली खाए: योगी

### एनकाउंटर पर सवाल वालों को जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी पुलिस पर अपराधियों के खिलाफ पुलिस की मुठभेड़ की कार्रवाई को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे। अब इन सवालों का सीएम योगी जवाब दिया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने यूपी में अपराध को लेकर जीरो टॉलरेंस की अपनी नीति को फिर से स्पष्ट किया है।

सीएम योगी ने कहा कि अपरा. धियों के खिलाफ हमारी जो जीरो टॉलरेंस वाली नीति है, उससे समझौता नहीं किया जाएगा। लोग सवाल उठाते हैं कि पुलिस ने गोली क्यों मारी? तो क्या पुलिस गोली न मारे तो क्या गोली खाए। उन्होंने आगे कहा कि जो जिस भाषा में समझेगा, उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने तय किया है कि कानून सबके लिए बराबर हो, यहां



कोई अपना-पराया नहीं है। गलत करने वालों पर वही कठोर कानून लागू होगा, जो माफियाओं पर लागू होता है, हमारा प्रयास रहा है कि जो भी कार्रवाई हो कानून के दायरे में रहकर हो, लेकिन अगर अपराधी कानून से भयभीत नहीं है, तो उसे उसी की भाषा में समझाना जरूरी हो जाता है, जो भाषा उसे समझ जाती है। सीएम योगी ने कहा कि अगर अपराधी के पास गोली चलाने की स्वतंत्रता है,तो पुलिस के पास भी पिस्तौल है, उसे यह पिस्तौल इसलिए दिया गया है कि वह अपरा. धियों का डटकर मुकाबला करे। अपराधी जिस भी भाषा में समझता है, उसे उसी भाषा में जबाव दे सके।

### भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता दोनों के हक में: वैष्णव

**नई दिल्ली।** रेल, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को दोनों देशों के हक में बताते हुए कहा है कि दोनों देश प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गहन सहयोग करने की स्थिति में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच सोमवार को हुई टेलीफोन वार्ता के बाद श्री वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए लाभकारी है। इस समझौते से दोनों देशों के नागरिकों और उद्योगों को व्यापक लाभ होगा।ष्उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। वैष्णव ने कहा कि दोनों देश मिलकर ऐसी प्रौद्योगिकियां विकसित कर सकते हैं और ऐसे समाधान तैयार कर सकते हैं जिनसे विश्व को लाभ होगा।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 85871.73
निफ्टी 25727.55



सोना रु. 191945
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

**अर्थ व्यापार देश**



चांदी रु. 264559
प्रति किलो



## अमेरिका से व्यापार समझौते से झूमा शेयर बाजार, सेंसेक्स उछला

मुंबई, वार्ता

अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते की घोषणा से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखी गई और प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स 2,072. 67 अंक (2.54 प्रतिशत) चढ़कर 83,739.13 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स 3,656.74 अंक की तेजी में 85,323.20 अंक पर खुला और कुछ ही देर में 4,205 अंक चढ़कर 85,871.73 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 639.15 अंक यानी 2.55 प्रतिशत चढ़कर 25,727.55 अंक पर बंद हुआ। सुबह के समय यह ऊपर 26,341.20 अंक तक चढ़ा



था। दोनों सूचकांकों का यह तीन सप्ताह का उच्चतम स्तर है। चौतरफा लिवाली के बीच सभी सूचकांकों में अच्छी मजबूती देखी गई। मझौली कंपनियों वाले निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक में 2.80 फीसदी और स्मॉलकैप.100 सूचकांक में 2.82 प्रतिशत की तेजी रही। रुपये में रहे उछाल से भी शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजबूत हुई। भारतीय मुद्रा फिलहाल 121.75 पैसे चढ़कर 90.2775 रुपये प्रति डॉलर पर है। ऑटो, फार्मा, बैंकिंग, वित्त, रियलटी, स्वास्थ्य और रसायन समेत सभी सेक्टरों के सूचकांकों में बड़ी तेजी देखी गई। भ्समझौते के साथ अच्छे तिमाही परिणाम आने से अडानी पोर्ट्स का शेयर नौ प्रतिशत से ज्यादा उछल गया। बजाज फाइनेंस में साढ़े छह प्रतिशत और इंडिगो में साढ़े पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। पावरग्रिड, सनफार्मा और बजाज फिनसर्व में चार से पांच प्रतिशत के बीच तेजी रही। कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस, भारती एयरटेल, इंफोसिस और एशियन पेंट्स में एक से दो प्रतिशत के बीच तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईटीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी हरे निशान में रहे। टेक महिंद्रा में गिरावट रही।

### गिरावट के बाद सोना और चांदी ने पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी के दाम में पिछले 5 दिनों से रिकॉर्ड गिरावट के बाद मंगलवार को उछाल देखा गयाा है। दोपहर बाद करीब 4 बजे मार्च डिलीवरी वाली चांदी 28,298 रुपये बढ़कर 2,64,559 रुपये प्रति किलो के पार पहुंच गई। इससे पहले शाम तीन बजे चांदी की कीमत 29,621 रुपये बढ़कर 2,65,882 रुपये प्रति किलो पर थी। दूसरी ओर अप्रैल डिलीवरी वाले सोने का भाव 7,954 रुपये तक चढ़कर 1,51,945 रुपये 10 ग्राम के पार पहुंच गया है। यहां 22 कैरेट की कीमत 1.42 लाख के पार निकल गई है, चांदी ने 3 लाख प्रति किलो का बड़ा आंकड़ा छू लिया है। यहां 22 कैरेट सोने का भाव 1,42,700 प्रति 10 ग्राम और चांदी 300000 प्रति किलो बिकी।

## चावल, चीनी और दालें रहीं महंगी, खाद्य तेलों में रही घटबढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ दालें और चीनी भी महंगी हुई जबकि गेहूं के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर रहे। वहीं, खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत तीन रुपये बढ़कर 3,851 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,859 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा भी आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 24 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल 21 रुपये और उड़द दाल 10 रुपये महंगी हुई। मूंग दाल सात रुपये और चना दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 16 रिंगिट टूटकर 4,213 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 2.48 प्रतिशत की तेजी में 54.52 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल औसतन 63 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। पाम ऑयल की कीमत 24 रुपये और सूरजमुखी तेल की 18 रुपये बढ़े। मूंगफली तेल में 16 रुपये और वनस्पति में 13 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। सरसों तेल 22 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल चढ़े। चीनी की कीमत भी सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई।

दाल.दलहनः दाल चना 7808.23 रुपये, मसूर काली 8128.18 रुपये, मूंग दाल 10128.18 रुपये, उड़द दाल 10563.94 रुपये, तुअर दाल 10922.82 रुपये प्रति क्विंटल । अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटल ऋ गेहूं दड़ा 2859.30 रुपये और चावल 3850.71 रुपये प्रति क्विंटल । आटा द्धगेहूंऋ 3309. 74 रुपये प्रति क्विंटल । चीनी.गुड़ : चीनी एस 4294.38 रुपये और गुड़ 4998.85 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17640.61 रुपये, मूंगफली तेल 18072.53 रुपये, सूरजमुखी तेल 16292.58 रुपये, सोया तेल 13948.40 रुपये, पाम ऑयल 12618.52 रुपये और वनस्पति 14544.95 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**धामी सरकार...**

थी। डा. पराग ने बताया कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार उक्त बोर्ड में प्रोफेसर विद्वान को मनोनीत किया गया है जोकि अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक पाठ्यक्रम निर्धारित करेगी। इसमें सभी अल्पसंख्यक समुदाय के शिक्षाविदों को शामिल किया गया है। डा. पराग ने बताया कि इसमें डा.सुरजीत सिंह गांधी को अध्यक्ष, प्रोफेसर राकेश जैन, डा. सैयद अली हमीद, प्रो. पेमा तेनजिन , डा. एल्बा मेड्रिले, प्रोफेसर रो. बिना अमन,प्रो. गुरमीत सिंह को सदस्य बनाया गया है। साथ ही समाज सेवी राज. ेंद्र बिष्ट और सेवानिवृत अधिकारी चंद्रशेखर भट्ट भी सदस्य होंगे। निदेशक महाविद्यालय शिक्षा, निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान, निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण भी सदस्य सूची में रहेंगे।

**मेटा-व्हाट्सएप...**

किया जा सके। न्यायालय ने कहा कि एक बुजुर्ग महिला, सड़क किनारे सामान बेचने वाला व्यक्ति, केवल तमिल जैसी किसी क्षेत्रीय भाषा को समझने वाला नागरिक या ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले व्यक्ति से इस तरह की जटिल शर्तों के निहितार्थ को समझने की अपेक्षा नहीं की जा सकती। सूचित सहमति के महत्व पर जोर देते हुए न्यायालय ने कहा कि नागरिकों के निजता अधिकारों में किसी भी प्रकार की कटौती अस्वीकार्य है। पीठ ने व्हाट्सएप की डेटा साझा करने की प्रक्रिया की तुलना चोरी करने के एक सभ्य तरीके से करते हुए मामले की गंभीरता का उल्लेख किया। सुप्रीम कोर्ट, राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय अधिकरण (एनसीएलएटी) के आदेश के खिलाफ व्हाट्सएप की अपील पर सुनवाई कर रहा था। पीठ ने संकेत दिया कि वह इस अपील पर तभी विचार करेगी, जब व्हाट्सएप स्पष्ट और बिना शर्त यह लिखित आश्वासन देगा कि वह विज्ञापन या किसी अन्य व्यावसायिक उद्देश्य से यूजर्स का डेटा मेटा के साथ साझा नहीं करेगा। मुख्य न्यायाधीश ने दो. हराया, किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के व्यापारिक हितों के लिए नागरिकों की निजता से समझौता नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने इस मामले में 10 फरवरी को अगले आदेश पारित करने की बात कही है।

## यूपी में 4,000 मदरसों को कथित विदेशी फंडिंग की जांच अंतिम चरण में

शााह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में करीब 4,000 मदरसों को कथित तौर पर विदेशी फंडिंग मिलने के मामले की जांच अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। अधिकारियों के मुताबिक जांच एजेंसियां रिपोर्ट को अंतिम रूप दे रही हैं, जिसे जल्द ही राज्य सरकार को सौंपा जाएगा।

दूसरी तरफ जांच के आगे बढ़ने के साथ ही मुस्लिम धर्मगुरुओं ने इस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा है कि अवैध फंडिंग की जांच सभी शैक्षणिक संस्थानों में समान रूप से होनी चाहिए, न कि सिर्फ मदरसों तक सीमित रहे। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक अंकित कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस मामले में एक से अधिक जांच चल रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच टीम द्धएसआईटी ऋ जिसकी अगुवाई एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड के पुलिस महानिरीक्षक

**सभी संस्थानों की जांच होनी चाहिए: धर्मगुरु**

कर रहे हैं, जल्द ही अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले नौ जनवरी को यूपी अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय ने सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को पत्र भेजकर जांच से संबंधित दिशा-निर्देश दिए थे। पत्र में कहा गया था कि मामले की जांच यूपी एटीएस कर रही है और सभी मदरसों के बैंक खातों, लेन-देन और फंडिग क्ेातों का सत्यापन कर दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए थे। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया था कि कई स्थानों पर बड़े-बड़े मदरसे बनाए गए हैं, जिनके आय क्ेात और वित्तीय विवरण स्पष्ट नहीं हैं। ऐसे मदरसों के विदेशी फंडिंग से जुड़े होने की आशंका जताई गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि वे अपने-अपने जिलों में संचालित मदरसों को मिलने वाली सभी प्रकार की फंडिग का ब्योरा उपलब्ध कराएं। इस बीच धर्मगुरुओं ने जांच के दायरे को लेकर आपत्ति जताई है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्यकारिणी के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि मदरसों और स्कूलों के लिए समान कानून होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकांश मदरसे दान के सहारे चलते हैं, जहां लोग शिक्षकों के वेतन और छात्रों के भोजन के लिए छोटी-छोटी रकम देते हैं। कई मदरसे मुफ्त शिक्षा देकर देश की साक्षरता दर बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं, हालांकि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि का कोई स्थान नहीं है। वहीं, संगठन के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि विदेशी या अवैध फंडिग की जांच पूरी तरह जायज है, लेकिन यह सिर्फ मदरसों तक सीमित न रहकर अन्य शैक्षणिक संस्थानों तक भी होनी चाहिए।

## टैरिफ में कटौती से सहारनपुर काष्ठ उद्योग में जश्न, जताया आभार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने के निर्णय को यहां के काष्ठ कला उद्योग के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है।

फैसले के बाद सहारनपुर के काष्ठ कला कारोबारियों और कारीगरों ने दीपावली जैसा उत्सव मनाते हुए केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। करीब सात से आठ हजार करोड़ रुपये वार्षिक कारोबार वाले सहारनपुर के विश्वविख्यात काष्ठ हस्तशिल्प उद्योग पर पिछले आठ-नौ महीनों से संकट के बादल मंडरा रहे थे। अमेरिका द्वारा टैरिफ 50 प्रतिशत किए जाने के बाद निर्यात बुरी तरह प्रभावित हुआ और कई निर्यातक आर्थिक दबाव में आ गए। उद्यमियों का कहना है कि अमे. रिका भारतीय हस्तशिल्प उत्पादों का सबसे बड़ा खरीदार है और उसकी मांग में गिरावट का सीधा असर स्थानीय उद्योग पर पड़ा। सहारनपुर की प्रमुख निर्यातक फर्मों के प्रतिनिधियों ने कहा कि टैरिफ में कटौती से कारोबार को नई गति मिलेगी और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा की स्थिति मजबूत होगी। उनका मानना है कि अमेरिका के साथ व्यापारिक संबंधों में सुधार से यूरोपीय बाजार में भी दबाव कम होगा। कारीगरों ने इसे उद्योग के पुनर्जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में निर्यात फिर से रफ्तार पकड़ेगा और रोजगार मिलेगा।

# कानून के राज में ट्रस्ट, ट्रांसफॉर्मेशन और टाइमली डिलीवरी बनी यूपी की पहचानः सीएम



सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में वैश्विक निवेशकों एवं उद्यमियों के महासंगम 'उत्तर प्रदेश फार्मा कॉन्क्लेव 1.0' का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को होटल ताज में आयोजित वैश्विक निवेशकों एवं उद्यमियों के महा. संगम 'उत्तर प्रदेश फार्मा कॉन्क्लेव 1.0' का शुभारंभ करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज केवल एक राज्य नहीं, बल्कि निवेशकों के लिए भरोसे की गारंटी बन चुका है। प्रदेश सरकार हर निवेशक को ट्रिपल-एस यानी सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड की पूर्ण गारंटी देती है और उत्तर प्रदेश आज ट्रस्ट, ट्रांसफॉर्मेशन और टाइमली डिलीवरी का रोल मॉडल बनकर उभरा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में रूल ऑफ लॉ पूरी मजबूती से लागू है। कानून से खिलवाड़ करने की छूट किसी को नहीं है। यदि कोई कानून को आंख दिखाने की कोशिश करता है, तो कानून अपने दायरे में लाकर उसे उसकी ही भाषा में जवाब देता है। यह नया उत्तर प्रदेश है, जहां व्यवस्था कमजोर नहीं, बल्कि निर्णायक है।मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में 2017 से पहले की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौर में उत्तर प्रदेश असुरक्षा, अराजकता और अविश्वास का पर्याय बन चुका था। वर्ष 2012 से 2017 के बीच प्रदेश में 900 से अधिक दंगे हुए। शायद ही कोई शहर रहा हो, जहां कर्फ्यू न लगा हो। उद्योग, व्यापार और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों को गुंडा टैक्स देना पड़ता था। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज डी-रेगुलेशन रैंलकग में देश में नंबर वन है और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में टॉप अचीवर बन चुका है। डी-क्रिमिनलाइजेशन के तहत 13 राज्य अधिनियमों में मौजूद आपराधिक प्रावधानों को समाप्त किया गया, ताकि उद्योग बिना भय और बाधा के कार्य कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में लगभग 14,000 कारखाने कार्यरत थे, जो आज बढ़कर 30,000 से अधिक हो चुके हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि डबल इंजन सरकार डबल स्पीड से काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को फार्मास्यूटिकल मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन का अग्रणी केंद्र बनाने के लिए ठोस नीति और स्पष्ट विजन के साथ कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) के माध्यम से उत्तर प्रदेश ने 'लोकल को ग्लोबल' बनाने का सफल मॉडल प्रस्तुत किया है। आज मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में देश का लगभग 55 प्रतिशत और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स में 60 प्रतिशत उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश में हो रहा है। बमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निवेशकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है। यहां जीरो पॉलिटिकल इंटरफेयर, पारदर्शी नीतियां और समयब) इंसेंटिव वितरण सुनिश्चित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फार्मा कॉन्क्लेव उसी संकल्प का हिस्सा है, जिसके तहत उत्तर प्रदेश को फार्मा सेक्टर में मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन हब के रूप में स्थापित किया जाएगा। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, एमएसएमई विभाग के मंत्री राकेश सचान, औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी, राज्यसभा सदस्य एवं रामकी ग्रुप के फाउंडर अयोध्या रामी रेड्डी, नीति आयोग के सदस्य डॉक्टर विनोद कुमार पॉल, सन फार्मा के चेयरमैन दिलीप सांघवी, जाइडस लाइफ साइंसेज के चेयरमैन पंकज पटेल, मैनकाइंड फार्मा के चेयरमैन रमेश जुनेजा, डॉक्टर रेड्डीज लैबोरेटरीज के चेयरमैन सतीश रेड्डी, टोरेंट फार्मा के वाइस चेयरमैन जीनल मेहता, एमएसएन लैब के चेयरमैन एमएनएस रेड्डी तथा संदीप जैन, वी ख्रष्ण मोहन, आदित्य वर्मा, अमिताभ दुबे समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# स्वर्णिम इतिहास का साक्षी है बलरामपुर चिकित्सालयः पाठक

## डिप्टी सीएम ने चिकित्सालय के 157वें स्थापना दिवस के अवसर पर डायलिसिस यूनिट, सोलर पैनल एवं वार्ड 11 में नवीन लिफ्रट का किया लोकार्पण



**मोहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** बलरामपुर चिकित्सालय के 157 स्थापना दिवस के अवसर पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि इतिहास का साक्षी है। यह चिकित्सालय 157 वर्षों के इतिहास को खुद में समेटे हुए है।

यहां अभी का अत्याधुनिक तरीके से उपचार होता है। उन्होंने बलरामपुर चिकित्सालय परिसर में डायलिसिस यूनिट, सोलर पैनल एवं वार्ड 11 में नवीन लिफ्ट का लोकार्पण भी किया। मंगलवार को बलरामपुर चिकित्सालय के 157वें स्थापना दिवस समारोह को संबो. धित करते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि यह चिकित्सालय न केवल उत्तम चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है, बल्कि नह्नसग और अन्य चिकित्सा पाठड्क्रमों के लिए भी एक प्रमुख व उत्ख्रष्ट केंद्र के रूप में चिकित्सा शिक्षा प्रदान करता है। चिकित्सालय ने काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यहां पूर्व प्रधानमंत्री, अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व मुख्यमंत्री रामप्रकाश गुप्ता सहित तमाम हस्तियों का इलाज हुआ है।

यहां के चिकित्सक 157 वर्षों के स्वलणम इतिहास को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को लगातार अपग्रेड किया जा रहा है। डिप्टी सीएम ब्रज. ेश पाठक ने कहा कि चिकित्सालय में टीम भावना के साथ काम होता है। यहां चिकित्सक हर मरीज को अपने परिवार का हिस्सा मान कर कार्य करते हैं। इस अवसर पर राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, महानिदेशक, परिवार कल्याण डॉ. पवन कुमार अरुण, महानिदेशक, प्रशिक्षण डॉ. एचडी अग्रवाल, निद. ेशक, बलरामपुर चिकित्सालय डॉ. कविता आर्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ डॉ. एनबी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, बलरामपुर चिकित्सालय डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी, चिकित्सा अधीक्षक, बलरामपुर चिकित्सालय डॉ. देवाशीष शुक्ला, निदेशक, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल डॉ. कजली गुप्ता, मेडिकल सुपरिटेंडेंट, लोकबंधु श्रीराज नारायण संयुक्त चिकित्सालय डॉ. एएस त्रिपाठी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# केंद्रीय बजट 2026-27 देश के भविष्य का रोडमैपः पंकज चौधरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर की गई कॉन्फ्रेंस में कहा कि केंद्रीय आम बजट देश के भविष्य के लिए रोड मैप साबित होगा। प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर प्रेस कर रूबरू होते हुए प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 देश के भविष्य का रोडमैप हैं। इससे विकास के नए रास्ते खुलेंगे देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का विकास दिन दूना हो रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल देश के विकास को समलपत है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह देश का सबसे बड़ा पहला बजट है। उन्होंने कहा कि इस बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर पर बड़ा फोकस हैं वही अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदेश प्रदान करने वाला यह बजट साबित होगा। इस बजट में देश को मिलेंगी 7 नई हाई-स्पीड ट्रेनें देने का प्रावधान किया गया है।परिवहन व्यवस्था होगी और तेज व आधु. निक होगी।चुनिंदा शहरों को इकोनॉमिक हब बनाने की तैयारी हैं।इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन भारत की बड़ी ताकत हैं। सेमीकंडक्टर के लिए विदेशों पर निर्भर नहीं रहेगा । सेमीकंडक्टर सेक्टर में ठोस बजटीय प्रावधान हैं।प्लग एंड प्ले मॉडल पर नए औद्योगिक पार्क बनेंगे। देश में ही शिलपग कंटेनर बनाने को 20 हजार करोड़ का प्रावधान है।कंटेनर निर्माण से आयात पर निर्भरता कम होगी और उद्योग नगरी के पास खुलेंगे 5 नए विश्वविद्यालय। कस्टम डड्यूटी में बड़ी कटौती, व्यापार को राहत प्रदान की जाएगी जिससे कि उद्योग और निवेश को बढ़ावा मिलेगा ।उन्होंने कहा कि किसानों के लिए ।ᑭ आधारित योजनाएं बजट में शामिल हैं। नई तकनीक से खेती को नया आयाम मिलेगा जिससे कि 2047 के विक. सित भारत के लक्ष्य पर केंद्रित बजट हैं।

# स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम विषयक पर संगोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ महानगर व एनएसएस आईटी कॉलेज सीता. पुर रोड,लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन, मुख्य वक्ता में अभाविप के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोद्गराज शरण शाही, कार्यक्रम अध्यक्ष आईटी के निद. ेशक प्रोद्व विनीत विनीत कंसल, विशिष्ट अतिथि कुंवर ग्लोवल स्कूल के निदेशक पार्थ सिंह, स्वागत अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, अभाविप लखनऊ महानगर उपाध्यक्ष विजय लोधी, महानगर मंत्री सरिता पांडे ने एक साथ ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।




युवाओं को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन ने कहा प्राचीन काल में मनोरंजन और शक्ति प्रदर्शन के लिए अस्त्र शस्त्र चलाने संबंधी आयोजन तथा पशुओं के साथ शक्ति प्रदर्शन किए जाते थे। अति सर्वत्र वर्जयेतह ख्र किसी भी चीज की अति खराब होती है,यह कहावत सदियों से चली आ रही है और आज भी उतनी ही सच है। चाहे भावनाएं हों, संसाधन हों या आदतें, संतुलन बिगड़ते ही नुकसान शुरू हो जाता है।

आज के युग में स्मार्टफोन सुविधा है, लेकिन इसकी अति 'डिजिटल एडिक्शन' बन चुकी है। विशेषज्ञों के मुताबिक, स्क्रीन टाइम की अधिकता मानसिक तनाव और नींद की कमी का मुख्य कारण है। लंबे समय तक स्क्रीन देखने से डिजिटल आई स्ट्रेन या 'कंप्यूटर विजन सिंड्रोम' हो सकता है, जिसके लक्षणों में आंखों में सूखापन, मजलन, धुंधली ख्रष्टि और सिरदर्द अधिक होने की संभावना रहती हैं। मुख्य वक्ता विशेष आमंत्रित सदस्य व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एबीवीपी प्रोद्गराज शरण शाही ने उपस्थित युवा तरुणाई को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात हम सब की भारत को विश्व गुरु बनाने की इच्छा थी कि आजादी के बाद से ही भारत को पुनः 'विश्व गुरु' के पद पर आसीन करने की आकांक्षा हर भारतीय के हृदय में रही है। प्राचीन काल में भारत अपनी शिक्षा प्रणाली (नालंदा, तक्षशिला), आध्यात्मिक दर्शन और वैज्ञानिक उपलब्धियों के कारण पूरे विश्व का मार्गदर्शन करता था। सीखने की इच्छा का अभावः प्रसिद्ध दार्शनिक सुकरात के अनुसार, असली अज्ञानता यह नहीं है कि आप कुछ नहीं जानते, बल्कि यह है कि आप 'यह मानते हैं कि आप जानते हैं' जबकि आप नहीं जानते। विकास में बाधक जैसा कि आपने 'विश्व गुरु' और शिक्षा नीतियों की बात कीख्रअज्ञानता ही वह अंधकार है जो प्रगति को रोकता है। शिक्षा का मूल उद्देश्य सा विद्या या विमुक्तये (विद्या वही है जो मुक्त करे) अज्ञानता के बंधनों को काटना ही है। कार्यक्रम की प्रस्तावना अभाविप लखनऊ महानगर उपाध्यक्ष विजय लोधी ने रखी तथा आभार ज्ञापन कार्यक्रम अध्यक्ष प्रोद्वविनीत कंसल ने युवाओं के समक्ष अपने जीवन के अनुभव को साझा करते हुए किया।मंच संचालन महानगर मंत्री सरिता पांडे ने किया। गौरा त्रिपाठी ने वन्देमातरम व देश भक्ति गीत गाकर उपस्थित युवा तौरुनाई को मंत्रमुग्ध किया । स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम विषयक इस संगोष्ठी में एबीवीपी अवध प्रांत मंत्री अर्पण कुशवाहा ,प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी,महानगर विभाग संगठन मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई सहित तमाम छात्र शक्ति उपस्थित रही।

# खराब मौसम में भी मिनिमम गारंटी की मांग को लेकर डटे रहे कोटेदार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कोटेदारों का आज 7वें दिन धरना प्रदर्शन खराब मौसम में भी भरी हुंकार लाभांश बढ़ाने और मिनिमम गारन्टी की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र। उत्तर प्रदेश लखनऊ के उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

कोटेदारों के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री को एक पत्र प्रेषित कर अन्य राज्यों की तर्ज पर लाभांश बढ़ाने और सम्मानजनक मिनिमम इनकम गारन्टी निर्धारित करने की पुरजोर मांग की है।

प्रमुख मांगें और नाराजगी के कारण पत्र में कोटेदारों ने अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया है अल्प लाभांशः- वर्तमान में उत्तर प्रदेश के कोटेदारों को मात्र रु0 90 प्रति क्विंटल लाभांश मिलता है, जो कि बढ़ती महंगाई के दौर में परिवार चलाने के लिए अत्यंत कम है। बबकोरोना काल की सेवाएं को कोटेदारों ने याद दिलाया कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के समय उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत ईमानदारी से निःशुल्क राशन वितरण किया, जिसकी सराहना केंद्र सरकार ने भी की थी। आंदोलन की चेतावनीः- पत्र के अंत में कोटेदारों ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया, तो वे चुप नहीं बैठेंगे, उन्होंने कहा है कि ह्यदि हमारी मांगें पूरी नहीं हुईं, धरने में मुख्य रूप से राजेश तिवारी प्रदेश अध्यक्ष आल इण्डियन फेयर प्राइश शॉप डीलर ऐसोसिएशन व अशोक मेहरोत्रा प्रदेश अध्यक्ष उ0प्र0 सस्ता गल्ला विक्रता परिषद व आज के धरना प्रदर्शन के अध्यक्ष विजयराय व अशोक सिंह, सत्यपाल, अन्शुल अग्रवाल, आनन्द सिंह, हरिहर प्रसाद, आर0डी0 गोस्वामी, तेजपाल सिंह आदि लोग हजारों की संख्या में मौजूद रहे।

# टैरिफ घटाए जाने पर प्रधानमंत्री मोदी को व्यापारियों ने दी बधाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 504 टैरिफ को घटाकर 184 किए जाने पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने खुशी जाहिर करते हुए इसे भारत की जीत, भारत के व्यापारियों एवं जनता के जीत बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी।



व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा भारत से अमेरिका 129 अरब डॉलर का माल जाता है ऐसे में टैरिफ लगाए जाने से अमेरिका की जनता को ज्यादा नुकसान हो रहा था भारत ने अभी कुछ दिन पूर्व यूरोपीय संघ से एफडीए के अंतर्गत एग्रीमेंट किया जिसका भरपूर दबाव अमेरिका पर पड़ा साथ ही साथ भारत के व्यापारियों ने 50 अन्य देशों से व्यापार करना शुरू कर दिया। जिसके कारण अमेरिका पर चौतरफा दबाव पड़ा उन्होंने कहा निश्चित रूप से भारत और अमे. रिका पुराने व्यापारी साथी हैं ऐसे में टैरिफ कम किए जाने से भारत के व्यापारियों को भी लाभ होगा एवं अमेरिका की जनता को भी सामान सस्ता मिलेगा उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी और उन्होंने भारत के व्यापारियों को भी बधाई दी जो देश की सरकार के साथ के साथ खड़े रहे तथा सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम किया उन्होंने बताया भारत से बासमती चावल, मसाले,दाले, चमड़ा ,आईटी सेवाएं, लोहा, हीरे जवाहरात सहित अनेक उत्पाद जाते हैं।

## उप्र फार्मा सेक्टर में बनेगा वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हबः नड्डा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि उत्तर प्रदेश फार्मा और हेल्थकेयर सेक्टर में भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने वाला प्रमुख राज्य बनकर उभर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश जिस उद्यमिता और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, उसमें उत्तर प्रदेश की भूमिका निर्णायक है। ललितपुर में विकसित हो रहा बल्क ड्रग फार्मा पार्क, यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क और राज्य की फार्मास्यूटिकल नीति-2023, उत्तर प्रदेश को विश्वसनीय मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

# भाजपा विधायक के समर्थकों का विरोध प्रदर्शन, अजय राय मांगें माफी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सरोजनीनगर से भाजपा विधायक एवं पूर्व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डॉ. राजेश्वर सिंह को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा की गई टिप्पणी के विरोध में भाजपाई कार्यकर्ताओं ने अजय राय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनसे माफी मांगने का मुतालबा किया। अजय राय के बयान के विरोध में डॉ. राजेश्वर सिंह के समर्थकों ने लखनऊ में विरोध प्रदर्शन किया।

यह प्रदर्शन शहीद पथ तिराहा, कानपुर रोड स्थित होटल हॉलिडे इन के सामने आयोजित किया गया, जहां सुबह 11 बजे से ही बड़ी संख्या में समर्थक जुटने लगे। प्रदर्शन के दौरान समर्थकों ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनकी टिप्पणी की कड़ी निंदा की और तत्काल सार्वजनिक माफी की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि एक जिम्मेदार राजनीतिक पद पर बैठे व्यक्ति को इस तरह की भाषा और आरोपों से बचना चाहिए। प्रशासन सतर्क, हालात पर नजर प्रदर्शन के दौरान स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी अप्रिय घटना की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन माहौल को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। अजय राय ने एक सार्वजनिक बयान में डॉ. राजेश्वर सिंह पर प्रदेश और देश को 'लूटने' जैसे गंभीर आरोप लगाए, जिसे भाजपा नेताओं और समर्थकों ने पूरी तरह निराधार, आपत्तिजनक और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित करार दिया है। अजय राय ने अपने बयान में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को लेकर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि इसका इस्तेमाल डराने के लिए किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने डॉ. राजेश्वर सिंह की पूर्व सेवाओं से जुड़ी एजेंसी को लेकर भी बिना किसी ठोस प्रमाण के आरोप लगाए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के इस बयान को भाजपा ने न सिर्फ एक जनप्रतिनिधि की छवि धूमिल करने की कोशिश बताया है।

# उप्र में दावा अधिकरणों के अध्यक्ष पद पर नई नियुक्तियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक तथा निजी सम्पत्ति क्षति वसूली नियमावली, 2020 के नियम-9(9) के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा दावा अधिकरणों के अध्यक्ष पद पर नियुक्तियों को स्वीख्रति प्रदान की गई है। नियमों के अनुसार, सरकार द्वारा संस्तुत अभ्यर्थियों की विश्वसनीयता एवं पूर्ववृत्तों का सत्यापन कराए जाने के उपरांत यह नियुक्तियां की गई हैं। जारी आदेश के अनुसार, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को विभिन्न दावा अधिकरणों का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्त किए गए अधिकारियों का विवरण इस प्रकार है। हरिनाथ पाण्डेय, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, को लखनऊ दावा अधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव, सेवा. निवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, को प्रयागराज दावा अधिकरण का अध्यक्ष बनाया गया है। लड्डू सिंह, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, को मेरठ दावा अधिकरण के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# भ्रष्टाचार पर प्रहार विशेषांक व्यापार पत्रिका का विमोचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल का मुखपत्र व्यापार पत्रिका का भ्रष्टाचार पर प्रहार विशेषांक का विमोचन आज दारूल शफ़ा स्थित संगठन के मुख्यालय पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, मंगलमान अभियान के संयोजक केकेवी के भौतिक शास्त्र विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर रामकुमार तिवारी, स्वदेशी जागरण मंच के पूर्वी उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री अनुपम श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, महानगर अध्यक्ष सुरेश छबलानी की अगुवाई में किया गया।

इस अवसर पर व्यापारियों को संबोधित करते हुए संदीप बंसल ने कहा कि अब व्यापारी को भ्रष्टाचार से समझौता करने की प्रवृत्ति को त्यागना होगा। जब संगठन और सरकार दोनों ही पारदर्शितापूर्ण तरीके से ईमानदारी के पक्ष में है तो गलत मार्ग अपनाने की आवश्यकता नहीं है ना ही व्यापार में और ना ही निर्माण में यानी कि उद्योग में इसलिए अब आवश्यकता है कि व्यापारी उद्यमी संगठन और सरकार पर भरोसा करते हुए

इस भ्रष्टाचार की परिपाटी को पूर्णता समाप्त करें। सभा को संबो. धित करते हुए प्रोफेसर रामकुमार तिवारी ने कहा कि भ्रष्टाचार समाज का कोढ़ है और इससे बचाव के लिए सिर्फ उद्यमी और व्यापारी की पहल समाज में एक बड़ा परिवर्तन ला सकती है

क्योंकि सरकारी महकमों को सबसे आसान निशान और उद्योग जगत ही मिलता है यदि उद्योग और व्यापार जगत भ्रष्टाचार के विरुद्ध संकल्पित हो जाए तो इस भ्रष्टाचार को पनपने से हर हाल में रोका जा सकता है। स्वदेशी जागरण मंच के संयोजक पूर्वी क्षेत्र अनुपम श्रीवास्तव ने कहा देश की उन्नति का रास्ता भ्रष्टाचार मुक्त समाज से निकलेगा इसलिए हर हाल में भ्रष्टाचार पर नियंत्रण हो ऐसी ही योजनाएं सरकार को भी बनानी चाहिए।

इस अवसर पर वाणिज्य कर विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी आलोक गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग, मुकेश नाग, अनुज गौतम, कामेंद्र सिंह, पतंजलि सिंह, सनत गुप्ता, बलजीत मोदी, संजयनिधि अग्रवाल, रंजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उद्यमी तथा समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स

में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।

नोटः इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।

मौहम्मद जान तुर्की,
ब्यूरो चीफ लखनऊ

कार्यालयः 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
Mob. 8630533498
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सब्जी विक्रेता को दरोगा ने दी धमकी

## एसडीएम ने एसओ को दिये जांच के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** ब्लाक कार्यालय के सामने सब्जी बेचने वाली एक गरीब महिला ने एसडीएम दरबार में पहुंचकर पुलिस दरोगा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता पारूल सैनी पत्नी प्रशांत, निवासी ग्राम रामपुर तगा थाना धनौरा ने बताया कि वह अत्यंत गरीब व मजदूर वर्ग से है और अपने परिवार की रोजी-रोटी के लिए एक सप्ताह से ब्लाक धनौरा के सामने किराये की दुकान लेकर हरी सब्जी बेच रही है।

महिला का आरोप है कि मंगलवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे एक दरोगा उसकी दुकान पर आया और बिना किसी कारण उसके पति से अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर दरोगा ने पति-पत्नी को सब्जी बेचने से रोकने और झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दी। इससे घबराकर पीड़िता एसडीएम दरबार में शिकायत लेकर पहुंची। पीड़िता ने कहा कि यदि उसे सब्जी बेचने से रोका गया तो उसका परिवार भूखमरी की कगार पर आ जाएगा। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने थाना अध्यक्ष धनौरा को पूरे प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी और किसी गरीब को बेवजह परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

# मन्दिरों व मार्गों पर चलेगा विशेष सफाई अभियान

## शिवभक्तों को सुरक्षित वातावरण देगी नगर पालिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी अरुण यादव एवं नगर स्वच्छता प्रेरक सिम्मी अग्रवाल ने पालिका कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर में आने वाले शिवभक्तों को स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व के दौरान नगर के प्रमुख मार्गों एवं शिव मंदिरों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मंदिरों तक जाने वाले रास्तों की नियमित सफाई के साथ प्रकाश व्यवस्था भी दुरुस्त रखी जाए, ताकि रात्रि जागरण व पूजा-अर्चना में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर स्वच्छता प्रेरक सिम्मी अग्रवाल ने कहा कि महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में शिवभक्त नगर के मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए आते हैं, ऐसे में नगर पालिका की ओर से कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी। प्रमुख स्थलों पर पानी के टैंकर, अस्थाई शौचालय तथा खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को बदलने का कार्य समय से पूरा कराया जाएगा। वरिष्ठ लिपिक उमेश सिंह, लेखाकार सोनू पिवाल एवं अवर अभियंता ने कहा कि शिवभक्तों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।





# मारपीट के मामले में चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर के मोहल्ला लालबाग में एक युवक और उसकी पत्नी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने चार पड़ोसियों पर गाली-गलौज, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला निवासी शाहरुख पुत्र शकील अहमद के अनुसार बीती शाम करीब 7 बजे उनके पड़ोस में रहने वाले रिजवान, फैजान, जिशान पुत्रगण मुन्ना मियां पत्नी बानो ने उनके घर के पास आ गये। आरोप है कि बिना किसी विवाद के आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्होंने शाहरुख को घेर लिया और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर शाहरुख की पत्नी आफरीन, पड़ोसन बिपल (लपत्नी नासिर और उनका बेटा अरबाज बीच-बचाव के लिए पहुंचे। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने आफरीन के साथ भी हाथापाई की। किसी तरह पीड़ितों ने खुद को बचाया। घटना के बाद शाहरुख ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी। थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपों की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# मां संतोषी मन्दिर में 51वां वार्षिकोत्सव

## भजन-कीर्तन से गूंजा परिसर, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के मां संतोषी मंदिर में मंगलवार को 51वां वार्षिक उत्सव बड़े ही श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह सुंदरकांड के पाठ से हुई, जिसके बाद भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। मंदिर परिसर भक्ति रस में सराबोर नजर आया।

मंदिर समिति की ओर से लगातार तीन वर्षों से सेवा दे रहे सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया जा रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष भी मंदिर से जुड़े सदस्यों का सम्मान किया गया। इसके बाद ब्राह्मण भोज कराया गया। कार्यक्रम का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कुसुम अग्रवाल ने कहा कि मां संतोषी मंदिर में आकर अलग ही ऊर्जा मिलती है। यहां समय-समय पर होने वाले धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ाते हैं। इस अवसर पर कुसुम सिंहल, मीणा आर्य, रजनी सारस्वत, मंजू अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, राकेश वर्मा, ममता सिंहल, पूनम सिंहल, सरोज अग्रवाल, मीना शर्मा, रानी अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, श्वेता सिंघल, निम्मी अग्रवाल, मनीष, रेनू शर्मा, रजनी शर्मा, सीमा गुप्ता, अंजू शर्मा, ममता अग्रवाल, अलका अग्रवाल, अनिता वर्मा, रजनी अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।



# धूमधाम से मनायी जाएगी अम्बेडकर जयंती

## जगत सिंह बने जयंती समिति के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती 2026 के आयोजन को लेकर डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समिति की बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की समिति का गठन किया गया।

मंगलवार को मास्टर जगत सिंह को अध्यक्ष, कार्यकारिणी अध्यक्ष ललित कुमार सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू को बनाया गया। महासचिव श्रीमती चंचल सागर, कोषाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार, संयोजक नवल कुमार व महेंद्र सिंह आर्य को बनाया गया। रामपाल सिंह नेताजी, गोपीचंद, मास्टर जयवीर सिंह, डॉ0 महेश कुमार, ललिता रानी सुशील भगत को भी जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में समिति के सभी पदाधिकारियों जिम्मेदारी स्वीकार करने का संकल्प लिया। बैठक में कैलाश उर्फ महेंद्र सिंह, मलुआ नेता जी, बृजपाल सिंह जाटव, डॉ बबलू गौतम, थान सिंह, फतेह चंद अध्यक्ष रविदास जयंती समिति मास्टर मंगली सिंह, सतपाल सिंह एडवोकेट मौजूद थे।

## सात बच्चों को मिला स्कूल का रास्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस ने शिक्षा से वंचित सात बालक-बालिकाओं का प्राथमिक विद्यालय में दाखिला कराकर एक मिसाल पेश की है। यह अभियान एसपी आनन्द के निर्देश पर चलाया गया। क्षेत्र के ग्राम वंशगोपालपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में इन बच्चों का विधिवत नामांकन कराया गया। सभी बच्चे मोहल्ला कंचन बाजार के निवासी हैं, जो अब तक पढ़ाई से दूर थे। एंटी रोमियो टीम ने बच्चों और उनके अभिभावकों से संपर्क कर शिक्षा का महत्व समझाया और विद्यालय में प्रवेश की पूरी प्रक्रिया कराई।

# कुर्सी अपनी, कक्ष पराया! छोटे साहब का बदला हुआ ठिकाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** सुबह होते ही छोटे साहब अपनी कुर्सी छोड़कर बड़े साहब के कक्ष में जा विराजते हैं और शाम ढलने तक वहीं डटे रहते हैं। उनका अपना कक्ष दिनभर बंद पड़ा रहता है, मानो सरकारी ताले भी सोच में पड़ गए हों कि अब उनकी जरूरत ही क्या रह गई है।

गलियारों में तंज उड़ रहा है कि छोटे साहब को अब अपना कमरा रास नहीं आता, बड़े साहब का कक्ष ही उन्हें ज्यादा कामकाजी लगने लगा है। हाल यह है कि कर्मचारी और फरियादी दोनों असमंजस में हैं काम किस दरवाजे पर होगा और दस्तक कहां दी जाए? फुसफुसाहट यह भी है कि छोटे साहब को बड़े साहब की संगत इतनी भा गई है कि दफ्तर तक ही नहीं, सफर तक साथ तय होने लगा है। अब दूरी सिर्फ पदों की रह गई है, बाकी सब साझा होता दिख रहा है। जिम्मेदार खामोशी साधे हैं, पर सवाल खुले हैं अगर छोटे साहब को अपना कक्ष ही नहीं भाता, तो उसे खोलने की जहमत क्यों? और अगर बड़े साहब का कक्ष ही सब कुछ है, तो बाकी कमरों की जरूरत क्या? फिलहाल गलियारों में यही चर्चा है कि यहां कुर्सियां भले अलग हों, पर ठिकाने एक होते जा रहे हैं। कब तक? इसका जवाब शायद बंद पड़े कक्ष के ताले ही देंगे।

# तल्हा ने हासिल की मौलवियत की डिग्री

## मदरसा चिल्ला में हुई दस्तारबंदी, परिजनों में खुशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कम उम्र में अहम कामयाबी हासिल करते हुए 16 वर्षीय तल्हा अब्बासी पुत्र जमाल अब्बासी ने मदरसा चिल्ला (जामिया हुसैनिया दारुल उलूम इस्लामिया अरबिया चिल्ला अमरोहा) से मौलवियत की तालीम मुकम्मल कर अपने खानदान का नाम रोशन किया है। इस मुबारक मौके पर बीती रात मदरसा परिसर में एक शानदार जलसा-ए-दस्तारबंदी का एहतमाम किया गया।

इस तकरीब में खुसूसी मेहमान के तौर पर तशरीफ लाए हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुररहमान साहब, सदर (प्रदेश अध्यक्ष) जमीयत उलेमा-ए-हिंद, जिन्होंने अपनी सरपरस्ती में तल्हा अब्बासी की दस्तारबंदी फरमाई। उनके हमराह दीगर उलेमा-ए-कराम ने भी दुआओं और नेक तमन्नाओं से नवाजा। अपने तफसीली बयान में मौलाना मुफ्ती अब्दुरहमान साहब ने फरमाया कि "आज के पुरफितना दौर में कम उम्र में इल्म-ए-दीन हासिल करना बहुत बड़ी सआदत है। मौलवियत की मंजिल तक पहुँचना महज इम्तिहान पास करना नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों का एहसास भी है। उन्होंने तालिबे इल्मो के लिए दुआ की कि अल्लाह तआला इनके इल्म में इजाफा फरमाए, इन्हें इस्तिकमत अता करे और दीन-ए-इस्लाम की खिदमत के लिए कुबूल फरमाए। जलसे में उलेमा-ए-कराम, असातिजा, तलबा और इलाके के अजीज-ओ-अकारिब की बड़ी तादाद मौजूद रही। महफिल का इख्तिताम दुआ पर हुआ। तल्हा अब्बासी की इस कामयाबी पर परिवार में खुशी का माहौल है। इस मौके पर मुफ्ती मुंसिफ, मुफ्ती मुस्लिम, मुफ्ती सालिम, मुफ्ती इफ्तेखार, मुफ्ती शब्बीर मुरादाबाद, मुफ्ती असलम आदि मौजूद रहे।



# फर्जी मैसेज भेजकर बीस हजार की ठगी शिकायत दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** थाना क्षेत्र के ब्रहम्णो वाली मढय्या निवासी लोकेश शर्मा पुत्र वेदप्रकाश के मोबाइल फोन पर अज्ञात व्यक्ति पंकज का नाम बता कर कहा मेरे फोन से पैसे नहीं ट्रांसफर हो रहे हैं अस्पताल में मरीज भर्ती है आपको 30 हजार रुपए डाल दिए हैं आप ट्रांसफर कर दो लोकेश ने पांयती कलां जनसेवा केंद्र पर दो बार में 20 हजार रुपए ट्रांसफर करा दिया दस हजार रुपए और डालने को कहा तो अपने को ढगी का शिकार होना मानकर पैसे नहीं डाले अज्ञात व्यक्ति ने धमकी दी, पीड़ित ने पुलिस को मामले में कल शिकायत पत्र दिया है।

## डेढ़ माह के मासूम को उठाकर ले गया बंदर

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली में मुकेश कुमार का परिवार रहता है सोमवार को दोपहर उनकी पत्नी रेखा डेढ माह के बच्चे को आंगन में चारपाई पर धूप में लेटा कर रसोई में चली गई अचानक बंदर ने बच्चे को उठा लिया मां की नजर बच्चे को उठाते पड़ी तो मां की चीख निकल गई। तुरंत स्वजनों ने पहुंच कर बच्चे को बंदर के चुंगल से छुड़ाने के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रोटियां देनी शुरू कर दी। बच्चे को छोड़कर बंदर रोटियां लेकर भाग गया सकुशल बच्चे को देख मां के जान में जान आई।

## गन्ने से भरे ट्रक ने तोड़ा फाटक का बूम काशन से पास कराई गई ट्रेन

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** गन्ने से भरे ट्रक ने रेलवे फाटक का बूम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पहुंची आरपीएफ ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। काशन से ट्रेन को पास कराया गया। आरपीएफ ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गन्ने से भरा ट्रक सोमवार की रात मंडी धनौरा की तरफ जा रहा था। फाजलपुर फाटक पर ट्रेन पास करवाने के लिए गेटमैन फाटक बंद कर रहा था। तभी चालक ने ट्रक की टक्कर मारकर फाटक का बूम तोड़ दिया। बूम टूटने की जानकारी गेटमैन ने अपने अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंची आरपीएफ ने ट्रक कब्जे में ले लिया। काशन से ट्रेन को पास कराया गया। आरपीएफ के थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि अमरोहा निवासी चालक नबाव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# ठाकुरद्वारा में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन में उमड़ा सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर के रॉयल पैलेस में विराट हिन्दू महा सम्मलेन का आयोजन किया गया। जिसमें साध्वी प्राची ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर कटाक्ष प्रहार करते हुए हिन्दू एकताा बनाए रखने पर जोर दिया।

मंगलवार को आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन में साध्वी प्राची ने उपस्थित हिंदुओं को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 100 वर्ष के कार्यकाल में देश के लिए सराहनीय कार्य किया है कांग्रेस सरकार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर तीन बार प्रतिबंध लगाया तथा संघ के कार्यकर्ताओं को आपातकाल के समय जेल में भी डाल दिया था । राष्ट्रीय स्वयं सेवा संघ के 42 अनुसांगिक संगठन विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं । सन 1992 में अयोध्या के विवादित ढांचे को संघ के सहयोग से हिंदुओं ने ध्वस्त कर दिया था इसके लिए उसे समय की कल्याण सिंह की भाजपा सरकार ने त्यागपत्र दे दिया था लेकिन हिंदुओं पर गोली चलाने से इनकार कर दिया था । भारत के विपक्षी पार्टियों संघ पर प्रतिबंध लगाने की मांग करती है लेकिन सिम्मी जैसे देश के गद्दार संगठन पर कोई पार्टी मांग नहीं करती उन्होंने उपस्थित हिंदू समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों को संस्कार बान और हिन्दू धर्म ज्ञान पाने के लिए धार्मिक ग्रंथों का ज्ञान कराना चाहिए। क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लव जिहाद धर्मांतरण लैंड जिहाद आदि के लिए फंडिंग की जा रही है उन्होंने बताया कि मुझे हिंदू जागरण का कार्य करने के लिए धमकियां मिलती रहती हैं लेकिन मैं डरने वाली नहीं हूं उन्होंने बेटी बचाओ तथा बेटी पढ़ाओ का भी आह्वान किया उन्होंने महिलाओं को कहा कि अपने पति का सम्मान करना चाहिए उन्होंने हिंदुओं से कहा कि हमें जातिवाद तथा भाषा बाद से दूर रहकर संगठित रहना चाहिए भारत के राजनीति में कई पार्टियां देश को तोड़ने का कार्य करती हैं लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा विश्व हिंदू परिषद ने हिंदुओं को जोड़ने तथा संगठित करने का कार्य करते हैं।

उन्होंने कहा कि आज देश का नेतृत्व सुरक्षित हाथों में है उन्होंने पहलगाम जैसी घटना को रोकने के लिए ऑपरेशन सिंदूर के लिए केंद्र की मोदी सरकार की सराहना की । महाराष्ट्र की एक नगर निगम की पार्षद ने मुंबई को हरे रंग से रंगने के काव्या को देश के प्रति गद्दारी की बात से तुलना की । भारतवर्ष को भगवा ए हिंद बनाने का आग्रह किया ,गजवा ए हिंद का सपना देखने वालों को देश के प्रति गद्दार कहां उन्होंने हिंदुओं को जनसंख्या कम होने चेतावनी दी हमें जनसंख्या बढ़ने चाहिए उन्होंने हिंदू घटेगा तो कटेगा का नारा दिया जो भारत में रहकर पाकिस्तान के गुणगान करते हैं उन्हें पाकिस्तान चले जाना चाहिए उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि हिंदुओं के चारों धामों तथा तीर्थ स्थान में दूसरे धर्म के लोगों का प्रवेश वर्जित करना चाहिए क्योंकि हिंदू भी दूसरे धर्म के स्थान पर नहीं जाते हैं। हिंदू महा सम्मेलन में गजेंद्र पाल सिंह , भाषा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार आशुतोष वाल्मीकि शंकर नगर प्रचारक शिवांशु जी सत्यपाल सिंह चौहान धर्मेंद्र कुमार पाल मनोज कुमार चौहान रचित कुमार अग्रवाल आशुतोष अग्रवाल दीपक वाल्मीकि संजय कुमार सिंह नागेंद्र लांबा, पवन पुष्पद जितेंद्र सिंह चौहान नरदेव सिंह मनीष शर्मा छोटन सिंह विपुल अग्रवाल अशोक कुमार सिंह ओम कुमार एडवोकेट सक्षम कुमार आदि का कार्यक्रम में सहयोग रहा। संचालन अभय शर्मा तथा अध्यक्षता रिटायर्ड जज रघुवर दयाल ने की।



# कैंप एहसास सेवा संस्थान का स्वास्थ्य शिविर: 70 मरीजों की जांच, 15 बच्चों को टीके लगे

**शाह टाइम्स. ब्यूरो।**

**मुरादाबाद।** रहमत नगर गली नंबर 6 में कैंप एहसास सेवा संस्थान द्वारा एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 70 मरीजों की जांच की गई और 15 बच्चों को टीके लगाए गए। इस शि. विर में डॉ सचिन चौधरी, डॉ सफीक हबीब, फरहान अहमद, मोहम्मद नजीम, शफीकुर रहमान, मुफ्ती रहमत अली, मोहम्मद जावेद, सबा हबीब और हबी मौजुद रहे। शिविर में आए मरीजों को नि:शुल्क जांच और परामर्श की सुविधा प्रदान की गई। डॉ सचिन चौधरी ने बताया कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। शिविर में बच्चों को टीके लगाने के अलावा, मरीजों को आवश्यक दवाएं भी वितरित की गई। डॉ सफीक हबीब ने बताया कि इस शिविर में अधिकांश मरीज सामान्य बीमारियों जैसे कि बुखार, सर्दी-खांसी और पाचन संबंधी समस्याओं से पीड़ित थे। कैंप एहसास सेवा संस्थान के सदस्यों ने बताया कि वे आगे भी इस तरह के शिविरों का आयोजन करते रहेंगे, ताकि लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकें। उन्होंने बताया कि इस शिविर में आए मरीजों ने संतुष्टि व्यक्त की और संस्थान के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर संस्थान के सदस्यों ने लोगों से अपील की कि वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और नियमित जांच कराएं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना उनका उद्देश्य है और वे आगे भी इस दिशा में काम करते रहेंगे।




# महाशिवरात्रि पर भव्य शिव बारात को लेकर कांवड़ सेवा समिति ने की बैठक



**चन्दौसी।** महाशिवरात्रि का पावन पर्व नजदीक आते ही तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में मंगलवार को कांवड़ सेवा समिति की एक बैठक कैथल गेट स्थित नए मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकालने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु राजघाट से पैदल यात्रा करते हुए मझावली मार्ग से चन्दौसी पहुंचते हैं, लेकिन मझावली से खुर्जा गेट तक सड़क कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त है और गड्ढों से भरी हुई है, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी होती है। समिति अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि इस वर्ष भगवान शिव की बारात बड़े ही धूमधाम और आकर्षक स्वरूप में निकाली जाएगी। बारात में जलेसर का भूत-पिशाच नृत्य, मेरठ की शिव बारात विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। शिव तांडव समिति के संयोजक गिरीशचंद्र ने बताया कि बारात में 11 झांकियां, 10 डीजे तथा काली का अखाड़ा शामिल रहेगा। बैठक में प्रवीण गुप्ता, सौरभ बंटी, तरुण कुमार, नीरज, ज्ञान प्रकाश शर्मा, राजीव, गिर्राज किशोर, कन्हैया वार्ष्णेय सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## एसआईआर को लेकर एसडीएम प्रीति सिंह ने ली बीएलओ व सुपरवाइजरों की बैठक

**ठाकुरद्वारा।** एसडीएम प्रीति सिंह ने शनिवार को एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) कार्यक्रम को लेकर तहसील सभागार में पेपर के वीएलओ (वोटर लिस्ट अधिकारी) एवं सुपरवाइजरों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। एसडीएम ने निर्देश दिए कि एसआईआर के अंतर्गत मतदाता सूची को पूरी पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से अपडेट किया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, अपात्र व मृत मतदाताओं के नाम हटाने तथा त्रुटियों के सुधार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। फील्ड स्तर पर घर-घर जाकर सत्यापन करने पर विशेष जोर दिया गया। एसडीएम प्रीति सिंह ने वीएलओ और सुपरवाइजरों से कहा कि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखें और प्राप्त आपत्तियों व दावों का निस्तारण नियमानुसार समय से करें। बैठक में कार्य में आने वाली समस्याओं पर भी चर्चा की गई।

## पांच वर्ष में घटे 155 तालाब, 700 तालाबों के किए गए पट्टे

**कांठ ( शाह टाइम्स )** मत्स्य विभाग द्वारा जनपद में मछुआ जाति सहित अन्य लोगों के नाम 700 तालाबों के पट्टे किए गए हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले में वर्तमान में 850 तालाब आंकड़ों में दर्ज हैं। हालांकि पिछले पांच वर्षों में 155 तालाब कम हो गए हैं। पांच वर्ष पूर्व जिले में कुल 1005 तालाब विभाग के रिकॉर्ड में थे।जिला मत्स्य अधिकारी गणेश मिश्र के मुताबिक दो वर्ष पूर्व सरकार द्वारा मछली पालन को प्रोत्साहन देने के लिए प्रोत्साहन राशि बढ़ी है। इसके बाद के इस क्षेत्र में लोगों की रुचि लगातार बढ़ रही है। इसका प्रभाव यह रहा के कि इस वर्ष मछली पालन का कारोबार करने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है और पहले की तुलना में तालाबों के पट्टे कराने वालों की संख्या भी बढ़ी है। मत्स्य विभाग का मानना है कि सरकारी योजनाओं और आर्थिक सहायता से मछली पालन व्यवसाय को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

# उप्र में पशुपालन से जुड़ी योजनाओं के बजट में तीन गुना बढ़ोतरी: धर्मपाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश में पशुपालन से जुड़ी योजनाओं का बजट 2017-18 के 1,37,423.53 लाख से बढ़ाकर 2024-25 में 4,11,529.86 लाख (करीब तीन गुना बढ़ोतरी) किया गया है। इसके अलावा लाभार्थीपरक योजनाओं (बकरी, भेड़, सूकर व बैकयार्ड कुक्कुट पालन) के लिए अनुदान भी 2021-22 के 6.02 करोड़ से बढ़कर 2025-26 में 22.45 करोड़ किया गया है।

मंगलवार को विधानभवन स्थित तिलक हाल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश दुग्ध उत्पादन में 15.66 प्रतिशत योगदान



के साथ देश में पहले स्थान पर है। जबकि दुग्ध उत्पादन 2017-18 में 290.52 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 2024-25 में 388.15 लाख मीट्रिक टन हो चुका (करीब 33 प्रतिशत वृद्धि है। इसके अलावा अंडा उत्पादन में 244 करोड़ से बढ़कर 611 करोड़ पहुंच गया है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि के साथ-साथ पशुपालन की भूमिका लगातार मजबूत होती जा रही है। प्रदेश में पशुजन्य उत्पादों का सकल मूल्यवर्धन वर्ष 2017-18 के 0.99 लाख करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 1.72 लाख करोड़ पहुंच गया है यानी 8.2 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने बताया कि 20वीं पशुगणना (2019) के अनुसार, प्रदेश में 190.20 लाख गोवंश, 330.17 लाख महिषवंश, 144.80 लाख बकरी, 9.85 लाख भेड़ और 4.09 लाख सूकर मौजूद हैं, जो पशुधन संपदा की व्यापकता दर्शाता है।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि नस्ल सुधार कार्यक्रमों का असर उत्पादकता में दिख रहा है। विदेशी संकर व देसी गायों की औसत दुग्ध उत्पादकता 2017-18 की तुलना में 2024-25 में बढ़कर क्रमशः 9-16 और 4-18 किग्रा प्रतिदिन हो गई है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। भैंसों की उत्पादकता भी 4-49 से बढ़कर 5-83 किग्रा प्रतिदिन पहुंची। उन्होंने कहा कि पशुधन मृत्यु दर घटाने के लिए प्रदेश में 520 मोबाइल वेटनरी यूनिट टोल-फ्री 1962 के जरिए पशुपाल. कों के द्वार तक सेवाएं दे रही हैं। साथ ही पशुधन बीमा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। जबकि निराश्रित गोवंश संरक्षण नीति के तहत 7,497 गो-आश्रय स्थलों (439 वृहद केंद्र सहित) में वर्तमान में 12-38 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। उनके भरण-पोषण हेतु सहायता राशि 30 से बढ़ाकर 50 रुपये प्रति पशु प्रतिदिन की गई है। इसके अलावा ऊन उत्पादन बढ़ाने के लिए 37 भेड़-बहुल जिलों में पायलट परियोजना चलाई जा रही है।

# केजीएमयू की मजार से लेकर सरोजनी नगर तक सियासी संग्राम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के केजीएमयू परिसर स्थित मजार और सरोजनी नगर विधायक डा. राजेश्वर सिंह को लेकर दिए गए बयानों ने राजनी. तिक टकराव को तेज कर दिया है।

कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने हैं, वहीं राजधानी लखनऊ में विरोध-प्रदर्शन का ऐलान हो चुका है। लखनऊ स्थित केजीएमयू परिसर में मौजूद मजार पर चादर चढ़ाने के बाद मंगलवार को मीडिया से बातचीत में अजय राय ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह मजार केजीएमयू की स्थापना से भी पहले से मौजूद है, लेकिन सरकार विकास करने में असफल होकर सिर्फ तोड़फोड़ की राजनीति कर रही है। अजय राय ने कहा कि पूरे लखनऊ को नवाबों ने बसाया है। संभव है उन्हीं की कृपा से यहां मेडिकल कॉलेज बना हो और जमीन मिली हो। मजार को नोटिस देना भाजपा की संकीर्ण सोच को दर्शाता है।

हम अपने इतिहास को मिटने नहीं देंगे और पीछे हटने वाले नहीं हैं। इससे पहले रविवार को सरो. जनी नगर के नटकूर मैदान में आयोजित कांग्रेस की संविधान संवाद महापंचायत के दौरान अजय राय ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर किसानों की जमीन छीने जाने, उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने और सोनभद्र जैसे मामलों में न्याय न मिलने के आरो. प लगाए। इसी दौरान सरोजनी नगर विधानसभा और वहां के विधायक डा. राजेश्वर सिंह को लेकर दिए गए बयान को भाजपा ने घ्पमानजनक और अमर्यादित बताया। अजय राय के बयान से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं और डा. राजेश्वर सिंह के समर्थकों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। सुबह 11 बजे शहीद पथ तिराहा, कानपुर रोड स्थित होटल हॉलिडे इन के सामने जोरदार प्रदर्शन किया गया। मामले में भाजपा नेत्री अनिता तिवारी (अनु) की सोशल मीडिया पोस्ट भी चर्चा में है। उन्होंने फेसबुक पर लिखा कि अजय राय द्वारा सरो. जनी नगर विधानसभा में इस तरह की भाषा का इस्तेमाल बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह टिप्पणी सिर्फ विधायक डा. राजेश्वर सिंह का ही नहीं, बल्कि सरोजनी नगर की मातृशक्ति का भी अपमान है। अनिता तिवारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अजय राय को माफी मांगनी ही पड़ेगी।

# लखनऊ हाईवे पर भीषण हादसा, बस चालक की मौत, नौ यात्री घायल

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में हरदोई-लखनऊ हाईवे पर मंगलवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे भीषण सड़क हादसा हो गया।

हरदोई से लखनऊ जा रही तेज रफ्तार निजी बस ने कटियामऊ गांव के पास एक कंटेनर में पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खाई में पलट गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के समय बस में लगभग 30 से 35 यात्री सवार थे। टक्कर के बाद बस चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर बस की बॉडी कटवाकर चालक को बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने राजू उर्फ गोपाल (45) निवासी जूरा, सुरसा को मृत घोषित कर दिया। हादसे में मेंसर बानो, अखनूर, बालकराम, बबलू, पवन कुमार, मालती, मो. हत, अवधेश और ममता घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कंटेनर अचानक रेलवे क्रॉसिंग की ओर से मुड़ गया, जिससे बस चालक संतुलन खो बैठा। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# महोबा विवाद पर पार्टी ने मामले का संज्ञान लिया है: पंकज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** महोबा में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत के बीच हुई तीखी नोकझोंक को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने संक्षिप्त प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पूरा मामला पार्टी के संज्ञान में है।

इस मामले में दोनों नेताओं से बात कर ली गई है। प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को लखनऊ पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात. चीत के दौरान यह बातें कहीं। वहीं, केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए पंकज चौधरी ने कहा कि यह बजट केवल वित्तीय लेखा-जोखा नहीं, बल्कि देश के



भविष्य का स्पष्ट विजन है। उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस समावेशी विकास पर है और यह बजट विकास का एक मजबूत ब्लूप्रिंट प्रस्तुत करता है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

इसमें सात नई हाई-स्पीड कॉरिडोर की घोषणा की गई है, जिससे उत्तर प्रदेश को बड़ा लाभ मिलेगा। इसके साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी कई अहम कदम उठाए गए हैं, जिनका सीधा फायदा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को होगा। उन्होंने कहा कि सरकार 'मेक इन इंडिया' को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। ग्लोबल बायो-फार्मा, सेमीकंडक्टर जैसे आधुनिक और भविष्य उन्मुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और हर क्षेत्र में देश को आगे ले जाने की कवायद की जा रही है। पंकज चौधरी ने बताया कि एमएसएमई सेक्टर पर सरकार का विशेष फोकस है। युवाओं को स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से रोजगार के योग्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूजीसी नियमावली के समर्थन में बीएचयू में मार्च, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**वाराणसी।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की नई नियमावली पर उच्चतम न्यायालय की रोक के बीच मंगलवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के छात्र-छात्राओं ने यूजीसी (उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता के संवर्धन) विनियम, 2026 के समर्थन में मार्च निकाला। छात्र विश्वनाथ मंदिर परिसर से जुटे और महिला महाविद्यालय तक रैली निकालकर पोस्टर-बैनर के साथ धरने पर बैठ गए। स्थिति को देखते हुए कई थानों की फोर्स, पुलिस अधिकारी, बीएचयू प्रॉक्टोरियल बोर्ड और सुरक्षाकर्मी मौके पर तैनात रहे। छात्रों का कहना था कि यह मार्च एससी, एसटी, ओबीसी, महिला और दिव्यांग छात्रों के नेतृत्व में भेदभाव-रोधी नियमों और सुरक्षित शैक्षणिक माहौल की मांग को लेकर निकाला गया है। प्रदर्शनकारियों ने परिसर में वितरित पत्र में उच्च शिक्षण संस्थानों में कथित संरचनात्मक जातिगत भेदभाव के आरोप लगाए और प्रवेश, मूल्यांकन, शोध, फेलोशिप, हॉस्टल आवंटन व नियुक्तियों में निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग की। छात्र जितेंद्र यादव ने कहा कि नई नियमावली असमानता दूर करने की दिशा में अहम कदम है। वहीं एससी/एसटी/ओबीसी एकता मंच के मनीष चौधरी ने ओबीसी को शामिल किए जाने को उचित बताया। पूर्व छात्र संदीप पटेल ने विश्वविद्यालय में समानता समिति के गठन, प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने और शिकायत प्रक्रिया सार्वजनिक करने की मांग उठाई।

### बाराबंकी में एनआईए, एटीएस व एसटीएफ की संयुक्त दबिश युवक हिरासत में

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में मंगलवार सुबह करीब आठ बजे एनआईए, एटीएस और एसटीएफ की संयुक्त टीमों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को हिरासत में ले लिया। सुरक्षा एजेंसियों की अचानक दबिश से इलाके में हड़कंप मच गया और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। हालांकि कार्रवाई के कारणों का आधिकारिक खुलासा अब तक नहीं किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार संयुक्त टीमें शहर कोतवाली क्षेत्र के सफेदाबाद स्थित हिंद अस्पताल पहुंचीं, जहां से रामलखन नामक युवक को हिरासत में लिया गया। बताया जा रहा है कि वह अस्पताल में भर्ती अपनी मां की देखभाल के लिए मौजूद था। इसके बाद टीमें बदोसराय थाना क्षेत्र के खोर एत्महादपुर गांव स्थित उसके घर पहुंचीं और कई घंटों तक गहन तलाशी ली। स्थानीय पुलिस बल भी कार्रवाई के दौरान तैनात रहा। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक तलाशी में कोई आपत्ति. जनक सामग्री बरामद नहीं हुई है। कार्रवाई के बाद युवक के कथित तौर पर आतंकी गतिविधियों से जुड़े होने की अटकलें तेज हो गई हैं, लेकिन एजेंसियों की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने पुष्टि की कि केंद्रीय एजेंसियों ने दबिश दी है, मगर मामले के संबंध में विस्तृत जानकारी फिलहाल साझा नहीं की गई है। स्थानीय स्तर पर भी जांच जारी है।

### संतकबीरनगर में कुर्मी महासभा का प्रदर्शन, यूजीसी बिल लागू करने की मांग

**संतकबीरनगर।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने सोमवार को यूजीसी बिल के समर्थन में खलीलाबाद में पैदल जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। सरैया बाईपास से शुरू हुआ जुलूस मोती चौराहा, बैंक चौराहा, आजाद चौक और मेंहदावल बाईपास होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहां प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में विश्वविद्यालयों में जातिगत भेदभाव और अन्य विसंगतियों को दूर करने के उद्देश्य से लाए गए प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जारी राजपत्र पर सर्वोच्च न्यायालय की रोक के बाद स्थिति स्पष्ट करने और सुधारात्मक कदम उठाने के लिए यूजीसी बिल को अनिवार्य रूप से पारित किया जाना आवश्यक है। प्रदर्शन में महासभा के जिलाध्यक्ष साहुल कुमार चौधरी समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। गोंड समाज आधारित इंडियन डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रतिनिधियों ने भी जुलूस में भाग लेकर समर्थन जताया।

### पूर्व सांसद अतुल राय के काफिले की तलाशी, सत्तापक्ष पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में पूर्व सांसद अतुल राय के काफिले को शहर कोतवाली पुलिस द्वारा रोके जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने उनके काफिले में शामिल गाड़ियों की सघन तलाशी ली। इस कार्रवाई को लेकर अतुल राय ने सत्तापक्ष पर निशाना साधते हुए इसे जानबूझकर परेशान करने की कोशिश बताया है। अतुल राय ने कहा कि एक कार्यक्रम के दौरान अचानक पुलिस ने उनकी गाड़ियों की जांच की और धारा 144 लागू होने का हवाला दिया, लेकिन इसकी स्पष्ट वजह नहीं बताई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि दो दिन पहले एक स्थानीय मंत्री 25 गाड़ियों के काफिले के साथ निकले थे, जिन्हें नहीं रोका गया। राय ने कहा कि जब धारा 144 (बीएनएस-163) का पालन करते हुए केवल चार गाड़ियों के साथ निकले थे, फिर भी प्रशासन की कार्रवाई अनुचित रही। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि घोसी क्षेत्र की जनता उनका परिवार है और उनसे मिलने से कोई नहीं रोक सकता। जरूरत पड़ी तो वह पैदल यात्रा भी करेंगे। उन्होंने कहा कि वे कानून का सम्मान करते हैं, लेकिन कानून के नाम पर राजनीतिक दबाव स्वीकार नहीं करेंगे। वहीं प्रशासन ने कार्रवाई को सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने से जुड़ा कदम बताया है।

### नेपाल सीमा पर मानव तस्करी का प्रयास विफल, किशोरी सुरक्षित

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिला स्थित भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर रुपईडीहा चेक पोस्ट पर सुरक्षा एजेंसियों ने मानव तस्करी के एक प्रयास को विफल कर दिया। एसएसबी की बीओपीटी टीम और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के संयुक्त प्रयास से 15 वर्षीय नेपाली नाबालिग किशोरी को सुरक्षित बरामद किया गया, जबकि उसके साथ मौजूद एक युवक को हिरासत में लेकर नेपाल पुलिस को सौंप दिया गया।

# काशी में कैंसर मरीजों को आधुनिक इलाज की सौगात, छह मशीनों से रोज 350 मरीजों का रेडिएशन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश समेत आसपास के राज्यों के कैंसर मरीजों के लिए काशी का महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र (एमपीएमएमसीसी) और होमी भाभा कैंसर अस्पताल (एचबीसीएच) लगातार अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो रहे हैं।

पिछले वर्ष तीन नई रेडिएशन मशीनें स्थापित होने के बाद अब दोनों संस्थानों में कुल छह मशीनें कार्यरत हैं, जिनके जरिए प्रतिदिन औसतन 350 मरीजों को रेडिएशन थेरेपी दी जा रही है। अस्पताल के निदेशक डा. सत्यजीत प्रधान ने बताया कि मरीजों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना संस्थान की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नई मशीनों में से दो का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था।

सुविधाओं के विस्तार से प्रतीक्षा अवधि घटी है और उपचार की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विश्व कैंसर दिवस (4 फरवरी) के अवसर पर जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में वर्ष 2024 की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक मरीजों को रेडिएशन थेरेपी दी गई। वर्ष 2018 में जहां केवल 532 मरीजों को रेडिएशन मिला था, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 4,735 पहुंच गई।

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रमुख डा. आशुतोष मुखर्जी ने बताया कि अस्पताल में आने वाले 60 से 65 प्रतिशत मरीजों को उपचार के किसी न किसी चरण में रेडियोथेरेपी की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने कहा कि शुरुआत में अस्पताल में केवल एक मशीन थी, जबकि अब छह आधुनिक मशीनें उपलब्ध हैं, जिससे बड़ी संख्या में मरीजों को राहत मिल रही है। रेडिएशन लेने वाले मरीजों में लगभग 25 प्रतिशत मुख कैंसर से पीड़ित हैं, जिसका प्रमुख कारण तंबाकू का सेवन है।

इसके बाद स्तन कैंसर के मरीजों की संख्या अधिक है। एक मरीज का रेडिएशन कोर्स औसतन 35 दिन में पूरा होता है, हालांकि यह अवधि मरीज की स्थिति पर निर्भर करती है। डा. संबित स्वरूप नंदा ने बताया कि संस्थान में सांस के साथ समन्वय कर रेडिएशन देने जैसी उन्नत तकनीकें उपलब्ध हैं। त्वचा संबंधी कैंसर के लिए भी विशेष तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। हर मरीज को उसकी स्थिति के अनुरूप व्यक्तिगत उपचार योजना प्रदान की जाती है।

# होटल में ऋषिकेश निवासी इंजीनियर का शव मिला

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के सदर बाजार थाना क्षेत्र स्थित एक होटल के कमरे में मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक सिविल इंजी. नियर का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई।

मृतक की पहचान उत्तराखंड के ऋषिकेश (यमुनानगर) निवासी गौरव सक्सेना (47) के रूप में हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) देवेंद्र कुमार ने बताया कि गौरव सक्सेना 1 फरवरी को शहर के स्वागत होटल में कमरा नंबर 107 लेकर ठहरे थे।

मंगलवार सुबह होटल कर्मचारी नाश्ता पूछने पहुंचा तो दरवाजा खटखटाने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। दरवाजा खोलने पर वह कुर्सी पर मृत अवस्था में बैठे मिले। उनकी नाक से हल्का रक्तस्राव हो रहा था और कमरे में उल्टी के निशान भी मिले। पुलिस के अनुसार मृतक की ससुराल शाहजहांपुर में है। कमरे से शराब की बोतलें भी बरामद हुई हैं। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# त्रिजटा स्नान पर माघ मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** संगम की रेती पर आयोजित माघ मेले में मंगलवार को त्रिजटा स्नान के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। विभिन्न घाटों पर आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

माघी पूर्णिमा के बाद होने वाला यह स्नान कल्पवासियों का अंतिम प्रमुख स्नान पर्व माना जाता है। पौष पूर्णिमा से माघी पूर्णिमा तक कल्पवास करने वाले श्रद्धालु जहां पूर्णिमा स्नान के बाद लौटना शुरू कर देते हैं,

वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालु त्रिजटा स्नान के बाद ही अपने शि. विर समेटते हैं। इस दिन श्रद्धालु तीन डुबकी लगाकर मां गंगा और यमुना से जाने-अनजाने में हुई गलतियों के लिए क्षमा याचना करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार त्रिजटा का संबंध गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी से है, जबकि धार्मिक परंपराओं में इसे तपस्या और भलाई का प्रतीक माना गया है।


त्रिजटा स्नान के बाद माघ मेला क्षेत्र धीरे-धीरे खाली होने लगता है। श्रद्धालु संगम की रेत और गंगाजल साथ लेकर नम आंखों से विदा होते हुए अगले वर्ष पुनः आने का संकल्प लेते हैं। माघ मेले का औपचारिक समापन 15 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान पर्व के साथ होगा।

# अमेरिका टैरिफ समझौते से कालीन उद्योग को नई उड़ान की उम्मीद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**भदोही।** यूरोपीय यूनियन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के बाद अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने को विकसित भारत मिशन-2047 की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

हालिया ट्रेड डील से विशेष रूप से भारतीय कालीन उद्योग में उत्साह का माहौल है। निर्यातकों का मानना है कि इससे भारत वैश्विक सप्लाई चेन में और अधिक मजबूत व विश्वसनीय भागीदार के रूप में उभरेगा। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद (सीईपीसी) के उपाध्यक्ष



असलम महबूब ने बताया कि वैश्विक कंपनियां चीन के विकल्प की तलाश में हैं और भारत अपनी प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजनाओं, मजबूत डिजिटल अर्थव्यवस्था तथा युवा कार्यबल के कारण आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय कालीन निर्यात का 50 से 60 प्रतिशत हिस्सा अकेले अमेरिका को जाता है, ऐसे में टैरिफ में कमी उद्योग के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ईयू और अमेरिका के साथ हुए समझौतों से बने सकारात्मक माहौल के चलते भारतीय कालीनों का निर्यात वर्तमान 14,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 18,000 से 20,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। निर्यातकों के अनुसार यह समझौता उद्योग को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में नई मजबूती प्रदान करेगा।

### प्रयागराज में डम्पर की टक्कर से महिला की मौत, दो घायल

**प्रयागराज।** प्रयागराज जिले के घूरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भीटा गांव के पास मंगलवार सुबह करीब छह बजे तेज रफ्तार डम्पर ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा सवार फूलकली निषाद (55) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। टक्कर के बाद चालक डम्पर लेकर फरार हो गया। मृतका फूलकली निषाद छोटा कंजासा गांव की निवासी थीं और अमरेहा मंडी सब्जी बेचने जा रही थीं।

# राजनीति में मां को नहीं घसीटना चाहिए: अनिल राजभर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश सरकार के दो मंत्रियों के बीच जारी बयानबाजी एक बार फिर चर्चा में है।

कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर द्वारा सर्किट हाउस में की गई टिप्पणी पर श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने सोमवार शाम प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राजनीति में मां को घसीटना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि मां हमारी श्रद्धा और आस्था है।



मां के दूध को चुनौती देना शोभा नहीं देता। हर व्यक्ति मां का दूध पीकर ही बड़ा होता है। अनिल राजभर ने अपने परिवार की पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके पिता सेना में थे और दो युद्ध लड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि रिटायरमेंट के बाद व्यवसाय करना गलत नहीं है और किसी व्यापारी को बिना प्रमाण चोर कहना उचित नहीं। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान चंदौली के सकलडीहा में थी और वह स्वयं बनारस के सिधोरा में ऑटो चलाते थे। उन्होंने कहा कि गठबंधन धर्म निभाना पार्टी की प्राथमिकता है और विवाद को बढ़ावा देना उनका उद्देश्य नहीं है। सारनाथ में महाराजा सुहेलदेव जयंती कार्यक्रम का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों को व्यवधान डालने के लिए भेजा गया था। वहीं शंक. राचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के संबंध में उन्होंने कहा कि देश संविधान से चलता है और प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर निर्णय लिया था।

# खुले नाले में गिरी कार, बाल-बाल बचा परिवार

## सरधना में दवाई लेने जा रहा था परिवार, अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** तहसील रोड पर सोमवार रात्रि बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब सड़क किनारे खुले पड़े नाले में एक कार जा गिरी। गनीमत रही कि कार में सवार पूरा परिवार बाल-बाल बच गया, लेकिन यह घटना नगर पालिका की लापरवाही को उजागर करती है। नाले के पास नगर पालिका की ओर से न तो कोई साइन बोर्ड लगाया गया था और न ही कोई बैरिकेडिंग की गई थी।

जानकारी के अनुसार मेरठ के घंटाघर निवासी फिरोज अपने परिवार के साथ सरधना में डाक्टर इमरान के यहां दवा लेने आए थे। तहसील रोड पर अचानक कार के सामने कुत्ता आ जाने से वाहन अनियंत्रित हो गया और सीधे सड़क किनारे खुले नाले में जा गिरा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नाले को ढका गया होता या चेतावनी संकेत लगाए गए होते तो हादसा टल सकता था। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कार में सवार सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। कार को बाहर निकालने के



लिए पहले ट्रैक्टर से प्रयास किया गया, बाद में हाइड्रा मंगाकर गाड़ी को निकाला गया। हादसे के बाद भी अगले दिन तक नगर पालिका का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

### अन्य जिलों में जानलेवा हादसे, फिर भी नहीं जागी सरधना नगर पालिका

प्रदेश के कई जिलों में खुले नालों की वजह से जानलेवा हादसे हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद सरधना नगर पालिका ने कोई सबक नहीं लिया। नोएडा और मेरठ में खुले नालों में गिरने से अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। इन घटनाओं के बाद संबंधित नगर निकायों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हुए, लेकिन सरधना में हालात जस के तस बने हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब अन्य जिलों में नालों में गिरकर लोगों की जान जा रही है, तब भी सरधना नगर में नाले खुले छोड़ दिए गए हैं। न तो नालों को ढका गया है और न ही किसी प्रकार के साइन बोर्ड या बैरिकेडिंग लगाई गई है, जिससे राहगीरों को खतरे का अंदाजा हो सके। लोगों ने सवाल उठाया है कि क्या सरधना नगर पालिका यहां भी किसी बड़े हादसे या मौत का इंतजार कर रही है। उनका कहना है कि यदि समय रहते खुले नालों पर सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए, तो पालिका की यह अनदेखी किसी दिन बड़े और जानलेवा हादसे का कारण बन सकती है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि तहसील रोड पर यह नाला लंबे समय से खुला पड़ा है। कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद नगर पालिका ने न तो नाला ढकवाया और न ही कोई सुरक्षा व्यवस्था की। लोगों का आरोप है कि प्रदेश के अन्य जिलों में खुले नालों के कारण हुए हादसों से भी सरधना नगर पालिका ने कोई सबक नहीं लिया। घटना के बाद क्षेत्र में रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से खुले नालों को तत्काल ढकने, साइन बोर्ड व बैरिकेडिंग लगाने तथा लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बताया गया है की नाला करीब 6 फिट गहरा है जो कभी भी हादसे को दावत दे सकता है।

# प्रतिबंधित कछुओं के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

## वन विभाग की टीम ने ब्रहमपुरी पुलिस के साथ मिलकर की कार्रवाई

- एक इंडियन स्पॉटेड कछुए के अलावा 23 इंडियन टेन कछुए बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को थाना ब्रह्मपुरी पुलिस ने वन विभाग की टीम के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए 24 प्रतिबंध कछुओं के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बरामद हुए कछुओं को वन विभाग की टीम को सौंप दिया और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। वन रक्षक मेरठ रेंज दीपक सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि ब्रह्मपुरी क्षेत्र में कुछ कछुए तस्कर मौजूद हैं।

उनके पास दुर्लभ प्रजाति के प्रतिबंध कछुए हैं। मामले की सूचना थाना ब्रह्मपुरी पुलिस से साझा की गई जिसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। इसके बाद ब्रह्मपुरी पुलिस को सूचना मिली कि माधवपुरम स्थित बच्चा कब्रिस्तान के



पास आरोपी मौजूद हैं। ब्रह्मपुरी पुलिस ने वनरक्षक मेरठ रेंज दीपक सिंह, वन दरोगा मेरठ रेंज संदीप और वन दरोगा मेरठ रेंज रिठानी बीट मोहन सिंह को साथ लेकर कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जनपद हापुड़ के ग्राम सोनपुर निवासी रामकुमार पुत्र ओमपाल, कोठी गेट अहाता हापुड़ निवासी अनुज पुत्र ओमप्रकाश और शाहरुख पुत्र गफ्फार निवासी मोहल्ला एहसान नगर असोड़ा थाना हापुड़ के रूप में हुई। उनके कब्जे से एक इंडियन स्पॉटेड कछुआ और 23 इंडियन टेन कछुए बरामद हुए हैं। वहीं इस मामले में एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि थानाध्यक्ष राजेश कंबोज के नेतृत्व में पुलिस और वन विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की है। सभी आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 41/42 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी कछुए वन विभाग की सुपुर्दगी में दे दिए गए हैं। पुलिस इस पूरे मामले की छानबीन में जुटी गई है।

# उत्तर प्रदेश के नवाचार मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति NEP 2020 के सफल क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। राज्य के 6 सदस्यीय विशेषज्ञ दल ने उत्तरी भारत के राज्यों के लिए आयोजित पांच दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश का प्रति. निधित्व किया। इस दल ने माध्यमिक विद्यालयों में अनुभवात्मक अधिगम periential Learning के सफल मॉडल को प्रस्तुत किया, जिसकी देशभर से आए विशेषज्ञों ने सराहना की।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विशेष रूप से चयनित और नामित इस राज्य संसाधन समूह SRG की टीम में रुचिरा चंदेल ने सक्रिय भूमिका निभाई। वह किठौर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज GIC में कार्यरत हैं। उत्तरी भारत के 10 राज्यों के इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की ओर से केवल 6 SRG सदस्यों की एक उच्च-स्तरीय टीम को शॉर्टलिस्ट



कर भेजा गया था। यह पांच दिवसीय गहन क्षमता संवर्धन कार्यक्रम उत्तरी क्षेत्र के राज्यों के लिए आयोजित किया गया था। इसमें 10 राज्यों के विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिसका मुख्य उद्देश्य माध्यमिक स्तर की शिक्षा को रटने की पद्धति से मुक्त कर प्रायोगिक ज्ञान पर आधारित बनाना था। प्रशिक्षण के अंतिम दिन, उत्तर प्रदेश की टीम ने एक विशेष पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन PPT के माध्यम से राज्य के माध्यमिक विद्यालयों में अनुभवात्मक अधिगम के सफल क्रियान्वयन को प्रदर्शित किया। इस प्रस्तुति को देश भर से आए विशेषज्ञों ने सराहा, जिससे उत्तर प्रदेश के नवाचार मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर की धर्मशाला पर कब्जा करने का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर समिति के कार्यकर्ताओं ने ग्राम जाटोली स्थित प्लाट संख्या 288 पर संत शिरोमणी गुरु रविदास मंदिर की धर्मशाला पर आरोपी रामेश्वर, रविंद्र, राजेश लाल, अरविंद, बबलू आदि पर धर्मशाला की खाली पड़े प्लाट पर चार दीवारी तोड़कर इस जमीन को अपनी जमीन में मिलाने का आरोप लगाया है। उनका कहना था कि जब इस घटना की जानकारी समिति की सदस्य को हुई तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर विरोध किया तो आरोपी मारपीट करने लगे। इस दौरान उन्होंने हवाई फायरिंग भी की जिसकी अधिकारियों से शिकायत भी की गई थी लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई उन्होंने धर्मशाला की भूमि को खाली करने और आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# कोहरे से नहीं मिली राहत, हाईवे पर थमी रफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** फरवरी की शुरूआत के बावजूद ठंड और कोहरे का असर लगातार बना हुआ है। मंगलवार को सुबह से ही घना को. हरा छाया रहा और करीब 11 बजे तक धूप के दर्शन नहीं हुए। इससे तापमान में गिरावट बनी रही और दिनभर ठंड का एहसास रहा।

बीते एक सप्ताह से मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी तेज धूप तो कभी घना कोहरा और कड़ाके की ठंड के कारण लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही लगातार बर्फबारी का असर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मैदानी इलाकों में साफ दिखाई दे रहा है। ठंडी हवाओं के कारण तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है। सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही ने बताया कि आगामी दो दिनों तक कोहरा बना रहेगा और ठंड से राहत मिलने की संभावना कम है। ऐसे मौसम में सतर्कता बरतना जरूरी है। बुजुर्ग व बच्चों का ख्याल रखे।

# पुलिस ने तमंचे के साथ आरोपी किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** पुलिस ने मंगलवार को एक युवक को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी को मुखबिर की सूचना पर श्यामपुर रोड से पकड़ा गया। किठौर थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान कस्बा किठौर निवासी मोहम्मद परवेज पुत्र इस्लामुद्दीन उर्फ बबली के रूप में हुई है। उसे श्यामपुर रोड स्थित निर्माणाधीन कालोनी के पास से पकड़ा गया। पुलिस ने परवेज की तलाशी ली, जिसमें उसके कब्जे से एक 32 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

# सरकारी विभागों से ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने की मांग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मानव एकता संस्था के कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन डीएम को सौंपा है। जिसमें उन्होंने सरकारी कार्यालय से ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करने की मांग की है।

उनका कहना था कि जो वेतन ठेका कर्मचारियों को ठेकेदार के द्वारा दिया जाता है उस वेतन को सरकार अपने अधिकार से दे। ठेकेदारों के अधीन कार्यरत कर्मचारी चाहे वह सफाई कर्मचारी हो मैली हो चपरासी हो सुरक्षा गार्ड हो या फोर्थ क्लास कर्मचारी हो हर हाल में कर्मचारी का शोषण होता है। उन्होंने मांग की है कि ठेकेदारी प्रथा को तत्काल समाप्त किया जाए सभी ठेके के कर्मचारियों को सरकारी विभागों में नियमित कर्मचारियों के रूप में शामिल किया जाए। वेतन भत्ते पेंशन चिकित्सा सुविधा सभी सरकारी नियमों के अनुसार सीधे सरकार द्वारा दिया जाए कर्मचारी विभाग के अधीन हो ठेकेदार के नहीं। इस दौरान शालिनी सिंह, सुरेंद्र, कैलाश चंदोला आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रवाद से प्रेरित भारत इक्कीसवीं सदी में दुनिया को दिखा रहा नई दिशा: डॉ. राजीव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में शिक्षा, युवा शक्ति एवं राष्ट्रवाद से शिखर की ओर भारत विषय पर एक बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें आरएसएस के बौद्धिक प्रकोष्ठ के वरिष्ठ पदाधिकारी सुशील ने युवाओ से जातिवाद, क्षेत्रवाद, धर्म, सम्प्रदाय से ऊपर उठकर राष्ट्रवादी सोच के साथ अखण्ड भारत का निर्माण कर भारत को फिर से विश्व गुरू बनाने का आह्वान किया।

इसके साथ ही उन्होंने चीन एवं पाकिस्तान के कब्जे में चीन एवं पाक अधिकृत भारत के भू-भाग को वापस लेने के लिए युवाओ से आगे बढ़कर इस राष्ट्रीय जागरूकता अभियान से जुड़ने का संकल्प दिलाया। वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के स्वामी विवेकानन्द सभागार में राष्ट्रवाद युवा शक्ति एवं शिक्षा से शिखर की ओर भारत विषय पर आयोजित बौद्धिक संगोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि बौद्धिक प्रकोष्ठ के सुशील प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, प्रचारक योगेन्द्र, महाकवियत्री डॉ. मधु चतुर्वेदी, डॉ. राहुल अवस्थी, भाजयुमो अध्यक्ष शुभम चौधरी आदि ने भारत माता एवं सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। सम्बोधन में संघ के पश्चिमी यूपी एवं



उत्तराखंड के वरिष्ठ अधिकारी मुख्य अतिथि सुशील ने उपस्थित शिक्षको एवं बुद्धिजीवियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यदि सही मायने में भारत को विकसित राष्ट्र 2047 के साथ-2 इस दुनिया का सिरमौर यानी विश्वगुरू बनाना है, तो इसमें शिक्षा, सामाजिक समरसता, युवा शक्ति एवं राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ युवाओ को क्षेत्रवाद, जातिवाद, धर्म सम्प्रदाय से ऊपर अखण्ड भारत के निर्माण में जुटना होगा।

उन्होंने कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद वहां हो रहे तेजी से विकास का जिक्र करते हुए कहा कि जब पाक एवं चीन अधिकृत भारत का हिस्सा भारत में फिर से जुड़ जायेगा, तो निश्चित रूप से भारत समूचे विश्व का नेतृत्वकर्ता होगा। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि शिक्षा से सशक्त, युवा शक्ति से ऊर्जावान एवं राष्ट्रवाद से प्रेरित भारत इक्कीसवीं सदी में दुनिया को नयी दिशा देने के लिए तैयार है। यह एक ऐसा भारत होगा जो ज्ञान, शक्ति, शान्ति एवं मानवता के मूल्यो के साथ विश्व का नेतृत्व करेगा। यह बढ़ते हुए बुलन्द भारत की बुलन्द तस्वीर है, जिस पर पूरी दुनिया नाज करेगी। इस अवसर पर डीन एकेडमिक डॉ. राजेश सिंह, डॉ. राजवर्धन, डॉ. ओमप्रकाश गोसाई, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा रहे।

# अमन और शांति के साथ मना शब-ए-बारात का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को शब-ए-बारात का पर्व पूरे धार्मिक और श्रद्धा भाव से अपनों की याद में समर्पित करके मनाया गया। जहां उलेमाओं ने आतिशबाजी की निंदा की वहीं पुलिस ने भी आतिशबाजों पर शिंकजा कसने में कोई कसर नहीं छोड़ी पुराने शहर में कई जगह छापेमारी करके पुलिस ने सुररी बरामद की वहीं उलेमाओं ने भी नवयुवकों को समझाया कि यह दिन श्रद्धा के साथ अपने पुर्खो की याद में इबादत करने का दिन होता है। माना जाता है कि इस रात में की गई इबादत से पूर्खो को जन्नत नसीब होती है। वहीं कुछ इलाकों में इज्तमाओं का भी आयोजन किया गया। जहां इस्लामिक विदवानों ने नबी की याद में कलाम पेश किये। वहीं इस्लाम की शिक्षा को सही तरीके से जनता में रखने की नसीहत दी और कहा कि एक सच्चा मुसलमान वह मुसलमान होता है कि अगर पड़ोस के किसी घर में फाका है तो वह भोजन को बांटकर खाए। उलेमाओं ने पश्चिमी सभ्यता से व वहां के पहनावे से दूर रहने की हिदायत दी। जिसे लोगों ने सुना।

# डीएन पॉलिटेक्निक में कैंपस प्लेसमेंट सॉफ्ट प्रो इंडिया ने 10 छात्रों को चुना




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बागपत रोड स्थित डी. एन. पॉलिटेक्निक में मंगलवार को अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

इसमें नोएडा की प्रतिष्ठित सॉफ्टवेयर कंपनी सॉफ्ट प्रो इंडिया कंप्यूटर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने हिस्सा लिया और संस्थान के होनहार विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए। संस्थान के बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में कंपनी की ओर से आए प्रतिनिधि अक्षित पाठक और निखिल राणा ने छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को कंपनी की कार्यप्रणाली, भविष्य की संभावनाओं, वेतनमान और चयन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**चयन प्रक्रिया और परिणाम:** कठिन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार इंटरव्यू के चरणों के बाद कुल 10 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। विशेष बात यह रही कि चयनित विद्यार्थियों में दो छात्राएं भी शामिल हैं, जो तकनीकी क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण का प्रमाण है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या अर्चना गोयल ने अतिथियों का स्वागत स्मृति चिह्न भेंट कर किया और चयनित छात्रों को बधाई दी। नोडल अधिकारी ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सुखदेव शर्मा ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विपिन कुमार, अर्पित बंसल और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट टीम का विशेष सहयोग रहा। प्रधानाचार्या ने बताया कि संस्थान लगातार अपने छात्र छात्राओं को बेहतर रोजगार दिलाने के लिए प्रयासरत है।

# तक्षशिला पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के वर्तमान सत्र के लिए विदाई समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल मेरठ में मंगलवार को बाहरवीं कक्षा के सत्र 2025-26 के समापन के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के चेयरमैन, प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं कक्षा बारह के सभी छात्रों एवं छात्राओं ने पूर्ण उत्साह के साथ हिस्सा लिया तथा सभी बच्चों ने आने वाले समय में शिक्षित होकर समाज की सेवा करने का वचन लिया।

इस सत्र के स्कूल के हेड बॉय एवं हेड गर्ल ने बैज ट्रांसफर सेरेमनी में हिस्सा लिया तथा स्कूल के नाम अपने-अपने संदेश पड़े। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रमों के द्वारा विदाई समारोह को यादगार बनाया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह तथा प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने आने वाली बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर करने तथा भविष्य में विभिन्न अवसरों के बारे में विस्तृत चर्चा की तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।





विदाई गीत गाते हुए बच्चे

# कृषि विवि के कुलपति ने किया अनुसंधान क्षेत्र का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त ने मंगलवार को परिसर में स्थित विभिन्न महाविद्यालय का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से अधिक से अधिक उच्च कोटि के जनरल्स में रिसर्च पेपर प्रकाशित करने के लिए निर्देश दिए साथ ही उच्च कोटि का शोध कार्य करने के लिए भी आवेशित किया। उन्होंने प्रत्येक फैकल्टी से कहा कि उसके पास कम से कम एक प्रोजेक्ट अवश्य ही होना चाहिए जिसके पास परियोजना नहीं है वह अपनी परियोजना बनाकर तैयार रखें और जैसे ही विभिन्न ऑर्गेनाइजेशन से डिमांड आती है तो तुरंत परियोजना को सबमिट करें। जिससे प्रत्येक शिक्षक शिक्षण के साथ-साथ शोध में भी अच्छा कार्य कर सके। उन्होंने कहा शोध की गुणवत्ता पर भी ध्यान दिया जाए और अधिक से अधिक पेटेंट लेने के लिए कार्य किया जाना चाहिए यदि गुणवत्ता युक्त शोध होगा तो इसका सीधा लाभ हमारे छात्रों के साथ-साथ किसानों को भी मिल सकेगा। इस भ्रमण में निद. ेशक शोध डॉ. कमल खिलाड़ी स्नातकोत्तर डॉ. गोपाल सिंह, कृषि डाक्टर विवेक टेक्नोलॉजी, डॉ. जयवीर यादव, अधिष्ठाता बायोटेक्नोलॉजी डाक्टर रविंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



# बिजली की समस्याओं को लेकर ऊर्जा भवन पर व्यापारियों ने दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मंगलवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के दर्जनों सदस्य ऊर्जा भवन पहुंचे। इस दौरान व्यापारी नेता लोकेश अग्रवाल ने एमडी पावर को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि स्मार्ट मीटर और नेट मीटर के बिल समय से नहीं बनाए जा रहे है। जबकि, 6 माह से 1 वर्ष तक कि देरी से बिल बनाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि बिल बनवाने के लिए उपभोक्ता लगातार विभाग के चक्कर लगाता है। विभाग द्वारा देरी से बिल बनाए जाने के बाद भी उपभोक्ता से विलंब अधिभार चार्ज किया जा रहा है। मवाना के अधिशासी अभियंता कार्यालय में अनस पुत्र नौशाद पिछले एक वर्ष से नाम परिवर्तन के लिए चक्कर लगा रहा है। लेकिन अभी तक विभाग के द्वारा नाम परिवर्तन कि कार्यवाही नहीं कि जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि, शिबली इश्तयाक की भूमि पर इलियास पुत्र मोहम्मद उमर ने फर्जी कागजों के आधार पर विद्युत कनैक्शन लगवा लिया। जिसकी शिकायत लगातार अधिशासी अभियन्ता मवाना प्रथम के यहां करने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जबकि, चमन सिंह फौजी पुत्र बलाकी ग्राम व पोस्ट मुरलीपुर के निवास से अवर अभियन्ता ने भी कोई कार्यवाही नहीं की। इसके अलावा शाहिद पुत्र अब्दुल सत्तर ग्राम भावनपुर पोस्ट सिवाल के विद्युत अकाउंट आईडी संख्या 771700678487 के बिल में 44.671 रुपए अधिक जमा अवर अभियन्ता राम सिंह द्वारा कराये गए और 10.297 रुपए साजिद से लेकर अपने पास रख लिए। उन्होंने कहा कि शाहिद पुत्र अब्दुल सत्तर ग्राम भावनपुर पोस्ट सियाल की यहां फर्जी विद्युत जांच दिखा कर अवर अभियन्ता राम सिंह ने बिजली चोरी की एफआईआर लिखा दी। जबकि प्रार्थी के विरोध करने पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा की गयी जांच के उपरांत भी निर्णय लेकर आवश्यक कार्यवाही नहीं की जा रही है। जो गलत है। वहीं एमडी पावर ने सभी मामलों में कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# डीएम ने एचवीपी वैक्सीनेशन को लेकर की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**गौतमबुद्धनगर।** जनपद में विद्यार्थियों के लिए नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर तथा बालिकाओं के सर्वाइकल (एचपीवी) वैक्सीनेशन अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आज कलक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने छात्रों के लिए नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लाभार्थियों को आच्छादित करने के निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय स्तर पर स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए, ताकि बच्चों में समय रहते स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान हो सके। इसके साथ ही बालिकाओं के सर्वाइकल (एचपीवी) वैक्सीनेशन अभियान को गति देने पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि लक्षित आयु वर्ग की बालिकाओं को शत-प्रतिशत टीकाकरण से आच्छादित किया जाए। इसके लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।




इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी मंगलेश दुबे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गर्लफ्रेंड ने किया सुसाइड

**नोएडा।** नोएडा में एक लड़की ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उसके बॉयफ्रेंड ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने लड़की के शव को कब्जे में लिया। परिजनों को जानकारी दी। बॉयफ्रेंड को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। युवक और युवती दोनों नोएडा के सेक्टर-19 स्थित एक होटल में रुके थे।

पुलिस ने बताया कि सुमित गौतम और कोमल दोनों एक दूसरे के परिचित थे। दोनों दिसंबर 2024 से रिलेशन में थे। सोमवार रात को सुमित कोमल के साथ सेक्टर-19 स्थित एक होटल में जाकर रुका। रात में किसी समय कोमल ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। सुमित ने खुद इसकी जानकारी डायल-112 पर दी। सुमित गौतम नार्थ दिल्ली का रहने वाला है। वहीं, कोमल फरीदाबाद की रहने वाली थी। सुमित गौतम शादी शुदा है। उसकी आठ साल की एक बेटी है। कोमल का मोबाइल फोन की जांच हो रही है। होटल के जिस कमरे में सुसाइड किया उसे सीज किया गया है।

# नोएडा ट्विन टावर मामले में विजिलेंस टीम की जांच जारी

**■ नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे अधिकारी, मांगे दस्तावेज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-93ए में बनाए गए सुपरटेक ट्विन टावर को गिरे हुए चार साल से ज्यादा हो गए। इस मामले में गठित लखनऊ विजिलेंस की जांच अब अपने फाइनल पड़ाव पर है।

मंगलवार को विजिलेंस की टीम प्राधिकरण कार्यालय पहुंची। टीम ने ट्विन टावर से जुड़े कंप्लीशन सर्टिफिकेट, कमेटी की रिपोर्ट, डेमोलिशन रिपोर्ट और इससे जुड़े दस्तावेज लिए। टीम करीब दो से ढाई घंटे तक प्राधिकरण में रही। बिल्डर और नोएडा प्राधिकरण के तत्कालीन अधिकारियों की सांठगांठ से सेक्टर-93ए स्थित सुपरटेक एमरॉल्ड कोर्ट सोसाइटी परिसर में ट्विन टावर खड़े हुए थे।

एओए की तरफ से साल 2012 में हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। 2014 के मार्च में हाइकोर्ट ने इनको ध्वस्त करने का आदेश दिया। इसके खिलाफ बिल्डर सुप्रीम कोर्ट गया। 31 अगस्त 2021 को इनको ध्वस्त करने के आदेश दिया। इसके बाद 28 अगस्त 2022 को ट्विन टावर ध्वस्त कर दिए गए।

**एसआईटी की रिपोर्ट के बाद दर्ज हुई थी एफआईआर:** एसआईटी की जांच रिपोर्ट के बाद नोएडा प्राधिकरण के नियोजन विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक वैभव गुप्ता की तरफ से अक्टूबर 2021 को लखनऊ विजिलेंस में तत्कालीन सीईओ, एसीईओ सहित 24 अधिकारी, सुपरटेक के चार निदेशक और दो आर्किटेक्ट कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। एफआईआर दर्ज हुए करीब चार साल से ज्यादा समय हो गया है। माना जा रहा है कि जल्द ही एक्शन हो सकता है।

**निचले पायदान पर हो चुका एक्शन:** इस मामले में प्राधिकरण के नियोजन विभाग में कार्यरत रहे सहयुक्त नगर नियोजक ऋतुराज व्यास, नियोजन सहायक मुकेश गोयल, सहायक प्रबंधक नियोजक अनीता और सहयुक्त नगर नियोजक विमला सिंह को निलंबित कर दिया गया था लेकिन एसीईओ-सीईओ स्तर के एक भी बड़े अफसर पर शासन स्तर से कार्रवाई नहीं हुई है। इनमें से प्राधिकरण की सेवा में कार्यरत रहे।। अधिकारियों की जांच ग्रेटर नोएडा के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने की।

## गाली-गलौच के विरोध पर मारपीट

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के फलैदा गांव में गाली गलौच का विरोध करने पर कुछ आरोपियों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। इस हमले में एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को तीन नामजद समेत चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फलैदा गांव निवासी मुकेश ने शिकायत दर्ज कराई है। उनके अनुसार, सोमवार रात उनके भाई की पत्नी शिवाका अपने परिवार के दुष्यंत और दक्ष के साथ भैंस लेकर जा रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान रास्ते में गांव के ही राजू, लखन, सुभाष और एक अन्य व्यक्ति ने उन्हें बेवजह गाली देना शुरू कर दिया। गाली गलौच का विरोध करने पर आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए।

# प्राधिकरण की लापरवाही से 'ग्रीन बेल्ट' बनी जानलेवा दलदल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नोएडा।** एक ओर नोएडा प्राधिकरण शहर को आधुनिक और सुव्यवस्थित बताने में जुटा है, वहीं दूसरी ओर सेक्टर-151 की जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। सेक्टर-151 स्थित कॉडली वर्क सर्किल-10 में इस्कान मंदिर के सामने बनी ग्रीन बेल्ट की रोड गंभीर जलभराव के कारण दलदल में तब्दील हो चुका है। हालात इतने बदतर हैं कि आम नागरिकों का पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है।

सेक्टर-151 में ग्रीन बेल्ट के पास चार लेन की मुख्य सड़क है, लेकिन जलनिकासी की कोई ठोस व्यवस्था न होने से आसपास के नालों और सीवर लाइन का गंदा पानी लगातार यहां जमा हो रहा है। पानी निकासी के रास्ते बंद हैं,



नालियां ओवरफ्लो हैं और वर्षों से कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। नतीजा यह है कि मिट्टी धंस चुकी है और पूरी ग्रीन बेल्ट दलदल बन गई है।

थोड़ी सी चूक किसी बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा सर्वे किए जाने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। यहां भी सीवर और नालों का गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है, क्योंकि जलनिकासी की योजना सिर्फ कागजों तक सीमित है।

**न रेलिंग न संकेत, ये हैं हालात, रात में अधिक खतरनाक:** ग्रीन बेल्ट के समीप चार लेन की मुख्य सड़क होने के बावजूद सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। सड़क किनारे न तो रेलिंग लगी है और न ही चेतावनी संकेत, जिससे तेज रफ्तार वाहनों और राहगीरों के लिए खतरा बना रहता है।

वहीं, रात के समय अधिकांश स्ट्रीट लाइटें खराब रहने से अंधेरा छाया रहता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाती है। वहीं क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद संबंधित विभागों ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

## एक नजर

### रेलिंग तोड़कर गोलचक्कर के अंदर घुसा बालू से लदा अनियंत्रित ट्रक

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के डेल्टा-1 गोलचक्कर के पास एक कोहरे के कारण कम दृश्यता के चलते एक ट्रक चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ट्रक गोलचक्कर की रेलिंग तोड़ते हुए अंदर घुस गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि या चोट की सूचना नहीं है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार रात को इलाके में घना कोहरा छाया हुआ था। सड़कों पर दृश्यता बेहद कम थी। ट्रक तेज गति में होने के कारण समय रहते ब्रेक नहीं लग पाया और वह सीधे डेल्टाग्रेड गोलचक्कर से टकरा गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की तत्परता से स्थिति जल्द ही नियंत्रण में आ गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बालू से लदे दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को हाइड्रा की मदद से सड़क से हटवाया गया। जिससे मार्ग को पूरी तरह से खाली कराया जा सका। हादसे के दौरान किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई है।

### स्वयंसेवकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-12 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई की ओर से गिझौड़ गांव में सात दिवसीय विशेष शिविर चलाया जा रहा है। इसके छठे दिन मंगलवार को यातायात व सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। रोड सेफ्टी सेल इंचार्ज कपिल कुमार ने सभी स्वयंसेवकों को यातायात और सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने स्वयंसेवकों से यह शपथ भी ली कि वह नियम अपने घर परिवार और पड़ोसियों को भी जाकर बताएंगे। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गांव में जाकर ग्राम वासियों को भी सड़क सुरक्षा नियमों और यातायात नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मोहित वशिष्ठ के मार्गदर्शन में हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिखा दीक्षित ने किया।

### ग्रेनो में एनडीआरएफ के लिए केंद्र खुलेगा

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट रेजिडेंशियल वेलफेयर फेडरेशन (डीडीआरडब्ल्यू) का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को ग्रेटर नोएडा के एसीईओ सौम्या श्रीवास्तव और श्रीलक्ष्मी से मिला। उन्होंने नोएडा-ग्रेनो की मूलभूत समस्याओं सहित सेक्टर-150 में इंजीनियर युवराज मेहता की मौत में रही अनियमितताओं को उठाया। उन्होंने इस तरह की घटनाओं की रोकथाम के लिए एक (क्विक रिस्पांस टीम) क्यूआरटी का गठन करने की मांग की। एसीईओ सौम्या श्रीवास्तव ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि ग्रेटर नोएडा में जल्द राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के लिए केंद्र खोला जाएगा। इसके लिए इसी माह जमीन उपलब्ध करा दी जाएगी। टीम में 30 अधिकारी और कर्मचारी होंगे। उन्हें सभी संसाधन उपलब्ध होंगे।

### चोरों ने लाखों रुपये की अर्थिंग स्ट्रिप चुराई, पुलिस ने दर्ज किया केस

**यमुना सिटी (शाह टाइम्स)।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-29 क्षेत्र से इलेक्ट्रिकल नेटवर्क की लाखों रुपये की अर्थिंग स्ट्रिप चोरी हो गई है। प्राधिकरण की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यमुना प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक बलराज सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार देर रात सेक्टर-29 में स्थापित इलेक्ट्रिकल नेटवर्क से महत्वपूर्ण अर्थिंग स्ट्रिप चुरा ली गई। चोरी की इस घटना से विद्युत नेटवर्क को नुकसान पहुंचा है। मंगलवार सुबह निरीक्षण के दौरान चोरी का पता चला, जिसकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की तलाश कर रही है। अधिकारियों ने जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। स्थानीय निवासियों ने क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों पर चिंता व्यक्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच करने और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

# थार ड्राइवर ने फुटपाथ पर खड़ी कार-बाइक को रौंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नोएडा।** शीशे पर काली फिल्म चढ़ाए नशे में थार के चालक ने सड़क किनारे फुटपाथ पर कार और उसके पीछे खड़ी बाइक में टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीमत रही की कार और बाइक पर कोई सवार नहीं था, इससे बड़ा हादसा टल गया। घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर थार वाहन कब्जे में लेकर सीज की है। घटना बीटा दो कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर अल्फा वन की है। ई-238 निवासी शिवम मिश्र के मकान के सामने रोड की दूसरी तरफ फुटपाथ है। फुटपाथ पर उन्होंने अपनी कार और उसके पीछे बाइक खड़ी की थी। सोमवार दोपहर करीब 1.40 बजे तेज रफ्तार कार चालक ने कार में टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर से कार पीछे खड़ी बाइक से टकरा गई। इससे उनके दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद आरोपी थार चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला। शिवम ने बताया कि कुछ देर पहले ही वह गाड़ी से निकल कर घर पहुंचे थे। यदि गाड़ी में होते तो हादसे का शिकार होने की आशंका थी। बताया कि चालक नशे में था। उसने कार के शीशे पर प्रतिबंधित काली फिल्म चढ़ा रखी थी। गाड़ी नंबर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया घटना स्थल की जांच कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले थे। आरोपी की पहचान युवराज निवासी ग्राम सपनावत, जनपद हापुड़ के रूप में हुई। आरोपी को गिरफ्तार कर थार वाहन भी कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पार्क में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चिपियाना गांव में रहने वाले एक युवक ने रविवार को फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मृतक की पहचान गांव झबरी थाना हरगांव जिला सीतापुर निवासी रुचित कुमार (24) के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि सोमवार सुबह करीब छह बजे डायल-112 पर सूचना मिली थी कि एक युवक ने रुद्रा निर्माणाधीन बिल्डिंग के सामने पार्क में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। शव को पेड़ के फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। युवक वर्तमान में अपने पिता और परिजन के साथ किराये के मकान में गांव चिपियाना में रहता था। युवक दिहाड़ी कामगार था। उसके पिता भी दिहाड़ी कामगार हैं।

# आईटी सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए ग्रेनो प्राधिकरण की खास पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में आईटी निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्राधिकरण ने एक खास पहल की है। सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर प्राधिकरण की टीम आवंटियों और निवेशकों से मिलकर आईटी सेक्टर की अड़चनों और उनको हल करने के सुझाव प्राप्त कर रही है। प्राधिकरण के वरिष्ठ अफसर भी इस काम में जुट गए हैं। दरअसल, ग्रेटर नोएडा में आईटी सेक्टर के लिए अपार संभावनाएं हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर के नजरिए से भी ग्रेटर नोएडा एनसीआर के अन्य शहरों से आगे है। नोएडा एयरपोर्ट भी जल्द शुरू होने जा रहा है। यहां आईटी के लिए भूखंडों की पर्याप्त उपलब्धता है। प्राधिकरण जल्द ही स्कीम लाना चाह रहा है, लेकिन प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की मंशा है कि मौजूदा आवंटियों और इच्छुक निवेशकों से मिलकर आईटी कंपनियों से जुड़ी समस्याओं और उनको हल करने के बाद आईटी भूखंड की स्कीम लांच की जाए। सीईओ के निर्देश पर प्राधिकरण के आईटी विभाग की कंपनियों के प्रबंधन से संपर्क कर रही है। इस बीच ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह और एसीईओ प्रेरणा सिंह ने भी हाल ही में टेकजोन-4 स्थित 5 कंपनियों, ओसियन इंफ्रा हाइट्स, एसपीआई आईटी, एडवांस कंप्यूसॉफ्ट, अर्था इंफ्राटेक और भूटानी आईटी पार्क का जायजा लिया। कंपनियों के प्रबंधन से आईटी सेक्टर की समस्याओं पर बात की। वे लोग प्राधिकरण की आईटी भूखंडों के आवंटन की शर्तों में किस तरह का बदलाव चाहते हैं, भूखंड आवंटित होने के बाद उद्यम शुरू करने में क्या दिक्कत आ रही है, आईटी में किस कैटेगरी के वर्क का अधिक स्कोप है, इस तरह के तमाम मुद्दों पर दोनों अधिकारियों ने आईटी कंपनियों के प्रतिनिधि से बात की और उनसे प्राप्त सुझावों को हाथ अर्थारिटी के समक्ष रखने का आश्वासन दिया।

एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने कहा कि आईटी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्राधिकरण हर संभव कदम उठाने को तैयार है। आईटी कंपनियों से सुझावों को प्राप्त कर प्राधिकरण बोर्ड और शासन के समक्ष रखा जाएगा। प्राप्त अनुमति के आधार पर आगे कदम बढ़ाया जाएगा।

## सेक्टर-150 में लगेंगे सीसीटीवी

**नोएडा।** नोएडा में युवराज की मौत के बाद प्राधिकरण अब सेक्टर-150 में सीसीटीवी कैमरे लगाने जा रहा है। ये कैमरे इंटीग्रेटेड सिक्यूरिटी ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईएसटीएमएस) के तहत लगाने जा रहा है। कैमरा ब्लैक स्पाट के अलावा सेक्टर-150 की मुख्य सड़क और सोसाइटी के बाहर रोड पर लगाए जाएंगे। जिनकी लाइव निगरानी सेक्टर-94 कमांड कंट्रोल रूम से की जाएगी। प्राधिकरण ने हाल ही में 65 ब्लैक स्पॉट को चिन्हित किया था। जिसमें 15 स्पॉट पर खुद और 50 पर डेवलपर काम करवा रहा है। सेक्टर-150 में घटना स्थल और उसके आसपास क्रैश बैरियर लगाए जा चुके हैं। अब इसे और सुरक्षित बनाते हुए हाइ रेज्यूल्यूशन कैमरे लगाए जाएंगे। कंपनी सर्वे कर रही है कि यहां कितने कैमरे लगाए जाए। इसकी लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी।

# मुस्लिम धर्म गुरु पर हमले का मामला

**■ सुप्रीम कोर्ट का यूपी सरकार से सवाल- जब एफआईआर सही धाराओं में नहीं, तो जांच कैसे आगे बढ़ेगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नोएडा।** सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा में मुस्लिम मौलवी पर कथित हमले के मामले में यूपी सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा- केवल जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर देना, उचित कानूनी धाराओं में एफआईआर दर्ज न करने का विकल्प नहीं हो सकता। न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने स्पष्ट शब्दों में टिप्पणी करते हुए कहा- जांच अधिकारी के खिलाफ जांच कार्यवाही करना उचित प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज न करने का समाधान नहीं है।"

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ दिल्ली निवासी काजीम अहमद शेरवानी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता का आरोप है कि साल 2021 में उनको मुस्लिम पहचान के कारण एक समूह ने उन पर हमला किया था। याचिका में निष्पक्ष जांच कराने और शिकायत दर्ज न करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने अदालत को बताया कि यह कोई एकल घटना नहीं है, बल्कि ऐसे मामलों में प्रशासन की अनिच्छा बार-बार देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद भले ही एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन उसमें हेट क्राइम से संबंधित आईपीसी की महत्वपूर्ण धाराएं, धारा 153ए और 295। शामिल नहीं की गईं।

**धारा 196 सीआरपीसी और सरकारी मंजूरी का सवाल:** अहमदी ने दलील दी कि आरोपों के आधार पर ये धाराएं स्पष्ट रूप से लागू होती हैं। इस पर जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि इन धाराओं में संज्ञान लेने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 196 के तहत सरकारी मंजूरी आवश्यक होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक उचित धाराओं में एफआईआर दर्ज नहीं होगी, तब तक मंजूरी और आगे की जांच की प्रक्रिया संभव नहीं है।

**विभागीय कार्रवाई पर कोर्ट की तीखी टिप्पणी:** उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज ने अदालत को बताया कि यह जांच अधिकारी की गलती थी और उसके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

इस पर जस्टिस मेहता ने तीखी टिप्पणी करते हुए पूछा, "क्या विभागीय कार्रवाई से एफआईआर की कमी पूरी हो जाती है?" उन्होंने कहा कि उचित धाराओं में एफआईआर दर्ज किए बिना जांच और मंजूरी की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकती।

# फर्जी कागजातों से 10 बीघा जमीन बेची, छह आरोपियों पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में फर्जी कागजात तैयार कर 10 बीघा जमीन बेचने का मामला सामने आया है। जालसाजों ने एक ऐसी जमीन बेची जो मौके पर मौजूद ही नहीं थी। इस धोखाधड़ी का शिकार हुए खरीदार की शिकायत पर न्यायालय के आदेश से पुलिस ने दो नामजद सहित छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह घटना मेहंदीपुर गांव की है, जहां जालसाजों ने लगभग 10 बीघा जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाए और उसे लाखों रुपये में बेच दिया। पीड़ित ने बताया कि यह जमीन असल में कभी मौके पर थी ही नहीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, देहरादून निवासी नीरज गर्ग ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने वर्ष 2009 में निवेश के उद्देश्य से जमीन खरीदने की योजना बनाई थी। इसी दौरान वह अपने एक दोस्त के माध्यम से गाजियाबाद निवासी कुसुम आर्य और सत्य भूषण आर्य के संपर्क में आए। कुसुम आर्य और सत्य भूषण आर्य ने कुछ स्थानीय लोगों की मदद से नीरज गर्ग को मेहंदीपुर गांव में करीब 10 बीघा जमीन दिखाई। बाद में इस जमीन की रजिस्ट्री कराकर नीरज गर्ग से 4.65 लाख रुपये ले लिए गए। कुछ समय बाद जब पीड़ित ने जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की, तो आरोप है कि डीलरों ने कई वर्षों तक बहाने बनाकर टालमटोल की। पीड़ित को बाद में पता चला कि जमीन मौके पर कहीं मौजूद ही नहीं थी। जालसाजी का पता चलने पर उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे, जिस पर आरोपियों ने उन्हें धमकाया और अभद्रता की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी कुसुम आर्य, सत्य भूषण आर्य और चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सेक्टर-81 में वाहन से कुचलकर कंपनीकर्मी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नोएडा।** सेक्टर-81 में अज्ञात वाहन ने कंपनीकर्मी को कुचल दिया। राहगीरों की मदद से घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। झांसी निवासी नितिन कुमार ने फेज-2 थाने में शिकायत दी कि वह बरौला गांव में परिवार के साथ रहते हैं। उनके पिता महेश कुमार एनएसईजेड मेट्रो स्टेशन के पास स्थित कंपनी में नौकरी करते थे। वह 27 जनवरी की रात करीब आठ बजे ड्यूटी खत्म होने के बाद घर आ रहे थे। सेक्टर-81 में अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। इससे महेश के सिर, हाथ और सीने में गंभीर चोटें आईं।

महेश काफी देर तक सड़क पर तड़पते रहे। राहगीर उन्हें अस्पताल लेकर गए। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। सेक्टर-58 निवासी आदित्य कुमार ने एक्सप्रेसवे थाने में शिकायत दी कि सेक्टर-130 में उनकी बहन रहती है। युवती 19 जनवरी को सुबह करीब 10 बजे सेक्टर-137 स्थित कंपनी में नौकरी करने जा रही थी। रास्ते में तेज रफ्तार कार चालक ने युवती को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह बेहोश हो गई। लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। अब भी उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# रेलवे का बड़ा केंद्र बनाया जाए: सुरेंद्र नागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**ग्रेटर नोएडा।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर ने मंगलवार को सदन में ग्रेटर नोएडा को रेलवे का बड़ा हब बनाने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने लंबी दूरी की ट्रेन के स्टॉपेज दादरी और बोड़ाकी स्टेशन पर करने के लिए कहा। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान सांसद सुरेंद्र नागर ने कहा कि ग्रेटर नोएडा की आबादी 12 लाख से अधिक है। यहां पर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड समेत आसपास के कई राज्यों के लोग रहते हैं। दूसरे राज्यों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी पढ़ने के लिए आते हैं।

इसके बावजूद लंबी दूरी की ट्रेन पकड़ने के लिए लोगों को ग्रेटर नोएडा से 50 किलोमीटर दूर गाजियाबाद या दिल्ली जाना पड़ता है।

उन्होंने मांग की कि ग्रेटर नोएडा के दादरी और बोड़ाकी रेलवे स्टेशन से रोजाना प्रयागराज रीवा सुपर फास्ट एक्सप्रेस, वंदे भारत, शताब्दी एक्सप्रेस और शिवगंगा एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें गुजरती हैं, लेकिन उनका ठहराव नहीं है। इन तीनों ट्रेनों के दादरी और बोड़ाकी में ठहराव की अनुमति दी जाए ताकि यहां के लोगों को राहत मिल सके। इसके साथ ही जनहित में ग्रेटर नोएडा को रेलवे हब बनाने के लिए बोड़ाकी रेलवे स्टेशन का जल्द विकास किया जाए।

# आंगनबाड़ी केंद्रों को मिला नया फर्नीचर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**ग्रेटर नोएडा।** बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में आज नायब तहसीलदार ज्योत्सना द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों हेतु उपलब्ध कराए गए खिलौना एवं फर्नीचर का भौतिक सत्यापन किया गया।

इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी सन्ध्या सोनी एवं पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए, फर्नीचर, शिशु डेस्क तथा इंटरलॉकिंग मैट का विवरण किया गया, जिससे बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं अनुकूल शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। इसी क्रम में आरबीएसके टीम के डॉ. मनीष द्वारा एनडीडी कार्यक्रम के अंतर्गत कृमिनाशक दवा का वितरण किया गया। साथ ही



समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आगामी 10 फरवरी को आयोजित होने वाले कृमिनाशक दिवस के अवसर पर एल्बेंडाजोल दवा का वितरण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

सेक्टर मीटिंग के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण ट्रैकर, ऑपरेटर आईडी, आयुष्मान कार्ड, चउउअल फार्म भरवाने, अपार आईडी एवं एफआरएस से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ सीडीपीओ एवं पर्यवेक्षकों के निर्देशन में प्रदान की गईं, जिससे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को गति मिल सके।

इसके अतिरिक्त स्वाभिमान होंडा इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय, सूरजपुर (ग्रेटर नोएडा) में शौचालय नवनीकरण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कराया गया। उक्त कार्य के सफल संपादन हेतु सीडीपीओ दनकौर द्वारा होंडा इंडिया फाउंडेशन की टीम के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# लापता युवक का शव मिलने से हड़कंप

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, स्कूटी के पास मिलीं बियर की बोतलें

शाह टाइम्स संवाददाता

**नांगल सोती।** गायब युवक का शव संदिग्ध हालत मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत रायपुर खास के गांव (मंडैयो) निवासी रतिराम सिंह का पुत्र कामेंद्र सिंह (26 वर्ष) सोमवार की शाम 5 बजे से लापता हो गया था, जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी थी। सूचना पर पुलिस ने युवक की गुमशुदगी दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी थी। आज सुबह ग्रामीण और मृतक के परिजन युवक की तलाश में जुटे थे। गंगा खादर जाने वाले मार्ग पर गंगा मंदिर के निकट उसकी स्कूटी पड़ी दिखाई थी। ग्रामीणों ने देखा कि युवक का शव स्कूटी के पास ही कुछ दूरी पर पड़ा है। शव के पास तीन चार डिस्पोजल गिलास, तीन खाली बीयर की बोतल, एक अंग्रेजी शराब का खाली क्वाटर, कुछ पकौड़ी और माचिस पड़ी है। शव को देख कर परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। नजीबाबाद क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह, नांगल थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर, मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटना की सूचना उच्चाधिकारियों और फॉरेंसिक टीम को दी। फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। टीम अपने साथ मौके से कुछ साक्ष्य साथ ले गई।

थाना अध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि मृतक युवक के पास से कुछ जहरीला पदार्थ भी मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मृत्यु के सही कारणों का पता चलेगा। मृतक के पिता ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए कार्यवाही के लिए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।







### ग्रामीणों ने चार घंटे तक नहीं उठने दिया शव

**नांगल सोती।** लापता युवक का शव गंगा खादर मार्ग पर गंगा मंदिर के समीप पड़ा मिलने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश उत्पन्न हो गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी। पुलिस की इस कार्यवाही से ग्रामीण भड़क गए और हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए कार्यवाही की मांग पर अड गए। कुछ ग्रामीणों और पुलिस के समझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के भेजा गया। इस दौरान चार घंटे तक शव मौके पर पड़ा रहा। इस दौरान मृतक के परिजन और ग्रामीण मौके पर डटे रहे।

### पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी कैमरे

**नांगल सोती।** युवक का शव संदिग्ध अवस्था में गंगा खादर के सुनसान इलाके में मिलने और शव के पास डिस्पोजल गिलास, शराब की खाली बोतल, फास्ट फूड और काफी मात्रा में पकौड़ी मिलने के साथ और परिजनों द्वारा हत्या की आशंका की तहरीर मिलने से पुलिस इस घटना को कई एंगल से देख रही है। पुलिस घटना के बाद से पूरे दिन क्षेत्र के सीसीटीवी खंगालती रही।

## मकान में आग लगने से सामान और नकदी जल कर राख



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** कोतवाली शहर क्षेत्र के मौहल्ला नई बस्ती में देर शाम एक मकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में घर में रखा लाखों का सामान और 50 हजार की नगदी जलकर राख हो गई।

यह घटना नई बस्ती निवासी बाला देवी पत्नी स्व. वीरेंद्र कुमार के मकान में हुई। बाला देवी ने अपने बेटे की शादी के लिए घर में काफी सामान इकट्ठा कर रखा था, जो आग की भेंट चढ़ गया। घटना के समय बाला देवी घर पर अकेली थीं। उनके दोनों बेटे नोएडा में नौकरी करते हैं और इकलौती बेटी की शादी हो चुकी है। बाला देवी घर में ही एक छोटी परचून की दुकान चलाती हैं।

बताया जा रहा है कि शाम के समय उन्होंने कमरे में रखी मूर्ति के सामने दिया जलाया था और उसके बाद दुकान पर आ गई थीं। आशंका जताई जा रही है कि इसी दिए से आग लगी, जिसने देखते ही देखते पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया।

आग की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक घर का अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था।

## गायत्री शक्तिपीठ पर गायत्री यज्ञ

**नजीबाबाद।** गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद पर पूर्णिमा पर्व पर नौ कुण्डीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्मवादिनी बहनों की टोली श्रीमती सारिका अग्रवाल, कामेश शर्मा, पुष्पा शर्मा, नीलम बरनवाल ने नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ संपन्न कराया। विपिन राजपूत ने मुख्य दीप प्रज्वलित किया। गायत्री साधकों ने संत रविदास को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि महापुरुष संपूर्ण विश्व के लिए वंदनीय होते हैं। संत रविदास को मीराबाई ने गुरु रूप में माना। गायत्री परिवार जिला समन्वयक पुखराज सिंह, जिला सह समन्वयक जितेन्द्र सिंह द्वारा गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद एवं किरतपुर की ब्लॉक समन्वय समितियों का पुनर्गठन किया गया। जिसमें श्रीमती कामेश शर्मा को ब्लॉक समन्वयक नजीबाबाद, मंजीत गहलौत को किरतपुर ब्लॉक समन्वक बनाया गया। कमल शर्मा, महेश चंद्र, महीपाल सिंह, अशोक वर्मा, राज भटनागर, हरीश शर्मा, सुमन वर्मा, रिंकी सिंह, प्रेमलता शर्मा, आदि मौजूद रहे।

## बजट में किसान खाली हाथ : अचल शर्मा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) के बिजनौर युवा जिलाध्यक्ष अचल शर्मा ने केंद्रीय बजट 2026 को लेकर गहरी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि हर साल की तरह इस बार भी किसानों को बजट से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन केंद्र सरकार ने किसानों के हित में कोई ठोस और प्रभावी प्रावधान नहीं किया। बजट में किसान एक बार फिर खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

अचल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री लगभग हर मंच से किसानों के विकास और आय दोगुनी करने की बात करते हैं, लेकिन जब बजट आता है, तो किसानों के लिए घोषणाएं केवल कागजों तक सीमित रह जाती हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को उम्मीद थी कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस बार खेती-किसानी को लेकर कुछ ठोस फैसले लेंगी, लेकिन बजट में ऐसा कुछ भी नजर नहीं आया।

उन्होंने बताया कि खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है। उर्वरक, बीज, कीटनाशक, डीजल और मजदूरी सभी के दाम आसमान छू रहे हैं। इसके बावजूद किसानों की



फसलों के समर्थन मूल्य में उस अनुपात में बढ़ोतरी नहीं की जाती, जितनी महंगाई बढ़ रही है। अचल शर्मा ने कहा कि जब महंगाई बढ़ती है तो व्यापारी अपने उत्पादों के दाम बढ़ा लेते हैं और सरकारी कर्मचारियों के भत्ते भी बढ़ जाते हैं, लेकिन किसान की फसल का मूल्य वही का वही रहता है।

भाकियू नेता ने उर्वरकों के दामों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यूरिया की बोरी 50 किलो से घटाकर 45 किलो कर दी गई है, लेकिन कीमतों में कोई राहत नहीं दी गई। वहीं एनपीके खाद का एक बैग करीब 1960 रुपये तक पहुंच गया है, जो छोटे और मंझोले किसानों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन रहा है।

अचल शर्मा ने सुझाव दिया कि सरकार को उर्वरकों पर सब्सिडी बढ़ानी चाहिए थी या कम से कम किसानों को राहत देने के लिए दाम घटाने चाहिए थे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अच्छे और प्रमाणित बीज सस्ते दामों पर किसानों को उपलब्ध कराने के लिए बजट में कोई ठोस योजना होनी चाहिए थी।

उन्होंने यह भी कहा कि अगर सरकार वास्तव में किसानों की आय बढ़ाना चाहती है, तो फसलों से जुड़े कल-कारखाने और प्रोसेसिंग यूनिट गांवों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित करनी चाहिए थीं। इससे न केवल किसानों को उनकी उपज का बेहतर दाम मिलता, बल्कि ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होते। अचल शर्मा ने आरोप लगाया कि हर साल बजट के नाम पर किसानों को केवल आश्वासन और 'मीठी गोली' दी जाती है, जबकि जमीनी स्तर पर उनकी समस्याएं जस की तस बनी रहती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने किसानों की अनदेखी जारी रखी, तो किसान संगठनों को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# ऐतिहासिक होगा पेंशन क्रांति महासम्मेलन

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सभी शिक्षक एवं कर्मचारी होंगे शामिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** 15 फरवरी इंदिरा बाल भवन बिजनौर में होने वाले पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता को लेकर सिंचाई विभाग में सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष शूरवीर सिंह की अध्यक्षता एवं इरिगेशन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार के संचालन में बैठक आयोजित हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने सभी कर्मचारियों से पेंशन क्रांति महा सम्मेलन में शामिल होने का आह्वान करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है जिसके लिए संगठित होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। आगामी 15 फरवरी को राष्ट्रीय विजय कुमार बंधु की अगुवाई में पेंशन क्रांति महासम्मेलन आयोजित होगा। मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के जिला मंत्री रविश चौधरी ने कहा कि 15 फरवरी को इंदिरा बाल भवन में सिंचाई विभाग में हमारा प्रत्येक कर्मचारी प्रतिभाग कर अपने हिस्से का संघर्ष पुरानी पेंशन वाले के लिए करेगा। सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह ने सभी महासम्मेलन में सभी कर्मचारियों पहुंचने का आह्वान किया।



इस अवसर पर अटेवा जिला आईटीआई सेल प्रभारी आकाश दीप, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष वीरपाल सिंह एवं संदीप कुमार, मनोज कुमार, नितिन कुमार, मिथुन कुमार, महिपाल सिंह, सितेश कुमार, संजय गुप्ता, उमेश चंद्रा, खूब सिंह, सुनील कुमार, विकास कुमार, विशाल चौधरी, आशीष कुमार, सुशील वर्मा, प्रदीप रावत, दिलीप सिंह, अभिनय राजपूत, सतीश चंद्र रवि, रोहताश सिंह, संजय कुमार, अंकित कुमार, दीपक कुमार, प्रदीप कुमार, मुनेंद्र सिंह, हेमेंद्र सिंह, विकास विश्नोई, दुष्यंत कुमार, राहुल कुमार, दीपक सिंह भारद्वाज, ब्रह्मपाल सिंह, कवेंद्र सिंह, पवन कुमार, महेश कुमार, अंजलि, मुकेश कुमार, विक्रांत, राकेश कुमार, पवन, अकरम, सुनील कुमार, अनुज कुमार, सुशील कुमार, प्रशांत कुमार, रूपेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## उधार के पैसे मांगने पर युवक से गाली-गलौज




### पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** एक युवक ने क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति पर उधार दिए गए पैसे वापस न करने तथा मांगने पर गाली-गलौज और अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

स्योहारा के मौहल्ला मिलकियान निवासी सागर कुमार पुत्र रमेश सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसने 22 फरवरी 2023 को नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर निवासी एक व्यक्ति को एक लाख रुपये उधार दिए थे। इतना ही नहीं इसके बाद आरोपी ने फिर पैसों की मांग की तो उसने अपने दोस्त प्रमोद कुमार पुत्र रामपाल सिंह से उसे 15 अप्रैल 2025 को एक लाख रुपये ओर दिलवा दिए थे। पीड़ित ने बताया कि रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने बीती 20 जनवरी को 60 हजार रुपये वापस कर दिए। लेकिन शेष 1 लाख 40 हजार रुपये देने में टालमटोल कर रहा है। आरोप है कि जब भी वह अपने पैसे वापस मांगता है, तो आरोपी उसके साथ अभद्रता करते हुए गंदी-गंदी गालियां दे रहा है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही की बात कही है।

## शिवरात्रि और कांवड़ यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन ने कमर कसी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** शिवरात्रि और कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और निर्बाध बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन और विद्युत विभाग ने कमर कस ली है। इसी क्रम में नहटौर क्षेत्र से गुजरने वाले कांवड़ मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग ने एक विशेष अभियान चलाया।

कांवड़ यात्रा के दौरान अक्सर बारिश का मौसम रहता है, जिससे लोहे के विद्युत खंभों में करंट उतरने का खतरा बढ़ जाता है। श्रद्धालुओं, विशेषकर ऊँची कांवड़ लेकर चलने वाले शिवभक्तों की सुरक्षा को देखते हुए, विभाग ने मुख्य मार्ग पर स्थित सभी विद्युत खंभों को पॉलीथिन और प्लास्टिक शीट से कवर कर दिया है।

विद्युत विभाग के साथ-साथ पुलिस प्रशासन भी कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर रहा है। सड़कों की मरम्मत और सफाई का कार्य भी अंतिम चरण में है ताकि शिवभक्तों को अपनी यात्रा के दौरान किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े।



जेई चेतराम सिंह का कहना है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बारिश के कारण खंभों में करंट न आए, इसलिए सभी पोल को पॉलीथिन से ढका गया है और जर्जर तारों को बदला जा रहा है।

## मिलकर करेंगे पार्टी को मजबूत: शेरबाज पठान

### मौहम्मद ताहिर से की मुलाकात

शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** आजाद समाज पार्टी (भीम आर्मी) जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर के निवास पहुंचकर शेरबाज पठान ने खुशूसी मुलाकात की।

पालिकाध्यक्षा पति शेरबाज पठान मौहल्ला कटकुई स्थित आसपा जिला प्रभारी व विधानसभा प्रभारी मौहम्मद ताहिर के निवास पर पहुंचे। शेरबाज पठान ने कहा कि जिले में पार्टी को अब मिलकर मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने आगामी जिला पंचायत चुनावों की तैयारी को लेकर आपसी चर्चा की। शेरबाज पठान ने कहा कि आजाद समाज पाटी को जिले में और अधिक मजबूत बनाना है, जिसके लिये हम सभी को बूथ लेबल से लेकर जिला स्तर तक तैयारी करनी है। जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने कहा कि आजाद समाज पार्टी जिले में जिला पंचायत की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी और चुनाव जीतने के लिये ही लड़ा जायेगा। इसके लिये पार्टी हाईकमान के दिशा निर्देश पर जो कुछ भी आदेश होंगे उनका पालन किया जायेगा। मौहम्मद ताहिर ने शेरबाज पठान को पार्टी में शामिल होने पर अपनी ओर से मुबारकबाद दी तथा साथ मिलकर पार्टी हित में कार्य करने की बात कही। इस मौके पर पार्टी मुखिया सांसद एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद के विचारों को और पार्टी की नीतियो कों जन-जन तक पहुंचाने का काम करने का सभी को संकल्प दिलाया। इस मौके पर आसपा जिलाध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष आदि सहित बड़ी संख्या में पार्टी समर्थक शामिल रहे।



## एक नजर

### मंडावली में बेहोश मिला व्यक्ति

**मंडावली।** एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में सड़क पर मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। यह घटना मंडावली में आरा मशीन के पास हुई। व्यक्ति को बेहोशी की हालत में देखा गया और उसके मुंह से झाग निकल रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि बेहोश मिले व्यक्ति का नाम शुभम है और वह ग्राम गधाकी का रहने वाला है। घटना की सूचना मंडावली क्षेत्र थाने को दी गई। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था। इसके बाद, थाना मंडावली में एसएसआई योगेंद्र सिंह को सूचित किया गया। सूचना मिलने पर दो पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और शुभम को ओम चौधरी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, व्यक्ति की हालत में अब सुधार है।

### माधव बस्ती में हिन्दू सम्मेलन



**धामपुर।** माधव बस्ती नगर में हिन्दू सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें जाह्नवी पब्लिक जूनियर हाईस्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य वक्ता मुकेश कुमार विभाग कार्यवाह ने संघ की सौ वर्ष की यात्रा के विषय में वर्णन किया। विभाग प्रचारक क्रांति कुमार ने पंच परिवर्तन के बारे में विषय मैं जानकारी दी और सभी से उन्हें अपनाने का आह्वान किया। श्री गोपाल दास महाराज, श्री श्री 108 मंडलेश्वर, श्री पंचायती देव ऋषि अखाड़ा निवासी सिहाली बिजनौर ने हिंदुत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने सनातन धर्म को बड़े बलिदान और संघर्ष के बाद बचाए रखा है। इसलिए हम सभी को सनातन धर्म की रक्षा करनी चाहिए। जब सनातन धर्म बचेगा तभी भारत देश बचेगा। सबसे आरएसएस संघ का सहयोग करने का आह्वान किया। अंत में पंडित कैलाश दास जी महाराज ने सबको आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में रविंद्र कुमार, लोकेंद्र कुमार, मनोज कुमार, अनुज कुमार, विनोद कुमार, आनंद सिंह, राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, नीरज बिंदल, अंकित कुमार, प्रीतम सिंह, पंडित रविकांत शर्मा आदि शामिल रहे। हिंदू सम्मेलन की अध्यक्षता ओमप्रकाश ने की और संचालन अनिल कुमार राजपूत ने किया।

### छात्राओं ने किया कोतवाली का भ्रमण



**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय की 11 छात्राओं को 'स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरिएंशल प्रोग्राम/इंटर्नशिप' के तृतीय चरण के अंतर्गत थाना धामपुर भ्रमण हेतु ले जाया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर पूनम चौहान के निर्देशानुसार प्रारंभ किया गया। थाना धामपुर पहुंचने पर उप निरीक्षक शिवानी द्वारा छात्राओं को SPEL कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई तथा पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु शासन द्वारा निर्धारित लिंक पर स्वयं को पंजीकरण करने के निर्देश भी दिए गए। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा के नेतृत्व में 11 छात्राएं थाना धामपुर पहुंचीं। कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली से परिचित कराना, कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनमें अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। छात्राओं ने इस कार्यक्रम को उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया।

### युवक से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शेरकोट।** मौहल्ला अचारजान निवासी अमन पुत्र पुष्पेंद्र सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने परिवार के साथ भंडारा खाने गया था। आरोप है कि वापसी के दौरान उसके ही मौहल्ले के गौतम, सुमित, नीरज और अजीत ने पुरानी रंजिश के चलते बैराज नहर के पास उसे रोक लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में अमन को गंभीर चोटें आईं। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### अधिक मात्रा में शराब पीने से मौत

**नहटौर।** क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक शराब पीने का आदी था। बीती शाम युवक ने अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन कर लिया था, जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। आनन-फानन में परिवार के लोग उसे सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे तुरंत हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया जाता है कि परिजन उसे सीएचसी से लाने के बाद बाहर ले जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी युवक की हालत और ज्यादा खराब हो गई और उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की इस आदत से तंग आकर उसकी पत्नी भी उसे छोड़कर चली गई थी। पुलिस ने मामले की जानकारी से अनभिज्ञता जताई है।

### मारपीट के तीन आरोपी गिरफ्तार



**शेरकोट।** मौहल्ला मनिहारान निवासी मुतिउर्रह्मान पुत्र मौलाना उबेदुर्रह्मान ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनके पुत्र के साथ मौहल्ला शेखान निवासी उबेद के पुत्र ने मारपीट की थी, जिसकी शिकायत लेकर वह उबेद के पास गया था। आरोप है कि उबेद व उसके भाइयों हिदायत व उमर पुत्र हमीदुल्ला व रिहान पुत्र इसरार ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए अचानक लाठी डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर व कमर में गम्भीर चोटे आई। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने मुकदमा दर्ज किये जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी उबेद, हिदायत व उमर को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

### सांप रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**नहटौर।** गांव मिलक मुकीमपुर निवासी अर्जुन चौहान के घर में एक सर्प दिखाई दिया था। सूचना पर सर्प मित्र बी भास्कर मौके पर पहुंचे। सर्प मित्र ने रेस्क्यू करते हुए सर्प को पकड़ लिया। सर्प मित्र बी भास्कर ने बताया कि यह सर्प चेकर्ड कीलबैक था। इसे हिंदी में डोडिया कहते है। सर्प को सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया है।



# जेई ने महिला से बनाए शारीरिक संबंध

## महिला को प्रेम जाल में फंसाने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अमरोहा में बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) पर एक महिला को प्रेम जाल में फंसाने, शारीरिक संबंध बनाने और मारपीट करने का गंभीर आरोप लगा है। महिला ने दावा किया है कि जेई ने उसे उसके पति से अलग कर दिया और उसके साथ रहते हुए एक बेटे को जन्म दिया। अब जेई और उसकी पत्नी पर महिला से मारपीट का आरोप है, जिसके बाद महिला ने एसपी अमित कुमार आनंद से शिकायत की है।

मंडी धनौरा थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका पति बाहर मजदूरी करता था। इसी दौरान बिजली बिल जमा करने के अभियान के तहत जेई उसके घर आया। जेई ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और उसके पति से रिश्ते खत्म करा दिए। महिला के अनुसार, जेई गजरौला शहर में एक किराए के मकान में ले गया। करीब 4 साल तक उसके साथ रिलेशनशि.

■ **चार साल तक करता रहा बलात्कार , जेई व पत्नी पर मारपीट का आरोप**

प में रहा। इस अवधि में महिला ने एक बेटे को जन्म दिया। महिला का आरोप है कि अब जेई उसे अपने साथ रखने से मना कर रहा है। वर्तमान में जेई की तैनाती हसनपुर तहसील क्षेत्र में है।पीड़िता का आरोप है कि बीती 26 जनवरी को वह जेई से मिलने उसके जोया रोड स्थित सरकारी आवास पर गई थी। वहां जेई और उसकी पत्नी ने उसके साथ मारपीट की। मंगलवार को पीड़िता एसपी कार्यालय पहुंची और शिकायती पत्र सौंपा। उसने एसपी से आरोपी जेई के साथ रहने की मांग की है।

## शराब विक्रेता को कारण बताओ नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। मामला हसनपुर के वार्ड 12 स्थित अमरो. हा अतरासी अड्डे के पास संचालित कम्पोजिट शराब की दुकान से जुड़ा है। दुकान की मालिक पूनम देवी पत्नी ललित चौहान, निवासी मोहल्ला अवंतिका नगर थाना गजरौला हैं। शिकायत के अनुसार, यहां शराब पर निर्धारित दर से दस रुपये अधिक लिए जा रहे थे। डीएम निधि गुप्ता ने बताया कि विक्रेता को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर जवाब देने का समय दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शराब की बिक्री निर्धारित दरों पर ही होनी चाहिए। जिले भर में शराब की दुकानों पर ओवररेटिंग की शिकायतें अक्सर सामने आती रही हैं।जानकारी के अनुसार, यह दुकान काफी समय से ओवररेटिंग पर शराब बेच रही थी। ग्राहकों से प्रत्येक क्वार्टर और बीयर पर निर्धारित मूल्य से 10 रुपये ज्यादा वसूले जा रहे थे। फिलहाल, डीएम के इस कदम से अवैध वसूली पर लगाम लगने की उम्मीद है।

# वाहन की टक्कर से निजी स्कूल के शिक्षक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। चौपला फ्लाईओवर के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से

■ **सोमवार की रात करीब पौने नौ बजे हुआ हादसा**

एक निजी स्कूल के शिक्षक गम्भीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी से उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही विद्यालय के स्टॉफ व पड़ोसियों में भी शोक की लहर दौड़ गई।



मोहित ( फाइल फोटो )

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला सैफी नगर निवासी सेवा. निवृत्त बैंककर्मी हरिओम का पुत्र मो. हित कुमार (30) नगर के सैंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। वे सोमवार की रात करीब पौने नौ बजे बाइक द्वारा इंदिरा चौक से अपने घर की तरफ जा रहे थे। फ्लाई ओवर के ढ़लान पर अज्ञात वाहन ने शिक्षक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल शिक्षक को स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से सीएचसी लाया गया। यहां से चिकित्सक ने तुरंत फर्स्ट एड देकर हायर सेंटर रेफर किया। मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में शिक्षक की मौत हो गयी। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई।

### तीन दिन पूर्व ही किया था गृह प्रवेश

**शाह टाइम्स संवाददाता,गजरौला**। हादसे में मृत हुए शिक्षक मोहित कुमार हंसमुख स्वभाव के थे। यूं तो परिवार का पुराना घर है मगर तीन दिन पूर्व ही मोहित ने नये घर में गृह प्रवेश किया था। मोहित तीन वर्षीय बेटी के पिता भी थे। इस दुखद घटना से मोहित की पत्नी मीनाक्षी सहित परिजनों के साथ साथ पड़ोसियों की आंखे भी नम हो गईं। मोहित बहुत ही मिलनसार और हंसमुख व्यक्ति थे। स्कूल में स्टॉफ और बच्चे भी उनसे खुश रहते थे।

### केन्द्रीय मंत्री जयंत रहेंगे मौजूद, कार्यकर्ताओं ने किया मंथन

# अजित सिंह की जयंती पर लगेगा रोजगार मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। राष्ट्रीय लोकदल की बैठक में जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की जयंती के अवसर पर कौशल महोत्सव और रोजगार मेले भव्य कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

मंगलवार को पार्टी कार्यालय पर हुई बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की जयंती के अवसर पर 12 फरवरी को शिव इंटर कॉलेज, गजरौला में कौशल महोत्सव एवं रोजगार मेले का आयोजन होगा। जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम को सफल बनाने की रूपरेखा तैयार की और कार्यकर्ताओं को उनका दायित्व सौंपा। कहा कि कार्यकर्ता गांवों में जाकर बेरोजगार युवाओं को जागरूक करेंगे और अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को इस रोजगार मेले में पहुंचने के लिए प्रेरित करेंगे। यह कौशल महोत्सव युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में एक ठोस और सार्थक पहल है। इस मेले में लगभग 50 से 70 प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। जो युवाओं को सीधे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। बैठक में पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंचन ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में रामव. ीर सिंह, सरजीत सिंह, हरपाल सिंह, डॉ.सत्यवीर चौहान, राजवीर भाई, अजय गिल, योगेंद्र सिंह, सुमित शिवाच, पुष्पराज सिंह, नमित चौधरी, सुरेंद्र गंदर्भ, महेश सिंह, प्रशांत औलख, बोबिन सिंह आदि मौजूद रहे।



# चुचैला के युवक की गुरुग्राम में गला घोंटकर हत्या

## मोबाइल में बहन की फोटो बनी मौत की वजह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। अमरोहा जिले के गांव चुचौला कलां निवासी 22 वर्षीय युवक की हरियाणा के गुरुग्राम में बेरहमी से हत्या कर दी गई। हैरानी की बात यह रही कि हत्या किसी बाहरी ने नहीं, बल्कि गांव के ही युवक ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर की। हत्या की वजह मोबा. इल में बहन की फोटो देखना बताई जा रही है।

थाना क्षेत्र के मोहल्ला इमामबाड़ा निवासी बुंदू अंसारी का पुत्र शुऐब अंसारी 25 जनवरी से लापता था। गांव का ही जीशान पुत्र फुरकान अंसारी उसे मजदूरी दिलाने के बहाने गुरुग्राम ले गया था। उसी दिन से शुऐब का मोबाइल बंद हो गया, जिससे परिजन चिंतित हो उठे। काफी तलाश के बाद परिजनों ने गुरुग्राम के राजेंद्र पार्क थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस जांच के दौरान संदेह के आधार पर जीशान को हिरासत में लिया गया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर शुऐब की हत्या करने की बात कबूल कर ली।



आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने आनंद गार्डन इलाके के एक गंदे नाले से शव बरामद किया। पुलिस के अनुसार, तीनों आरोपी एक ही कमरे में रहते थे। रात में शुऐब का गला घोंटकर हत्या की गई और शव को नाले में फेंक दिया गया। शक से बचने के लिए आरोपी परिजनों को लगातार गुमराह करता रहा। गुरुग्राम पुलिस का कहना है कि आरा. पी जीशान ने स्वीकार किया है कि शुऐब के मोबाइल में उसकी बहन की फोटो देख लेने के बाद उसने हत्या की साजिश रची। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार देर रात शव गांव लाया जाएगा। घटना से गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है।

## एक नजर

### एफएमजीई टेस्ट पास करने पर सम्मान समारोह



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। एसक्यू कालेज आफ फार्मेसी डिडौली में विदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर एफएमजीई टेस्ट पास करने वाले डाक्टर का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें डाक्टर एवं उनके परिवार को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया तथा डाक्टर से उनके अनुभव भी साझा किये गये। इस दौरान मेडिकल छात्रों को फ्री तैयारी की भी घोषणा की गयी। इस मौके पर डा. सारिया, डा. फहद, डा. अब्दुल अलीम, डा. फरमान, डा. हाशिम, डा जकिया रानी, डा. सादिक, डा. हिना अली, डा. रफेश आलम, रूकने आलम आदि मौजूद रहे।

### जिला पंचायत ने अवैध प्लाटिंग कराई ध्वस्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो नौगांवा सादात**। बिना जिला पंचायत से नक्शा पास कराए अवैध प्लाटिंग को राजस्व विभाग की टीम ने ध्वस्त करा दिया। एसडीएम सुनीता सिंह अपर मुख्य अधिकारी डा. राकेश कुमार यादव व अवर अभियंता के साथ थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा अपरौला पहुंची जहां बिना जिला पंचायत से अनुमति लिये की जा रही प्लाटिंग को जेसीबी की मद्द से ध्वस्त करा दिया। एएमए ने बताया कि करीब 15 बीघा जमीन पर पिछले कई महीनों से भूमाफिया अवैध प्लाटिंग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गांव में बिना जिला पंचायत की स्वीकृति के कोई भी अवैध प्लाटिंग नहीं होने दी जाएगी। अवैध प्लाटिंग ध्वस्त होने से भूमाफियाओ में हड़कम्प मच गया।

### चारा मशीन में आकर महिला का हाथ कटा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। चारा मशीन में आकर महिला का हाथ कट गया। गंभीर हालत में हर सेंटर रेफर किया गया है। मंगलवार की सुबह थाना सैद नगली क्षेत्र के गांव हाजीपुरा निवासी विजय की पत्नी चंद्रकला पशुओं के लिए चारा काट रही थी। इतना अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया। और उसका बाया हाथ मशीन के ब्लेडों के बीच आ गया। तब तक मशीन को रोका जाता तब तक उनका हाथ बुरी तरह से कटकर अलग हो चुका था। दर्दनाक हादसे के बाद महिला की चीखे किसी से सुनी नहीं जा रही थी। गंभीर हालत में चंद्रकला को निजी चिकित्सक के पास भर्ती कराया। जहां से उसके बाद उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। चारा मशीन में सुरक्षा कवच न होने के कारण अक्सर हादसे होते रहते हैं।

# गांव चुबका में पोलिंग बूथ बनाने की मांग

## ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। ब्लाक के गांव चुबका में पोलिंग बूथ की सुविधा को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। गांववासियों ने पोलिंग बूथ की स्थापना की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में मतदान के लिए उन्हें दूर स्थित बूथ पर जाना पड़ता है, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लंबी दूरी और आवागमन की समस्या के कारण मतदान प्रतिशत प्रभावित होने की भी आशंका जताई गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए गांव चुबका में ही एक नया पोलिंग बूथ स्थापित किया जाए, ताकि मतदाताओं को सुविधा मिल सके और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती मिले। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस मौके पर समरपाल सिंह, कल्लू सिंह, सूरज सिंह, पप्पू सिंह, इकराम सिंह अनिल कुमार, चन्द्रमणि, धनीराम सिंह, भूपेंद्र सिंह, इसरार, कल्लू सिंह, रूप सिंह धामा, सूरजपाल सिंह आदि मौजूद रहे

# दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

## एक ही परिवार के कई लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। थाना आदमपुर क्षेत्र के ग्राम मुवारिजपुर में खेत की मेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। दबंगों ने एक ही परिवार के कई लोगों के साथ जमकर मारपीट कर एक युवक घायल हो गया। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

ग्राम मुवारिजपुर निवासी उमेश पुत्र महेश ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि सोमवार शाम वह अपनी पत्नी पूनम और बच्चों के साथ अपने खेत पर गया था। वहां उसने देखा कि गांव के ही कुछ रसूखदार लोग उनके खेत की मेड़ काट रहे थे। जब उमेश ने इसका विरोध किया और मेड़ काटने का कारण पूछा, तो आरोपी भड़क गए। आरोप है कि विपक्षी पक्ष के लोगों ने संगठित होकर उमेश और उसके परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में उमेश के सिर में गंभीर चोट आई है।शोर सुनकर जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे, आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने लहूलुहान हालत में थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया है। जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। आदमपुर थाना प्रभारी संजय कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# सड़कों पर पार्किंग कराने वाले बैंकट हॉल अब नपेंगे

## उप नगर आयुक्त डा. ब्रजेश ने चेताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नगर पालिका ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए कड़ा रुख अपनाया है। सार्वजनिक मार्गों पर वाहनों की पार्किंग कराने वाले बैंकट हॉलों के विरुद्ध अब सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नगर पालिका के उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में लगातार बढ़ती वाहनों की संख्या और यातायात के दबाव के कारण आमजन को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से आयोजन के दौरान बैंकट हॉलों के बाहर सार्वजनिक सड़कों पर खड़े वाहनों से जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे शहर की व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि नगर में कई बैंकट हॉल बिना कमर्शियल भवन की एनआ. सी और निर्धारित मानकों के विप. रीत संचालित हो रहे हैं। अधिकांश स्थलों पर आंतरिक पार्किंग की



समुचित व्यवस्था न होने के कारण मेहमान अपने वाहन सड़कों पर खड़े करते हैं, जो नियमों का उल्लंघन है। पालिका द्वारा पूर्व में भी बारात घर संचालकों को नोटिस जारी कर प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर रोक, आयोजन उपरांत कूड़े के समुचित निस्तारण और सार्वजनिक मार्गों पर पार्किंग न कराने के निर्देश दिए जा चुके हैं। नगर पालि. का ने स्पष्ट किया है कि शासकीय आदेशों और मानकों का उल्लंघन करने वाले बैंकट हॉल संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी और इसकी आख्या प्रस्तुत की जाएगी।

# दो बजे तक रही कड़ाके की सर्दी, धूप से मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। मंगलवार को दोपहर के दो बजे तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं

■ **सर्दी के चलते बाजारों में भी पसरा रहा सन्नाटा**

होने से ज्यादा सर्दी महसूस हुई। सुबह के समय कोहरा तो और दिनों की अपेक्षा कम रहा मगर सर्दी ज्यादा रही। दोपहर में दो बजे के बाद धूप निकली तो लोगों को राहत मिली।

मंगलवार को सुबह के समय को. हरा छाया हुआ था, लेकिन कोहरा कुछ समय के बाद हट गया, लेकिन



सर्दी का वातावरण बनी रही। सर्दी अधिक होने के कारण लोग घरों में ही दुबके रहे। बाजारों में भी ज्यादा रौनक नहीं दिखाई दी। बुजुर्ग व बच्चों को सबसे ज्यादा दिक्कत महसूस हुई तो वहीं कामकाजी लोग और स्कूली बच्चे सर्दी से जूझते हुए मंजिल तक पहुंचे। सर्दी से बचने के लिए लोग गर्म कपड़े पहनकर ही बाहर निकले। घरों व दुकानों में लोगों ने रूम हीटर और अलाव जलाकर सर्दी से निजात पाई। लोगों ने घर बैठे ऑनलाइन रूप से ऑर्डर बुक करके घरेलु व खानपान का सामान अपने घर पर ही मंगवाया। दोपहर के दो बजे के बाद धूप निकलने के बाद ही कड़ाके की सर्दी से राहत मिली। मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान 19 और न्यूनतम तापमान 09 डिग्री दर्ज किया गया।

## मारपीट के मामले में तीन पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शहर के मोहल्ला मंडी चौब में मारपीट की एक घटना सामने आई है। पीड़ित कामिल की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पीड़ित द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार 30 जनवरी की दोपहर वह मोहल्ला मंडी चौब स्थित अपने जन सेवा केंद्र पर बैठे हुए थे। इसी दौरान मोहल्ले के ही रहने वाले खुर्शीद जमाल, मोनू उर्फ फराज और जहांगीर अली वहां पहुंचे और किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद उनके साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि तीनों ने लाठी-डंडों से हमला कर कामिल को घायल कर दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। सीओ सिटी अभिषेक कुमार यादव ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नगर में बाइक चोर बेलगाम, रोज चोरी हो रही बाइकें

## सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शहर में बाइक चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और पुलिस के तमाम प्रयासों के बावजूद चोरों के हौसले बुलंद हैं। हालात यह हैं कि शहर में औसतन रोज एक बाइक चोरी हो रही है, जिससे आम नागरिकों में दहशत का माहौल है।

तीन दिन पहले मोहल्ला नल (नई बस्ती) में बैंक्वेट हॉल के बाहर से चोरी हुई बाइक का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि अब चोरों ने बिजनौर रोड पर एक रेस्टोरेंट के पास खड़ी बाइक को निशाना बना लिया। इस ताजा घटना में चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें एक युवक बाइक चोरी कर फरार होता हुआ साफ नजर आ रहा है। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के अतरासी तिराहे के पास स्थित रेस्टोरेंट की है। मोहल्ला पक्का बाग निवासी मोहम्मद अजहर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने 1 फरवरी की शाम अपनी रिबेल ब्लू बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। देर रात करीब एक बजे अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गया। सुबह जब अजहर किसी काम से बाहर निकले तो बाइक गायब देख उनके होश उड़ गए। काफी तलाश के बाद जब पास के रेस्टोरेंट के सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए तो चोरी की पूरी घटना फुटेज में कैद मिली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है, लेकिन अब तक न तो आरोपी की पहचान हो सकी है और न ही बाइक बरामद की जा सकी है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है। जल्द ही बाइक बरामद कर ली जाएगी।

### शबेबारात पर पुलिस ने निकाला पैदल मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता बछरायूं**। शबे बारात पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए थानाध्यक्ष कुलदीप तोमर ने पुलिस बल के साथ कस्बे में पैदल मार्च किया। इस दौरान भीड़भाड़ वाले इलाकों, बाजारों और मुख्य सड़कों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पैदल मार्च के दौरान पुलिस ने घरों के बाहर खड़ी बिना लॉक लगी मोटरसाइकिलों को चेक किया। बाइक स्वामियों को बुलाकर वाहन सुरक्षित रखने की हिदायत दी गई। वहीं सड़क पर घूम रहे संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर उन्हें सतर्क किया गया। इसके अलावा सड़क पर अतिक्रमण कर दुकानदारों व ठेला लगाने वालों को समझाया गया कि वे रास्ता खाली रखें, ताकि लोगों को आने-जाने में परेशानी न हो। पुलिस ने साफ कहा कि त्योहार के दौरान शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष कुलदीप तोमर ने लोगों से अपील की कि शबे बारात का पर्व आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# सब्जी विक्रेता को दरोगा ने दी धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। ब्लाक कार्यालय के सामने सब्जी बेचने वाली एक गरीब महिला ने एसडीएम दरबार में पहुंचकर पुलिस दरोगा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता पारूल सैनी पत्नी प्रशांत, निवासी ग्राम रामपुर तगा थाना धनौरा ने बताया कि वह अत्यंत गरीब व मजदूर वर्ग से है और अपने परिवार की रोजी-रोटी के लिए एक सप्ताह से ब्लाक धनौरा के सामने किराये की दुकान लेकर हरी सब्जी बेच रही है। महिला का आरोप है कि मंगलवार सुबह

■ **एसडीएम ने एसओ को दिये जांच के आदेश**

करीब साढ़े ग्यारह बजे एक दरोगा उसकी दुकान पर आया और बिना किसी कारण उसके पति से अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर दरोगा ने पति-पत्नी को सब्जी बेचने से रोकने और झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दी। इससे घबराकर पीड़िता एसडीएम दरबार में शिकायत लेकर पहुंची। पीड़िता ने कहा कि यदि उसे सब्जी बेचने से रोका गया तो उसका परिवार भूखमरी की कगार पर आ जाएगा। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने थाना अध्यक्ष धनौरा को पूरे प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी और किसी गरीब को बेवजह परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

# भांबरी एटीपी युगल के टॉप 20 में

## रोहन बोपन्ना के बाद टॉप 20 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष डबल्स खिलाड़ी बने युकी भांबरी



**चंडीगढ़, वार्ता।** राउंडग्लास टेनिस एकेडमी के एथलीट युकी भाम्बरी ताजा एटीपी रैंकिंग में करियर की बेस्ट रैंकिंग वर्ल्ड नंबर 20 पर पहुंच गए हैं, जिससे वह रोहन बोपन्ना के बाद टॉप 20 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष डबल्स खिलाड़ी बन गए हैं, और भारत के टॉप रैंक वाले डबल्स खिलाड़ी के तौर पर अपनी जगह पक्की कर ली है। अपनी पिछली रैंक 22 से बड़ी छलांग लगाते हुए, युकी ने अपने करियर में पहली बार आधिकारिक तौर पर एटीपी डबल्स स्टैंडिग के एलीट टॉप 20 में जगह बनाई है। यह रैंकिंग में उछाल 33 साल के खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन की वजह से आया है, जिन्होंने कई एटीपी टूर फाइनल में हिस्सा लिया है और ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। स्वीडन के आंद्रे गोरान्सन के साथ जोड़ी बनाकर, युकी ने साल के पहले ग्रैंड स्लैम, मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार प्रदर्शन किया, तीसरे राउंड में पहुंचकर रैंकिंग पॉइंट्स हासिल किए जो उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए जरूरी थे। पहले मैच में लोकल वाइल्डकार्ड जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट को हराने के बाद, युकी और गोरान्सन ने दूसरे राउंड में सैंटियागो गोंजालेज और डेविड पेल के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 4-6, 7-6(5), 6-3 से जीत हासिल की। अगले राउंड में एक कड़े मुकाबले में वे ब्राजीलियाई जोड़ी ऑरलैंडो लूज और राफेल माटोस से 6-7(7), 3-6 से हार गए। युकी 2025 सीजन से लगातार आगे बढ़ रहे हैं, जहां वे न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के साथ यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे, जहां उन्हें एक सेट और ब्रेक का फायदा होने के बावजूद चौथी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश जोड़ी जो सैलिसबरी और नील स्कूपस्की से हार का सामना करना पड़ा था। मार्च 2025 में, भांबरी ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन के साथ जोड़ी बनाकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप में अपना पहला एटीपी 500 खिताब जीता। इस जोड़ी ने एक सेट से पिछड़ने के बाद चार मैच पॉइंट बचाकर मौजूदा यूएस ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन डबल्स चैंपियन हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन को एक रोमांचक फाइनल में 3-6, 7-6(12), 10-8 से हराया। सीजन की शुरुआत में, भांबरी भारत के नंबर 1 डबल्स खिलाड़ी भी बन गए थे, जिससे अनुभवी रोहन बोपन्ना का टॉप पर 286 हफ्ते का शानदार राज खत्म हो गया था। वह अभी मिडिल ईस्ट में एटीपी 500 स्विंग खेलने वाले हैं, इन बड़े टूर्नामेंट्स का इस्तेमाल करके वह रैंकिंग में और ऊपर जाना चाहते हैं और बाद में नीदरलैंड्स के खिलाफ डेविस कप टाई के लिए भारतीय टीम में शामिल होंगे।

# इंडियन रेसिंग फेस्टिवल रेसिंग का आईपीएल है: सौरभ गांगुली





**क्रिकेट में दबाव वाले पल आपको एक खिलाड़ी के बारे में सब कुछ बता देते हैं, रेसिंग में भी ऐसा ही है**

**पणजी, वार्ता।** जैसे ही गोवा की सड़कें 14 और 15 फरवरी को इंडियन रेसिंग फेस्टिवल (आईआरएफ) के लिए एक हाई-ऑक्टेन मोटरस्पोर्ट्स एरिना में बदलने के लिए तैयार हो रही हैं, कोलकाता रॉयल टाइगर्स के मालिक सौरव गांगुली का मानना है कि स्ट्रीट रेसिंग एक टीम के असली चरित्र को सामने लाती है, जो सिर्फ मशीनरी या लैप टाइम से कहीं ज्यादा है।

मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास एक अस्थाई स्ट्रीट सर्किट पर होने वाला गोवा राउंड आईआरएफ कैलेंडर के सबसे चुनौतीपूर्ण इवेंट्स में से एक है। एक रिलीज के अनुसार, गांगुली के लिए, स्ट्रीट रेसिंग का दबाव काफी जाना-पहचाना लगता है। गांगुली ने कहा कि स्ट्रीट रेसिंग सिर्फ कार का नहीं, बल्कि टीम का टेस्ट करती है। क्रिकेट में, दबाव वाले पल आपको एक खिलाड़ी के बारे में सब कुछ बता देते हैं। यहां भी ऐसा ही है। जब गलती की कोई गुंजाइश नहीं होती, तो चरित्र सामने आता है। क्रिकेट और मोटरस्पोर्ट के बीच तुलना करते हुए, पूर्व भारतीय कप्तान ने इंडियन रेसिंग फेस्टिवल की तुलना देश में क्रिकेट पर इंडियन प्रीमियर लीग के प्रभाव से की। उन्होंने कहा कि मेरे लिए, इंडियन रेसिंग फेस्टिवल रेसिंग का आईपीएल है। यह टॉप इंटरनेशनल टैलेंट, भारतीय ड्राइव. रों, टीम मालिकों और फैंस को एक ऐसे फॉर्मेट में एक साथ लाता है जो इंटेंस, प्रतिस्पर्धी और सुलभ है। जैसे आईपीएल ने लोगों के क्रिकेट से जुड़ने का तरीका बदल दिया, वैसे ही आईआरएफ मोटरस्पोर्ट के लिए ऐसा कर रहा है। गांगुली के अनुसार, परमानेंट सर्किट से शहर की सड़कों पर जाने से टीम के अप्रोच में मौलिक रूप से बदलाव आता है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### 2029 एशियन विंटर गेम्स अल्माटी में शिफ्ट किए गए

**कुवैत, वार्ता।** ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) ने सोमवार को घोषणा की कि 2029 के एशियन विंटर गेम्स कजाकिस्तान के अल्माटी में होंगे। यह इवेंट मूल रूप से सऊदी अरब में होने वाला था। ओसीए और कजाकिस्तान गुरुवार को इटली के मिलान में होस्ट सिटी कॉन्ट्रैक्ट पर साइन करके समझौते को औपचारिक रूप देंगे। सऊदी अरब को 2022 में मेजबानी के अधिकार दिए गए थे। हालांकि, पिछले महीने, सऊदी ओलंपिक और पैरालंपिक समिति और ओसीए के एक संयुक्त बयान में घोषणा की गई थी कि इवेंट को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है।

#### सेमीफाइनल में जायंट्स का मैच अंडरडॉग्स से होगा

**हरारे, वार्ता।** आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 अपने क्लाइमेक्स पर पहुंच रहा है, और मंगलवार को सभी की नजरें हरारे स्पोर्ट्स क्लब पर टिकी हैं, जहां इंडिया अंडर19 का मुकाबला अफगानिस्तान अंडर19 से एक हाई-स्टेक्स सेमीफाइनल में होगा। इस मैच को एक क्लासिक जायंट्स बनाम अंडरडॉग्स शोडाउन के तौर पर देखा जा रहा है, जिसमें इंडिया टूर्नामेंट की फेवरेट टीम के तौर पर उतरी है, जो पांच मैचों में बिना हारे सेमीफाइनल में पहुंची है, जबकि अफगानिस्तान ने मोमेंटम और पक्के इरादे के साथ जायंट-किलर्स के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। इंडिया इस टूर्नामेंट की कहानी रही है। उनकी बैटिंग लाइनअप लगभग अजेय रही है, जिसकी लीडरशिप ओपनर वैभव सूर्यवंशी कर रहे हैं, जिन्होंने 134 की जबरदस्त रेट से रन बनाए हैं, और शुरुआत में ही गेम पर कब्जा करने में काबिल हैं। अभिज्ञान कुंडू, जिनका एवरेज 66.33 है, शांत एंकर रहे हैं, और अक्सर इंडिया को मुश्किल हालात से बाहर निकालते रहे हैं।

# एटीपी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर नोवाक

- **सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच आस्ट्रेलियन ओपन में अपने 38वें मेजर फाइनल में पहुंचे**



**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल तक पहुंचे नोवाक जोकोविच एटीपी रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर नंबर 3 पर पहुंच गए हैं। जोकोविच को फाइनल में कार्लोस अलकाराज से हार का सामना करना पड़ा।

अल्काराज ने मेलबर्न में इतिहास रचा, जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया। जबकि 22 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी ने ट्रॉफी उठाई, अन्य सितारों ने भी एटीपी रैंकिंग में ऊपर चढ़ने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने 38वें मेजर फाइनल में पहुंचे, लेकिन रिकॉर्ड-विस्तारित 25वां स्लैम और मेलबर्न में 11वां स्लैम जीतने से चूक गए। जोकोविच ने सेमीफाइनल में जानिक सिनर को हराकर विबलडन 2024 के बाद पहली बार स्लैम फाइनल में वापसी की, जब वह अल्काराज से भी हार गए थे। यह पहली बार है जब 38 वर्षीय खिलाड़ी अगस्त 2024 के बाद एटीपी रैंकिंग में टॉप 3 में हैं। 20 वर्षीय खिलाड़ी नंबर 24 लर्नर टिएन पांच स्थान के सुधार के साथ करियर के उच्चतम स्थान पर पहुंच गया है, जब वह 2002 के बाद किसी मेजर के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाला सबसे कम उम्र का अमेरिकी पुरुष बन गए। अमेरिकी खिलाड़ी ने दानिल मेदवेदेव के खिलाफ सीधे सेटों में प्रभावशाली जीत हासिल की, जिससे दोनों की हेड2हेड श्रृंखला में उनका रिकॉर्ड 3-1 हो गया। टिएन ने 2025 का अंत शानदार तरीके से किया जब उन्होंने नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल का ताज जीता। ऑस्ट्रेलियन ओपन में एक अच्छे हफ्ते के बाद अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एटचेवेरी आठ स्थान ऊपर चढ़ गए हैं।

# भारत एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी करेगा

## यह लगातार दूसरा अवसर होगा, जब भारत इन स्पर्धाओं की शीर्ष महाद्वीपीय चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा


**नई दिल्ली, वार्ता।** देश में ओलंपिक खेल शूटिंग की शासी संस्था, नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने आज घोषणा की कि नई दिल्ली ने एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी का अधिकार हासिल कर लिया है।

इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में लॉस एंजेलिस 2028 (एलए 28) ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर होंगे। इसकी पुष्टि एशियन शूटिंग कॉन्फेडरेशन (एएससी) के महासचिव, इंजी. नियर दुआइज अलओतैबी द्वारा सोमवार को एनआरएआई अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव को भेजे गए पत्र के माध्यम से की गई। यह लगातार दूसरा अवसर होगा जब भारत राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं की इस शीर्ष महाद्वीपीय चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। यह उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग खेल महासंघ , जो इस खेल की वैश्विक शीर्ष संस्था है, ने पहले ही अप्रैल 2027 में नई दिल्ली में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप राइफल/ पिस्टल/शॉटगन के आयोजन का अधिकार भारत को दिया है, जिसमें कुल 12 एलए 28 कोटा स्थान उपलब्ध होंगे। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एनआरएआई अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव ने कहा कि यह हमारे भारतीय निशानेबाजों के लिए एलए 2028 की राह में एक बड़ा प्रोत्साहन होगा, क्योंकि अब उन्हें पूरे वर्ष में घरेलू लाभ के साथ दो ऐसे इवेंट्स मिलेंगे, जहां वे कोटा स्थान जीत सकते हैं। राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए यह और भी उत्साहजनक है। एनआरएआई की ओर से, मैं एएससी के महासचिव इंजीनियर अलओतैबी और उनकी टीम का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने विश्वस्तरीय शूटिंग प्रतियोगिताओं की मेजबानी की भारत की क्षमता पर निरंतर भरोसा जताया है। एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह सफलता एनआरएआई की पूरी टीम द्वारा किए गए अथक प्रयासों का परिणाम है और मैं सबसे पहले इस बड़ी उपलब्धि के लिए सभी को बधाई देता हूं। इसके अलावा, भारतीय खेल प्राधिकरण, खेल मंत्रालय और भारत सरकार के विभिन्न विभागों व एजेंसियों द्वारा हमें मिला जबरदस्त सहयोग, भारत को विश्वस्तरीय शूटिंग प्रतियोगिताओं के लिए सबसे पसंदीदा स्थलों में से एक के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

# लगातार चौथी केसीएल जीत के साथ रोहतक रॉयल्स पहले स्थान पर

**सोनीपत, वार्ता।** एड्रॉइट स्पोर्ट्स एलएलपी के स्वामित्व वाली और रोहतक शहर का प्रतिनिधित्व करने वाली कबड्डी फेंचाइजी रोहतक रॉयल्स ने उद्घाटन कबड्डी चैंपियंस लीग में भिवानी बुल्स को 43-35 से हराकर एक और शानदार जीत दर्ज की। यह इस सत्र में रॉयल्स की लगातार चौथी जीत रही, जिससे उन्होंने अंक तालिका में शीर्ष स्थान और भी मजबूती से बरकरार रखा। रेडर और डिफेंडर, दोनों ने मिलकर एक संतुलित और प्रभावशाली प्रदर्शन किया। सात अंकों के साथ टीम के टॉप स्कोरर रहे हिमांशु को 'बेस्ट डिफेंडर ऑफ द गेम' चुना गया। उन्हें अंकित (7 अंक), राकेश (6 अंक) और विजय (5 अंक) का शानदार सहयोग मिला। कप्तान संदीप नरवाल के साथ संदीप देसवाल और आर्यन ने भी जीत में अहम भूमिका निभाई और क्रमश: तीन, तीन और दो अंक जोड़े। चार जीत और एक हार के साथ रो. हतक रॉयल्स अंक तालिका में शीर्ष पर हैं और उनका स्कोर अंतर 34 है, जो लीग में सर्वाधिक है। अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज रोहतक रॉयल्स अब पानीपत पैंथर्स से भिड़ेंगे। मैच की शुरुआत में ही रोहतक ने पहला डिफेंसिव पॉइंट हासिल किया, जब कप्तान संदीप नरवाल ने विपक्षी खिलाड़ी को मैट पर रोका। विजय मलिक ने अपनी और टीम की पहली रेड में शानदार टच-एंड-रन के जरिए एक और अंक जोड़ा। पहले चार मिनट के भीतर ही रॉयल्स ने 5-1 की बढ़त बना ली, इससे पहले कि भिवानी बुल्स ने उसी मिनट बोनस पॉइंट के साथ अपना खाता खोला।

# अल्काराज ने रॉटरडैम से नाम वापस लिया



- **कार्लोस अल्काराज की गैर मौजदूगी के बावजूद, रॉटरडैम के मैदान में दुनिया के नंबर-2 ज्वेरेव, फेलिक्स, अलियासिमे और डी मिनौर सहित कई टॉप खिलाड़ी खेलेंगे**
- **कार्लोस अल्काराज ने करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के एक दिन बाद अपना नाम वापस लिया**

**रॉटरडैम, वार्ता।** नए ऑस्ट्रेलियन ओपन चैम्पियन कार्लोस अल्काराज ने रॉटरडैम में होने वाले एबीएन एमरो ओपन से नाम वापस ले लिया है, टूर्नामेंट ने यह घोषणा की है। पिछले सीजन में एटीपी 500 इनडोर हार्ड-कोर्ट टाइटल जीतने वाले स्पेन के अल्काराज, एटीपी वेबसाइट के अनुसार, 9 से 16 फरवरी तक होने वाले इस इवेंट में अपना खिताब बचाने के लिए वापस नहीं आएंगे। अल्काराज की गैरमौजूदगी के बावजूद, रॉटरडैम के मैदान में दुनिया के नंबर 2 अलेक्जेंडर ज्वेरेव , फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे और एलेक्स डी मिनौर सहित कई टॉप खिलाड़ी खेलेंगे। अल्काराज ने करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के एक दिन बाद अपना नाम वापस लिया है।

22 साल के अल्काराज ने रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में नोवाक जोकोविच को चार सेट में हराकर मेलबर्न में अपना पहला टाइटल जीता था। सोमवार को, अल्काराज ने मेलबर्न में रॉयल एग्जीबिशन बिल्डिंग में एक सेलिब्रेशन फोटोशूट में भी हिस्सा लिया। अभी एटीपी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी, अल्काराज ने अपने करियर में 15 बड़े टाइटल जीते हैं, जिसमें ग्रैंड स्लैम चैंपियनशिप, निट्टो एटीपी फाइनल्स में ट्रॉफी, एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट्स और एक ओलंपिक सिगल्स गोल्ड मेडल शामिल हैं।

# अबू धाबी और ओस्ट्रावा में डब्ल्यूटीए टूर पर डेब्यू कर रहा मर्सिडीज-बेंज स्टार

**अबू धाबी, वार्ता।** मर्सिडीज-बेंज स्टार एक बार फिर टेनिस के सबसे बड़े मंचों पर चमक रहा है। दिसम्बर में डब्ल्यूटीए (महिला टेनिस एसोसिएशन) के साथ अपनी नई, लंबी अवधि की पार्टनरशिप की घोषणा के बाद, मर्सिडीज-बेंज अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात में मुबाडाला अबू धाबी ओपन और चेक गणराज्य में ओस्ट्रावा ओपन में डब्ल्यूटीए के प्रीमियर पार्टनर के तौर पर डेब्यू कर रही है, जहां यह आइकॉनिक स्टार पहली बार नेट पोस्ट साइन पर दिखेगा। डब्ल्यूटीए पार्टनरशिप के साथ, मर्सिडीज-बेंज टेनिस के प्रति अपनी प्रतिब( ता को और बढ़ा रही है और वैश्विक मंच पर खेल को और आगे ले जाने की अपनी महत्वाकांक्षा को रेखांकित कर रही है।

डब्ल्यूटीए के प्रीमियर पार्टनर और एक्सक्लूसिव ऑटोमोबाइल पार्टनर के तौर पर, मर्सिडीज-बेंज डब्ल्यूटीए 1000, 500 और 250 टूर्नामेंट में मौजूद रहेगी और खिलाड़ियों, प्रशंसकों और मेहमानों के लिए अनोखे अनुभव बनाने का लक्ष्य रखती है। साथ ही, यह पार्टनरशिप महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मर्सिडीज-बेंज की महत्वाकांक्षा को रेखांकित करती है, जिससे खिलाड़ियों और प्रशंसकों की अगली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती है।

डब्ल्यूटीए वेंचर्स की सीईओ मरीना स्टोर्टी ने कहा,ष्हमें खुशी है कि मर्सिडीज-बेंज डब्ल्यूटीए टूर के प्रीमियर पार्टनर के तौर पर डेब्यू कर रही है, और यह आइकॉनिक स्टार दुनिया भर में महिला टेनिस के सबसे बड़े मंचों पर दिखाया जाएगा। डब्ल्यूटीए और मर्सिडीज-बेंज हमारे खेल के भविष्य के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण और दुनिया भर में इसके विकास को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता साझा करते हैं।

# श्रीलंका के विश्व कप दल में कामिंडु मेंडिस की वापसी



- **पाक के खिलाफ हालिया टी-20 पारियों में रन गति बढ़ाने में नाकाम रहने के बाद धनंजय डीसिल्वा को बाहर का रास्ता दिखाया**

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका ने शनिवार से शुरू हो रहे टी-20 विश्व कप के लिए अपने 15 सदस्ईय दल में कामिंडु मेंडिस को वापस बुलाया है और वह धनंजय डीसिल्वा की जगह लेंगे। 23 वर्षीय बल्लेबाज पवन रत्नायके को टीम में जगह मिली है, लेकिन तेज गेंदबाज प्रमोद मदुशन के लिए कोई जगह नहीं है।

सबसे बड़ी चर्चा का विषय कामिंडु की वापसी है, जो पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज में शुरुआती एकादश का हिस्सा नहीं थे और इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टी-20 सीरीज से पहले उन्हें बाहर कर दिया गया था।

लेकिन अब वह वापस आ गए हैं, जबकि इंग्लैंड और पाकिस्तान के खिलाफ हालिया टी-20 पारियों में रन गति बढ़ाने में नाकाम रहने के बाद धनंजय को बाहर का रास्ता दिखाया गया है। खुद कामिंडु भी हाल के महीनों में बेहतरीन फॉर्म में नहीं रहे हैं। 2025 की शुरुआत से उन्होंने इस फॉर्मेट में सिर्फ 159 रन बनाए हैं, जहां उनका औसत 19-87 का रहा है। हालांकि इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 130-32 रहा है, जो थोड़ी उम्मीद जरूर देता है।

गेंद के साथ धनंजय की उपयोगिता को उनकी शुरुआती चयन की वजह माना गया था, लेकिन दोनों हाथों से गेंदबाजी करने वाले कामिंडु भी यह भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि 2025 की शुरुआत से उन्होंने 12 मैचों में सिर्फ छह ओवर ही डाले हैं। इससे बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर दुनित वेल्लालगे के लिए भी अंतिम एकादश में जगह बनाने की संभावना खुल गई है, लेकिन 23 वर्षीय खिलाड़ी के अनुभव की कमी उसके खिलाफ जाती है।

वह वनडे टीम में कुछ हद तक नियमित रहे हैं, लेकिन 2024 में डेब्यू के बाद से उन्होंने सिर्फ छह टी-20 खेले हैं।

# कमिंस को आईपीएल के लिए वापसी करने की उम्मीद

## तेज गेंदबाज पैट कमिंस पीठ की चोट से उबर रहे है

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पेस लीडर पैट कमिस ने बताया है कि वह नेशनल टीम के आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप कैंपेन का हिस्सा बनने के कितने करीब थे, क्योंकि यह तेज गेंदबाज पीठ की चोट से उबर रहा है और साल के आखिर में होने वाले मुश्किल टेस्ट शेड्यूल पर नजर रखे हुए है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के लिए समय पर मैदान पर लौट आएंगे, जो मार्च के आखिर में शुरू होगी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, पीठ की पुरानी शिकायत समय पर ठीक नहीं होने के कारण कमिस को 7 फरवरी से शुरू होने वाले ज्20 वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की आखिरी 15 मेंबर वाली टीम से बाहर कर दिया गया। ऑस्ट्रेलियन एसोसिएटेड प्रेस से बात करते हुए, 31 साल के इस खिलाड़ी ने कहा कि रिहैबिलिटेशन के दौरान एक छोटी सी दिक्कत ने आखिरकार उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। कमिंस ने कहा कि यह सच में बहुत बुरा था। मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं, बस एक छोटी सी दिक्कत थी और सच में समय खत्म हो गया था। मैं कुछ हफ्ते आराम करूंगा और फिर आगे बढ़ूंगा।

कमिंस ने बताया कि एडिलेड टेस्ट के बाद, मेडिकल टीम ने अनुमान लगाया था कि प्रभावित हड्डी को पूरी तरह से ठीक होने और फिर ठीक होने में चार से आठ हफ्ते लगेंगे। शुरुआती संकेत अच्छे थे, लेकिन एक फॉलो-अप स्कैन से पता चला कि उन्हें और आराम की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शुरू में, हमें लगा कि शायद सिर्फ चार हफ्ते लगेंगे, क्योंकि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था, लेकिन मैंने अभी एक फॉलो-अप स्कैन करवाया। उन्हें लगा कि शायद कुछ और हफ्ते लगेंगे, इसलिए टाइमलाइन थोड़ी ज्यादा हो गई। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान को उम्मीद है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के लिए समय पर मैदान पर लौट आएंगे, जो मार्च के आखिर में शुरू होगी, जहां उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद को रिप्रेजेंट करना है। हालांकि, कमिस ने जोर देकर कहा कि उनकी प्राथमिकता साल के दूसरे हिस्से में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के व्यस्त शेड्यूल के लिए पूरी तरह से फिट होना है। ऑस्ट्रेलिया को बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट की घरेलू सीरीज खेलनी है, जिसके बाद अक्टूबर से पहले दक्षिण अफ्रीका का तीन टेस्ट का दौरा होगा।

इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ चार टेस्ट और भारत के खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज होगी, ये सभी मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र के खत्म होने से पहले होंगे। कमिंस ने कहा कि हमें लगा कि साल का पहला आधा हिस्सा आने वाले क्रिकेट को ध्यान में रखकर कंजर्वेटिव रहने का अच्छा समय है। हम इसे ठीक कर लेंगे, फिर उम्मीद है कि इसका मतलब होगा कि आपको इसके बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं होगी, और आप बस बाहर जाकर वे सभी टेस्ट मैच खेल सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जबकि, अगर आप अभी इसके साथ सावधान नहीं हैं और यह बढ़ जाता है, तो आप थोड़ा पीछे भाग रहे हैं। पाकिस्तान से हाल ही में टी-20 सीरीज हारने और कई खास खिलाड़ियों के चोटिल होने की चिंताओं के बावजूद, ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्ड कप में उतर रहा है, कमिस का मानना है कि टीम टाइटल के लिए चुनौती देने के लिए अच्छी स्थिति में है।

ऑस्ट्रेलिया अपने ग्रुप बी मैचों में आयरलैंड, जम्बिाब्वे, ओमान और को-होस्ट श्रीलंका का सामना करेगा।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 4 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# डील पर राजनीति

अमेरिका के साथ आखिरकार सोमवार को ट्रेड डील हो ही गई। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर जानकारी देते हुए कहा कि इस समझौते में महत्वपूर्ण आयात शुल्क कटौती शामिल होगी। इसमें यह दावा भी किया गया है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने भी जहां भारत अमेरिका के नए व्यापार समझौते का स्वागत किया, वहीं सोशल मीडिया के पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति की रणनीति की तारीफ करते हुए कहा कि रूसी ऊर्जा खरीदने वाले देशों पर आर्थिक दबाव काम करता दिख रहा है। उन्होंने भारत के साथ हालिया व्यापार समझौते की तरफ इशारा किया, जिसके तहत अमेरिका ने भारतीय सामानों पर आयात शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने ट्रम्प की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के बारे में आपका संदेश पुतिन के उन ग्राहकों से जो उनकी युद्ध मशीन को मदद देने का काम कर रहे थे, उन्हें सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा। भारत सरकार की तरफ से मंगलवार को ट्रेड डील पर पहला बयान आया जिसमें केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इस डील में किसी के भी हितों से समझौता नहीं किया गया है और यह ऐसी डील है जिस पर भारतीयों को गर्व होगा। पीयूष गोयल ने यह भी कहा कि पीएम मोदी ने हमेशा कृषि और डेयरी दोनों सेक्टरों को सपोर्ट किया है। एक तरफ जहां मोदी खेमा इस डील को लेकर गदगद है, वहीं तमाम विपक्ष इस डील पर सवाल खड़े कर रहा है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तो प्रधानमंत्री मोदी पर यह कहकर सीधा हमला ही बोल दिया और कहा कि पैसा देकर उनकी जो छवि बनाई गई थी वह टूट रही है। इसलिए श्री मोदी ने डरकर अमेरिका व्यापार समझौते तथा अन्य मामले में देश के हितों के साथ समझौता कर लिया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने भारत के हितों से समझौता कर देश को बेच दिया है। उनका कहना था कि वे तीन बातें बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा और यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि पीएम मोदी घबराए हुए हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिका से व्यापार समझौता चार माह से रुका हुआ था, इस बारे में जो मैं जानता हूं वह पीएम मोदी भी जानते हैं। पीएम मोदी ने सोमवार की शाम भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर साइन किए, उन पर भारी दबाव था। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि देश की जनता को इस संबंध में सोचना चाहिए। सरकार डरी हुई है इसलिए संसद में विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दे रही है। यह बात अपनी जगह पर है कि ट्रेड डील अपने अंजाम को पहुंच गई, लेकिन अभी खुलकर बातें सामने नहीं आई हैं और न ही दोनों तरफ से संयुक्त वक्तव्य सामने आया है। तमाम जानकारी अभी तक अमेरिकी राष्ट्रपति की तरफ से ही सामने आ रही है।

## नागरिकों व उद्योगों को व्यापक लाभ होगा



भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को दोनों देशों के हक में है, दोनों देश प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गहन सहयोग करने की स्थिति में हैं, समझौते से दोनों देशों के नागरिकों और उद्योगों को व्यापक लाभ होगा, अमेरिका और भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं, दोनों देश स्वाभाविक सहयोगी हैं, भारत और अमेरिका के पास शांति और विकास के लिए मिलकर काम करने की अपार क्षमता है, दोनों देश मिलकर ऐसी प्रौद्योगिकियां विकसित कर सकते हैं और ऐसे समाधान तैयार कर सकते हैं, जिनसे विश्व को लाभ होगा, समझौता दोनों देशों के उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होगा।

**-अश्विनी वैष्णव**
**रेल, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

# कैंसर की बढ़ती आहट और हमारी सामाजिक जिम्मेदारी

### विश्व कैंसर दिवस पर विशेष



कैंसर आज वैश्विक स्तर पर लाखों लोगों की असमय मृत्यु का कारण बन चुका है। यही कारण है कि कैंसर जैसे जानलेवा रोग के कारणों, उसकी समय पर पहचान और रोकथाम के प्रति लोगों को सजग करने के उद्देश्य से हर वर्ष 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में पिछले दो दशकों में कैंसर रोगियों की संख्या दोगुनी हो गई है, जो न केवल स्वास्थ्य तंत्र बल्कि पूरे समाज के लिए गहरी चेतावनी है। करीब एक दशक तक चले दो वैश्विक अध्ययनों में कुछ समय पूर्व यह तथ्य भी उभरकर सामने आया कि विकसित देशों में अब कैंसर के कारण सबसे ज्यादा लोग प्राण गंवा रहे हैं। कनाडा की लावल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता गिल्स डेगनिस के मुताबिक वर्ष 2017 में दुनियाभर में करीब 26 लाख मौतें कैंसर के कारण हुई थी। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों पर नजर डालें तो दुनियाभर में हर छह में से एक व्यक्ति की मौत अब कैंसर के कारण होती है और वर्ष 2018 में विश्वभर में 96 लाख लोगों की मृत्यु कैंसर के कारण हुई, जिनमें में से 21 लाख कैंसर रोगियों की मृत्यु फेफड़ों के कैंसर, 20 लाख की स्तन कैंसर, 18 लाख की कोलोरेक्टल कैंसर, 12 लाख की प्रोस्टेट कैंसर, 11 लाख की त्वचा कैंसर और 10 लाख कैंसर मरीजों की मृत्यु पेट के कैंसर के कारण हुई।

कैंसर से मौतों का यह आंकड़ा साल-दर-साल निरंतर बढ़ रहा है और अब यह प्रतिवर्ष एक करोड़ तक पहुंच गया है। दुनियाभर में कैंसर के जितने भी मामले सामने आते हैं, उनमें से करीब 22 फीसदी तम्बाकू के किसी भी रूप में सेवन के कारण ही होते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन ने एक व्यापक अध्ययन के बाद 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज' नामक अपनी एक रिपोर्ट पेश की थी, उसके अनुसार भारत में मृत्यु के दस बड़े कारणों में से कैंसर दूसरे स्थान पर है। 'प्रॉस्पेक्टिव अर्बन रूरल एपीडेमियोलॉजिक' नामक एक अध्ययन के तहत कुछ समय पहले जब भारत सहित चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, कनाडा, ब्राजील, स्वीडन, ईरान, मलेशिया, फिलीपींस, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, फिलिस्तीन, दक्षिण अफ्रीका, अर्जेन्टीना, कोलम्बिया, चिली, तंजानिया, तुर्की, पोलैंड, जिम्बाब्वे इत्यादि देशों के स्वास्थ्य आंकड़ों का विश्लेषण किया गया तो पाया गया कि कैंसर अब पूरी दुनिया में सबसे बड़ी महामारी के रूप में उभर रहा है और अगर यह इसी गति से उभरता रहा तो आगामी कुछ दशकों या वर्षों में ही यह दुनियाभर में सबसे बड़ी प्राणघातक बीमारी बन जाएगा। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं और माना जा रहा है कि कैंसर के मरीजों की संख्या एक करोड़ को पार कर चुकी है। देश में कैंसर के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए नवम्बर 2019 में विज्ञान एवं तकनीक, पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन संबंधी संसद की स्थाई समिति ने राज्यसभा के तत्कालीन सभापति वेंकैया नायडू को सौंपी अपनी रिपोर्ट में कैंसर के मामलों से निपटने और मरीजों को एक ही जगह इलाज की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए देशभर में ट्रीटमेंट हब (विशिष्ट इलाज केन्द्र) बनाने की सिफारिश की थी। समिति को अक्तूबर 2019 में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जानकारी दी गई थी कि भारत में प्रतिवर्ष कैंसर के करीब सोलह लाख नए मामले सामने आ रहे हैं। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि इस बीमारी से पीड़ित मरीजों में करीब 68 फीसदी मृत्यु दर बेहद दुखद है और मौजूदा समय में कैंसर के इलाज का देश में जो नेटवर्क है, वह इस बीमारी की भयावहता को देखते हुए बहुत छोटा और अपर्याप्त है, जिसके लिए एक ऐसे मजबूत और विशाल तंत्र की जरूरत है, जो कैंसर की दवाओं के मूल्य को नियंत्रित रख सके। समिति द्वारा मुम्बई स्थित टाटा मेमोरियल कैंसर शोध एवं उपचार केन्द्र के नेटवर्क को देशव्यापी बनाने की सिफारिश भी की गई थी।

बहरहाल, केन्द्र सरकार द्वारा कैंसर के सस्ते इलाज के लिए कुछ आवश्यक कदम उठाते हुए देश-विदेश के सरकारी और गैर सरकारी करीब 170 अस्पतालों का एक समूह बनाकर 'नेशनल कैंसर ग्रिड' बनाया गया ताकि यह कैंसर मरीजों तक कैंसर विशेषज्ञों की सलाह और इलाज के तौर-तरीकों को पहुंचाने में मददगार साबित हो सके। ग्रिड में शामिल अस्पतालों के कैंसर विशेषज्ञों द्वारा कैंसर मरीजों के लिए विशेष रूप से आवश्यक दिशा-निर्देश तैयार किए गए हैं। मरीज को एक बार डॉक्टर के पास जाकर अपनी जांच करा लेने के बाद फिर बार-बार डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ती। दरअसल मरीज का सारा डाटा एक एप में डालकर कैंसर विशेषज्ञों से परामर्श हासिल किया जा सकता है। फिलहाल ए सेवाएं गरीबी रेखा से नीचे वाले लोगों के लिए मुफ्त हैं। शरीर में कैंसर होने के कारणों की बात की जाए तो हालांकि इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं लेकिन अक्सर जो प्रमुख कारण माने जाते रहे हैं, उनमें मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, व्यायाम न करना, ज्यादा मात्रा में अल्कोहल व नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार की कमी इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कभी-कभार ऐसा भी होता है कि कैंसर के कोई भी लक्षण नजर नहीं आते किन्तु किसी अन्य बीमारी के इलाज के दौरान कोई जांच कराते वक्त अचानक पता चलता है कि मरीज को कैंसर है लेकिन फिर भी कई ऐसे लक्षण हैं, जिनके जरिए अधिकांश व्यक्ति कैंसर की शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर सकते हैं। कैंसर के कुछ प्रमुख लक्षणों की बात करें तो हालांकि कई बार शुरूआती दौर में इसके कोई लक्षण नजर नहीं आते लेकिन फिर भी इसके अक्सर जो लक्षण सामने आते हैं, उनकी जानकारी होना भी बेहद जरूरी है। ऐसे ही लक्षणों में लगातार वजन घटते जाना, शरीर में रक्त की कमी होते जाना, पेशाब और शौच के समय खून आना, खांसी के दौरान खून आना, तेज बुखार आना और बुखार ठीक न होना, निरन्तर थकान व कमजोरी महसूस होना, चक्कर आना, भूलना, दौरे पड़ना, आवाज में बदलाव, सांस लेने में दिक्कत होना, लंबे समय तक कफ रहना और कफ के साथ म्यूकस आना, कुछ भी निगलने में दिक्कत होना, गले अथवा शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ या सूजन होना, स्तन में गांठ, माहवारी के दौरान अधिक स्राव होना इत्यादि शामिल हैं। अगर शरीर में ऐसे कोई भी बदलाव या लक्षण नजर आएं तो तुरंत योग्य चिकित्सक से सम्पर्क कर जरूरी जांच करा लेनी चाहिएं। आज कीमोथैरेपी, रेडिएशन थैरेपी, टारगेट थैरेपी, इम्यूनोथैरेपी, बायोलॉजिकल थैरेपी, सर्जरी, रोबोटिक सर्जरी तथा स्टेम सेल ट्रांसप्लांट के द्वारा कैंसर के बहुत से मरीजों का सफल इलाज किया भी जा रहा है और कैंसर का इलाज पहले के मुकाबले ज्यादा सुविधाजनक, सफल तथा कम साइड इफैक्ट्स के साथ संभव हुआ है लेकिन अगर इसके बावजूद कैंसर से हो रही मौतों का आंकड़ा वर्ष दर वर्ष बढ़ रहा है तो यह बेहद चिंताजनक है। कैंसर के इलाज में बड़ी समस्या यही है कि या तो मरीज का कैंसर ठीक ही नहीं होता या फिर इलाज के बाद इसके दोबारा वापस लौटने की संभावना बरकरार रहती है। हालांकि आज कैंसर पूरी तरह लाइलाज नहीं रहा, चिकित्सा विज्ञान द्वारा कैंसर के इलाज के लिए कई कारगर दवाएं और थैरेपी खोजी जा चुकी हैं।

**...साभार**



# इतिहास, विरासत व सौंदर्य का संगम है ओरछा

मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में स्थित ओरछा एक ऐसा ऐतिहासिक नगर है, जो समय के साथ भी अपनी भव्यता, संस्कृति और धार्मिक आस्था को आज तक संजोए हुए है। बेतवा नदी के किनारे बसा यह नगर न केवल स्थापत्य और इतिहास के प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि यह एक शांत, दिव्य और आत्मिक अनुभव भी प्रदान करता है।

**ओरछा का ऐतिहासिक परिचय**

ओरछा की स्थापना राजा रूद्र प्रताप सिंह ने 16वीं शताब्दी की शुरुआत में की थी। यह नगर बुंदेला राजवंश की राजधानी रहा है। ओरछा का नाम संस्कृत शब्द उद्योतका से निकला माना जाता है, जिसका अर्थ होता है छोटा सा प्रकाश। हालांकि आज यह स्थान भव्य महलों, मंदिरों और स्मारकों की रोशनी से जगमगाता है।

**ओरछा के प्रमुख दर्शनीय स्थल**

**राजा महल**- यह महल बुंदेला शासकों का मुख्य निवास स्थान था। इसकी दीवारों और छतों पर की गई चित्रकारी आज भी पूरी तरह सुरक्षित है। यहां की आंतरिक सजावट भगवान राम, कृष्ण और अन्य देवी-देवताओं की कहानियों को चित्रों के माध्यम से जीवंत करती है।

**जहांगीर महल**- यह महल मुगल सम्राट जहांगीर के स्वागत के लिए राजा बीर सिंह देव द्वारा बनवाया गया था। इसकी स्थापत्य कला में मुगल और राजपूत शैली का सुंदर मिश्रण देखने को मिलता है। महल की ऊंचाई से ओरछा और बेतवा नदी का दृश्य अत्यंत मनोहारी लगता है।

**राम राजा मंदिर**- यह भारत का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां भगवान राम को राजा के रूप में पूजा जाता है। यह मंदिर वास्तव में एक महल था, जिसे रानी गणेशा ने मंदिर के रूप में परिवर्तित कर दिया था। यहां का प्रहरी बदलने की प्रक्रिया व सैन्य सम्मान, मंदिर को और भी खास बनाता है।

**चतुर्भुज मंदिर**- यह मंदिर एक ऊंचे चबूतरे पर स्थित है, और इसकी वास्तुकला अत्यंत भव्य है। इसका निर्माण रानी गणेशा ने भगवान राम के लिए करवाया था, लेकिन राम जी की मूर्ति बाद में राम राजा मंदिर में स्थापित हो गई।

**लक्ष्मीनारायण मंदिर**- इस मंदिर में धार्मिक और युद्ध संबंधी दृश्य चित्रित हैं। यह मंदिर कला प्रेमियों के लिए एक स्वर्ग के समान है।

**ओरछा के छतरी**- बेतवा नदी के किनारे स्थित यह स्मारक बुंदेला राजाओं की याद में बनाए गए थे। यह शांत और मनमोहक स्थल सूर्यास्त के समय विशेष रूप से सुंदर प्रतीत होता है।

**साहसिक पर्यटन और प्रकृति**

ओरछा में रिवर राफ्टिंग का भी आनंद लिया जा सकता है, विशेषकर मानसून और उसके बाद के महीनों में।

आसपास का जंगल और नदी का किनारा ट्रैकिंग, बर्ड वॉचिंग और फोटोग्राफी के लिए बेहतरीन है।

## केरल की इन हसीन जगहों को करें एक्सप्लोर

जब भी दक्षिण भारतीय राज्यों में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले केरल का नाम लेते हैं। अरब सागर के तट पर स्थित केरल एक बेहद खूबसूरत राज्य है। जहां पर हर दिन हजारों पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। केरल में कपल्स को हिल स्टेशन्स से लेकर समुद्री इलाके सबसे आकर्षिक करते हैं। इसलिए हर महीने दर्जन से भी अधिक कपल्स केरल रोमांटिक वेकेशन पर जाते हैं। अगस्त के महीने में केरल की सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह घूमने की बात की जाती है, तो कई कपल्स सबसे पहले अल्लेप्पी पहुंचते हैं। यह जगह अपनी खूबसूरती और मेहमान नवाजी के कारण केरल के टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। वैसे केरल का मुन्नार तो हर कोई घूमने जाता है, लेकिन अगर आप किसी भीड़-भाड़ से दूर शांत और खूबसूरत हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं। तो आपको वायनाड को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

# अत्यधिक वसा और मीठे से ऐसे प्रभावित होता है मस्तिष्क

आमतौर पर जब किसी बुरी आदत या लत की बात होती है तो हम धूम्रपान या मद्यपान के बारे में सोचते हैं, लेकिन एक ऐसी भी लत है जिसने वयस्कों और बच्चों की बड़ी संख्या को अपनी चपेट में लिया है। यह लत खानपान की लत है। खानपान में भी विशेष रूप से वसा और चीनी से भरपूर भोजन हमें अधिक लुभाते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो भोजन की लालसा मात्र एक भावना नहीं है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दशकों में हमारा भोजन अति-प्रोसेस्ड हो गया है। इस प्रकार का भोजन शरीर में चीनी और वसा संवेदी ग्राहियों को सक्रिय कर डोपामाइन मुक्त करने का काम करता है। प्रोसेस्ड खाद्य शरीर में कुछ ऐसे परिवर्तन करते हैं जिससे मस्तिष्क इनका अधिक सेवन करने को प्रोत्साहित करने लगता है और लंबे समय तक इनका सेवन शरीर के लिए घातक हो सकता है। विशेषज्ञ खानपान की लत को बारीकी से समझने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए सबसे पहले तो यह समझना जरूरी है कि भोजन हमारे मस्तिष्क को कैसे प्रभावित करता है।

एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया मस्तिष्क से डोपामाइन नामक न्यूरोट्रांसमीटर मुक्त होना है। नशीले पदार्थों के समान खाना खाने से भी डोपामाइन मुक्त होता है। आम समझ है कि डोपामाइन आनंद में वृद्धि करता है लेकिन यह सच नहीं है। यह हमें ऐसे व्यवहारों को दोहराने के लिए उकसाता है जो जीवन के लिए जरूरी हैं। जैसे भोजन करना और प्रजनन। जितना अधिक डोपामाइन मुक्त होगा, उस व्यवहार को दोहराने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। वसा या चीनी युक्त भोजन का सेवन करने पर हमारे मुंह का सेंसर स्ट्रिएटम को डोपामाइन मुक्त करने का संदेश भेजता है। स्ट्रिएटम मस्तिष्क का एक भाग है जो गतियों और पुरस्कार योग्य व्यवहार से जुड़ा है, लेकिन मुंह के सेंसर द्वारा डोपामाइन मुक्त होना पूरी प्रक्रिया का केवल एक हिस्सा है।

विशेषज्ञों के अनुसार आंत में भी वसा और चीनी के लिए एक द्वितीयक सेंसर होता है और वह भी मस्तिष्क के उसी क्षेत्र को डोपामाइन मुक्त करने का संकेत देता है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि आंत से मस्तिष्क तक चीनी की उपस्थिति का संकेत कैसे पहुंचता है, लेकिन वसा के संकेत का पता लगाया जा चुका है। ऊपरी आंत में वसा का पता लगने पर वैगस तंत्रिका के माध्यम से पश्चौ-मस्तिष्क को संकेत पहुंचता है जो आखिरकार स्ट्रिएटम तक जाता है। यह देखा गया है कि चीनी व वसा से भरपूर खाद्य पदार्थ स्ट्रिएटम में डोपामाइन का स्तर सामान्य से 200 प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं। यह स्तर निकोटीन और शराब द्वारा की जाने वाली वृद्धि के बराबर है। एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि शकर ने डोपामाइन के स्तर को 135 से 140 प्रतिशत तक बढ़ाया जबकि वसा ने इस स्तर को 160 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। तुलना के लिए कोकेन ने सामान्य डोपामाइन के स्तर को तीन गुना किया जबकि मेथाम्फेटामिन ने इसे 10 गुना बढ़ाया। जैसे-जैसे हम भोजन और मस्तिष्क के सम्बंध को समझ रहे हैं, वैसे-वैसे भोजन का उत्पादन इस तरह किया जाने लगा है कि हम खुद को रोक न पाएं। हमारे शरीरों को ऐसे खाद्य पदार्थों से पाट दिया गया है जिनमें कुछ विशिष्ट पोषक पदार्थों की मात्रा अत्यधिक है - जैसे शकर, वसा और नए-नए पदार्थों के सम्मिश्रण।

औद्योगिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ स्टार्च और हाइड्रोजनीकृत वसा से तैयार किए जाते हैं। इसके अलावा मजेदार स्वाद देने वाले कृत्रिम फ्लेवर, पानी और तेल को घुलनशील रखने वाले इमल्सीफायर और खाद्य सामग्री की संरचना को संरक्षित रखने वाले स्टेबिलाइजर्स ने हमारे भोजन को अधिक आकर्षक तो



बना दिया है लेकिन हमारे स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी किया है। विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों और बुनियादी चीजों से बनाए खाद्य पदार्थों के बीच अंतर करना जरूरी है। यह अंतर आहार सम्बंधी स्वास्थ्य समस्याओं से बचने का पहला कदम हो सकता है। अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ नशे की तरह काम करते हैं। जितनी तेजी से कोई चीज आपके मस्तिष्क को प्रभावित करती है उतनी ही जल्दी आपको उस चीज की लत लगती है। इसके साथ ही डोपामाइन मुक्त होने की गति को बढ़ाने के लिए कई प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों को पहले से ही थोड़ा पचाया गया होता है। आखिर में इस पूरे मुद्दे में सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। प्रोसेस्ड खाद्य सामग्री काफी समय से सुलभ और सस्ती है तथा इसका काफी विज्ञापन भी किया जाता रहा है। लिहाजा, बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो जानते हैं कि यह खाद्य सामग्री स्वास्थ्यवर्धक नहीं हैं लेकिन फिर भी वे अपने आपको रोक नहीं पाते हैं। किसी भी पदार्थ या ड्रग की लत के सम्बंध में सहनशीलता और उसे छोड़ने के परिणाम के सिद्धांत का इस्तेमाल किया जाता है। सहनशीलता यानी किसी ड्रग (या भोजन) का इतना आदी हो जाना कि उतना ही प्रभाव प्राप्त करने के लिए इसका और अधिक सेवन करना पड़े।

जबकि छोड़ने के परिणाम का सम्बंध उन शारीरिक और मानसिक लक्षणों से है जो अचानक किसी नशीले पदार्थ का उपयोग बंद या कम करने पर होते हैं। पूर्व में यह माना जाता था कि भोजन की लत वाले लोग खानपान जारी रखते हैं ताकि खुद को उसे छोड़ने की स्थिति जैसे चिंता, मितली और सिरदर्द से बचा सकें। भोजन के मामले में, डोपामाइन की कमी की परिकल्पना यह बताती है कि अगर हम कुछ खाते हैं और इससे पर्याप्त आनंद नहीं मिलता है, तो हम तब तक खाते रहेंगे जब तक वैसा आनंद महसूस नहीं करते, लेकिन भोजन के मानसिक असर को लेकर अभी पूरी स्पष्टता नहीं है। वर्तमान में वैज्ञानिकों के पास इस बाबत उत्तर कम, प्रश्न अधिक हैं कि हमारा शरीर भोजन का आदी कैसे हो जाता है। हम जानते हैं कि डोपामाइन ही सब कुछ नहीं है क्योंकि सिर्फ इसी से भोजन आनंददायक नहीं बनता है। हालांकि शोधकर्ताओं ने वर्ष 2012 के एक अध्ययन में पाया है कि खाना खाने से हमारे अफीमी ग्राही उत्तेजित होते हैं, जो आनंद की भावना को बढ़ाते हैं, लेकिन वैज्ञानिक अभी भी इस प्रक्रिया के बारे में कम ही जानते हैं। कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि ऊपरी आंत में एक संवेदक हमारे भोजन की पसंद-नापसंद में कुछ भूमिका निभाता है। कई अन्य इसके लिए हायपोथैलेमस को महत्वपूर्ण मानते हैं जो शरीर के तापमान से लेकर भूख के एहसास तक सब कुछ नियंत्रित करता है।



नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र में भाग लेने के लिए जाते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा।

## दावाः ईरान में प्रदर्शनकारी महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ

**तेहरान।** ईरानी-जर्मन पत्रकार मिशेल अब्दोल्लाही ने ईरानी सरकार पर चौंकाने वाले आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ईरानी सुरक्षा बलों ने विरोध करने वाली महिलाओं के खिलाफ बलात्कार और म्यूटिलेशन (विकलांग करना) को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया ताकि वह लोगों में ज्यादा से ज्यादा डर पैदा कर सके और संघर्ष रुक जाए। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, अब्दोल्लाही ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर दावा किया कि उन्हें प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी मिली है। उनके अनुसार, गिरफ्तार महिलाओं के साथ बलात्कार किया जाता है, उनके गर्भाशय निकाल दिए जाते हैं, सिर की खाल उनके बालों सहित उतार दी जाती है।

## यूएई ने अजरबैजान से सदर्न गैस कॉरिडोर में हिस्सेदारी के लिए समझौता किया

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) की सहायक कंपनी एक्सआरजी ने सदर्न गैस कॉरिडोर में हिस्सेदारी हासिल करने के लिए अजरबैजान अर्थव्यवस्था मंत्रालय के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए है। अमीरात मीडिया ने यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार अबू धाबी में यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीएव की मौजूदगी में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। डब्ल्यूएएम समाचार एजेंसी ने सोमवार को बताया कि यह समझौता कई शर्तों पर निर्भर है, जिसमें नियमित नियामक और विश्वास विरोधी मंजूरी हासिल करना शामिल है।

# रूस को ट्रम्प के दावे पर यकीन नहीं

### कहाः भारत ने तेल खरीद रोकने पर कुछ नहीं बोला, हम ट्रम्प के बयान का मतलब समझ रहे

**मास्को।** रूस ने मंगलवार को कहा कि भारत सरकार की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, जिसमें यह कहा गया हो कि भारत रूस से तेल की खरीद बंद करने जा रहा है। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक क्रेमलिन के प्रवक्ता रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस, भारत को लेकर ट्रम्प की टिप्पणियों का विश्लेषण कर रहा है। जब उनसे सीधे पूछा गया कि क्या भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने का फैसला कर लिया है, तो उन्होंने कहा कि अब तक दिल्ली की तरफ से इस मुद्दे पर कोई बयान नहीं आया है।

पेस्कोव का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत ने अमेरिका के साथ हुए ट्रेड डील के तहत रूस से तेल खरीदना रोकने पर सहमति जताई है। डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को घोषणा की थी कि अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौता हुआ है। इसके तहत अमेरिका ने भारतीय सामान पर लगने वाला



■ अमेरिका ने भारतीय सामान पर लगने वाला टैरिफ 50 से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति दी है

टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति दी है। इसके बदले में ट्रम्प का दावा है कि भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और व्यापार से जुड़ी रुकावटें भी कम करेगा। भारत ने उनकी इस घोषणा पर न तो स्वीकार किया है और न ही खारिज किया है। फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर सैन्य हमला किया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच युद्ध शुरू हो गया, जो अब तक जारी है। इस युद्ध के कारण रूस पर अमेरिका और यूरोपीय देशों ने कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए, खासकर उसके तेल और गैस सेक्टर पर। इन प्रतिबंधों की वजह से रूस को अपना कच्चा तेल सस्ते दामों पर बेचने के लिए नए खरीदार ढूंढने पड़े। इसी दौरान भारत ने रूस से रियायती दरों पर तेल खरीदना शुरू किया। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और रूस का द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 68.7 अरब डालर तक पहुंच गया। लेकिन इसमें बड़ा हिस्सा कच्चे तेल का था। भारत ने अकेले 52.73 अरब डालर का कच्चा तेल रूस से खरीदा था। अब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प कह रहे हैं कि भारत रूस से तेल आयात रोकने पर सहमत हो गया है। अगर भारत वाकई रूसी तेल का आयात पूरी तरह बंद कर देता है, तो भारत-रूस का कुल द्विपक्षीय व्यापार घटकर 20 अरब डालर से भी नीचे आ सकता है। भारत के पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पिछले महीने कहा था कि रूस से कच्चे तेल के आयात में आगे भी गिरावट आने की संभावना है।

# अमेरिका-चीन के बीच घिर रहा भारत

### अब कम ताकतवर देशों से नई दिल्ली बढ़ा रहा दोस्ती, ट्रम्प के टैरिफ से बदली भारत की विदेश और व्यापार नीति

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पिछले महीने स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनामिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के मंच से कहा था कि दुनिया की पुरानी व्यवस्था 'टूट' रही है। अब मध्यम ताकत वाले देशों को साथ लाकर काम करना होगा। दावोस में अपने भाषण में कार्नी ने न तो ट्रम्प प्रशासन का नाम लिया और न ही उन अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किया, जिनकी वजह से पुराना ग्लोबल सिस्टम हिल गया। अपने भाषण में उन्होंने सीधेतौर पर भले ही भारत का नाम न लिया हो, लेकिन इशारा साफतौर पर भारत की तरफ था। भारत इस वक्त दो बड़े दबावों के बीच खड़ा है।

एक तरफ अमेरिका की बदलती नीतियां हैं तो दूसरी ओर चीन की बढ़ती आक्रामकता। ऐसे हालात में भारत अब पारंपरिक साझेदारों से आगे बढ़कर दुनिया के दूसरे हिस्सों में नए दोस्त तलाश रहा है। इस घटना के ठीक एक हफ्ते बाद, भारतीय पीएम मोदी नई दिल्ली में यूरोपियन (ईयू) की प्रमुख उर्सुला वान डेर लेयेन के साथ खड़े थे। दोनों ने करीब 18 साल से अटके पड़े एक बड़े व्यापार समझौते की घोषणा की, जिसे उन्होंने 'मदर आफ आल डील्स' कहा। इस डील से करीब 2 अरब लोगों का बाजार तैयार होगा। यह सिर्फ व्यापार नहीं, बल्कि उस नए अंतर्राष्ट्रीय सिस्टम का हिस्सा है, जिसमें अमेरिका की भूमिका कमजोर होने के बाद बाकी देश मिलकर नया ढांचा खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। आज भारत उन देशों में शामिल है जिनकी राय और फैसले वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने लगे हैं। 140 करोड़ की आबादी के साथ यह दुनिया की सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश है। भारत की इकोनामी भी जापान और जर्मनी के साथ दुनिया की टाप-5 में शामिल हो चुकी है, हालांकि प्रति व्यक्ति आय अब भी इन देशों से बहुत कम है। प्रधानमंत्री मोदी की आत्मनिर्भर भारत वाली सोच अब थोड़ी नरम पड़ती दिख रही है। भारत में यह धारणा लंबे समय से रही है कि खुद को सुरक्षित रखने के लिए दूसरे देशों से ज्यादा आर्थिक जुड़ाव नहीं होना चाहिए, लेकिन यूरोप, कनाडा और दूसरे देश यह तर्क देते रहे हैं कि मिलकर व्यापार करने से ही देश मजबूत बनते हैं। भारत और दूसरे अहम देशों के बीच रिश्तों में तेजी पिछले साल ब्रिटेन के साथ हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से दिखनी शुरू हुई। यह समझौता लंबे समय से अटका हुआ था। इसके बाद दिसम्बर में ओमान और न्यूजीलैंड के साथ भी ऐसे ही अहम समझौते किए गए। ये द्विपक्षीय समझौते दिखाते हैं कि भारत की नीति में बदलाव आ रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में जर्मनी, जापान, यूएई और सऊदी अरब के बड़े नेता नई दिल्ली आए। हर मुलाकात में भारत के साथ रिश्ते आगे बढ़ाने की बात हुई और नए समझौते किए गए। फरवरी में ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा भी भारत आने वाले हैं। इसके बाद मार्क कार्नी भी भारत आएंगे। उम्मीद है कि वे मार्च में कनाडा के एक डेलिगेशन के साथ नई दिल्ली आएंगे और एक और व्यापार समझौते को आगे बढ़ाएंगे। पिछले साल डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत से आने वाले ज्यादातर सामान पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। इसमें आधा जवाबी टैरिफ था और आधा रूस से तेल खरीदने की सजा के तौर पर लगाया गया एक्स्ट्रा टैक्स। यहीं से भारत-अमेरिका के रिश्तों में बदलाव शुरू हुआ था। इससे पहले 25 सालों तक अमेरिका और भारत के रिश्ते मजबूत करने की कोशिश होती रही थी, खासकर चीन की बढ़ती ताकत का मुकाबला करने के लिए। हालांकि, सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसे को तैसा) को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि भारत पर सिर्फ टैरिफ 18 प्रतिशत ही लगेगा। अमेरिका रूसी तेल खरीदने के कारण लगा 25 प्रतिशत टैरिफ हटा देगा।



■ अपने भाषण में दावोस ने सीधेतौर पर भले ही भारत का नाम न लिया हो, लेकिन इशारा साफतौर पर भारत की तरफ था

## रूस से तेल खरीद रोकने, अमेरिका से आयात में भारी वृद्धि के लिए तैयार हुआ भारतः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से साथ टेलीफोन वार्ता के बाद कहा कि भारत अमेरिका से आयात में भारी वृद्धि करने, अमेरिकी सामानों पर आयात शुल्क 'शून्य' करने तथा रूस से कच्चे तेल की खरीद बंद करने पर सहमत हो गया है, और बदले में अमेरिका भारतीय उत्पादों पर 'तत्काल प्रभाव से' आयात शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर व्यापार समझौते की घोषणा करते हुए मोदी को अपना 'सबसे अच्छा मित्र' बताते हुए लिखा कि वह रूस से कच्चे तेल की खरीद बंद करने और अमेरिका, तथा संभवतः वेनेजुएला, से खरीद बढ़ाने पर सहमत हो गए हैं जिससे यूक्रेन युद्ध समाप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका तत्काल प्रभाव से भारतीय उत्पादों पर प्रतिवर्ती आयात शुल्क 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। बदले में भारत अमेरिकी उत्पादों पर आयात शुल्क और आयात बाधाओं को घटाकर शून्य कर देगा।

## अमेरिका-भारत साझेदारी मंच ने किया ट्रम्प की व्यापार संबंधी घोषणा का स्वागत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच हुई बातचीत के बाद की गई व्यापार संबंधी घोषणा का मंगलवार को स्वागत किया। दोनों नेताओं ने सोमवार देर रात भारत-अमेरिका आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने तथा द्विपक्षीय व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

घोषणा के तहत भारत पर लगाए जाने वाले पारस्परिक आयात शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने का प्रावधान है, जिसे दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहला कदम माना जा रहा है। समझौते का विस्तृत स्वरूप अभी सामने नहीं आया है, यूएसआईएसपीएफ ने कहा कि यह कदम दोनों पक्षों की ओर से एक व्यापक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की दिशा में मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति को दर्शाता है। प्रस्तावित बीटीए में शुल्क, बाजार पहुंच, गैर-शुल्क बाधाएं और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अन्य व्यापारिक मुद्दे शामिल होंगे। मंच के अनुसार, पूर्ण द्विपक्षीय व्यापार समझौते से दोनों देशों के व्यवसायों, श्रमिकों और उपभोक्ताओं को लाभ मिल सकता है, साथ ही आपूर्ति शृंखलाओं और आर्थिक मजबूती को भी बल मिलेगा। यूएसआईएसपीएफ ने बताया कि दोनों देशों की सरकारों ने संकेत दिया है कि आने वाले महीनों में वार्ता के अतिरिक्त चरण और बातचीत होने की संभावना है। मंच ने इस घोषणा से उत्पन्न सकारात्मक गति पर आशा व्यक्त करते हुए दोनों सरकारों के साथ मिलकर द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई। यूएसआईएसपीएफ ने यह भी कहा कि मजबूत भारत-अमेरिका व्यापार और निवेश संबंध न केवल आर्थिक विकास के लिए, बल्कि स्थिर, मजबूत और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इससे पहले, राष्ट्रपति ट्रम्प ने कल भारत के साथ एक नए व्यापार समझौते की घोषणा की थी, जिसके तहत भारतीय वस्तुओं पर शुल्क में उल्लेखनीय कटौती की गई है। यह समझौता भारत द्वारा रूसी तेल आयात में कटौती के निर्णय की पृष्ठभूमि में सामने आया है, जिस पर ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी के बीच चर्चा हुई थी।

## मेलबर्न में महात्मा गांधी की प्रतिमा चोरी, भारत ने की ऑस्ट्रेलिया से तुरंत कार्रवाई की मांग

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर के रोवविले स्थित आस्ट्रेलियाई भारतीय कम्युनिटी सेंटर से महात्मा गांधी की कांस्य प्रतिमा चोरी कर ली गई है। इस घटना ने भारतीय-आस्ट्रेलियाई समुदाय में गहरी चिंता और आक्रोश पैदा कर दिया है। भारत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आस्ट्रेलियाई अधिकारियों के समक्ष उठाया है और तुरंत कार्रवाई कर प्रतिमा की वापसी और जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान की मांग की है। विदेश मंत्रालय के अधिकारी और आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 3 फरवरी 2026 को मीडिया से बातचीत में कहा हम गांधी प्रतिमा के विनाश और चोरी की कड़ी निंदा करते हैं। यह प्रतिमा रोवविले, मेलबर्न के आस्ट्रेलियाई भारतीय कम्युनिटी सेंटर में स्थापित थी। हमने आस्ट्रेलियाई अधिकारियों से आग्रह किया है कि इस चोरी की तत्काल जांच हो, प्रतिमा को वापस लाया जाए और दोषियों को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़े। प्रतिमा की चोरी की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस वारदात के पीछे कौन है और प्रतिमा कहां है।

## कनाडा में गोलीबारी के आरोप में तीन भारतीय गिरफ्तार

**ओटावा।** कनाडा के सरे शहर में एक घर के बाहर गोलीबारी की घटना के बाद तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। कनाडाई पुलिस के अनुसार आरोपियों को रंगदारी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पकड़ा गया।

सरे पुलिस सेवा ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि हरजोत सिंह (21), तरणवीर सिंह (19) और दयाजीत सिंह बिलिंग (21) पर एक-एक मामले में हथियार से गोलीबारी करने का आरोप लगाया गया है। तीनों को हिरासत में भेज दिया गया है और वे 5 फरवरी 2026 तक रिमांड पर रहेंगे। पुलिस के अनुसार, 1 फरवरी 2026 की सुबह सरे के क्रेसेंट बीच इलाके में क्रेसेंट रोड और 132 स्ट्रीट के पास एक घर के बाहर गोली चलने और छोटी आग लगने की सूचना मिली थी।

■ कनाडाई पुलिस के अनुसार आरोपियों को रंगदारी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पकड़ा गया

इसके कुछ ही समय बाद गश्ती दल ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच अब सरे पुलिस की मुख्य अपराध शाखा कर रही है। तीनों आरोपियों पर कनाडा के आपराधिक संहिता की धारा 244.2(1) के तहत किसी स्थान पर गोली चलाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि जांच जारी है और आगे और आरोप भी लगाए जा सकते हैं। सरे पुलिस ने पुष्टि की है कि तीनों आरोपी विदेशी नागरिक हैं और इस मामले में कनाडा बार्डर सर्विसेज एजेंसी (सीबीएसए) को भी शामिल किया गया है।

## नार्वे की राजकुमारी का एपस्टीन फाइल्स में 1000 बार नाम

### यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन भेजता था फ्लर्टी मैसेज, लिखा थाः मैं पत्नी की तलाश में हूं

**ओस्लो।** नार्वे की क्राउन प्रिंसेस मेटे-मारिट और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच संबंध सामने आने से विवाद छिड़ गया हैं। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की ओर से 30 जनवरी को जारी की गई एपस्टीन फाइल्स में प्रिंसेस नाम का 1 हजार से ज्यादा बार आया है।

नार्वे के अखबार वीजी की रिपोर्ट के मुताबिक, इन फाइलों में मेटे-मारिट और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच 2011 से 2014 के दौरान हुए कई ईमेल शामिल हैं। दोनों के बीच लंबे समय तक संपर्क रहा। एक मेल में एपस्टीन ने मेटे-मारिट को बताया कि वो शादी करना चाहता है और पत्नी की तलाश में पेरिस आया है। उसने फ्लर्टी मैसेज करते हुए कहा था कि पेरिस अफेयर और अवैध संबंध बनाने के लिए अच्छा है, लेकिन पत्नी ढूंढनी हो तो स्कैंडिनेवियाई (नार्वे, स्वीडन और डेनमार्क) महिलाएं ज्यादा अच्छी और वफादार पत्नी होती हैं। इस पर मेटे-मारिट ने जवाब दिया कि मुझे अभी भी इस बात पर यकीन नहीं हो रहा कि आप सच में पत्नी की तलाश कर रहे हैं। मेटे-मारिट का जन्म नार्वे



■ मेटे-मारिट का जन्म नार्वे में हुआ था, यानी वे खुद स्कैंडिनेवियाई महिला हैं

में हुआ था। यानी वे खुद स्कैंडिनेवियाई महिला हैं। एक ईमेल में मेटे ने एपस्टीन से पूछा था कि क्या अपने 15 साल के बेटे के वालपेपर के लिए दो न्यूड लड़कियों की फोटो (सर्फबोर्ड के साथ) लगाना ठीक रहेगा? एक अन्य ईमेल में उन्होंने एपस्टीन को आकर्षक बताया था। नार्वे के मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, निजी ईमेल में मेटे-मारिट ने एपस्टीन से कहा था तुम्हारी बातें मुझे गुदगुदाती हैं। कुछ ईमेल में उन्होंने उन्हें 'साफ्ट हार्टेड' और 'स्वीटहार्ट' भी लिखा। दोनों की दोस्ती सामने आने के बाद शनिवार को मेटे-मारिट ने एपस्टीन से अपने संबंधों को लेकर माफी मांगी। फाइलों में कई ईमेल दिखाते हैं कि दोनों काफी करीबी थे। एक ईमेल के जरिए पता चला कि जब मेटे-मारिट बीमार थीं, तब एपस्टीन ने उनके लिए फूल भेजे थे। मेटे-मारिट ने फूलों के लिए शुक्रिया अदा किया और 'लव, डड (मेटे-मारिट)' के नाम से साइन किया। ईमेल में कई जगह मिलने की योजना का जिक्र था। दस्तावेजों से पता चलता है कि मेट-मारिट ने 2011 से 2013 के बीच ओस्लो, न्यूयार्क और कैरिबियन में एपस्टीन से तीन बार मुलाकात की और 2013 में फ्लोरिडा में उनके घर पर चार दिन रुकीं थीं। हालांकि, तब एपस्टीन वहां नहीं था। ये बातें एपस्टीन के 2008 में नाबालिग से वेश्यावृत्ति के आरोप में दोषी ठहराए जाने के बाद की हैं। 2011 के एक ईमेल में मेटे-मारिट ने एपस्टीन को बताया कि उन्होंने एपस्टीन पर चल रहे मुकदमे को गूगल किया और कहा कि यह अच्छा नहीं लग रहा, लेकिन उन्होंने संपर्क जारी रखा।

## इटली के पूर्व पीएम बोलेः ग्लोबल ऑर्डर मर चुका

**ब्रसेल्स।** इटली के पूर्व पीएम मारियो द्रागी ने दावा किया है कि ग्लोबल आर्डर मर चुका है। उन्होंने यह बयान बेल्जियम की ल्यूवेन यूनिवर्सिटी में सोमवार को आयोजित एक समारोह में दिया। द्रागी ने कहा कि जो लोग ये चेतावनी दे रहे हैं कि मौजूदा ग्लोबल इकोनामिक आर्डर टूट रहा है, वे सही हैं।

द्रागी यह भी कहा कि असली खतरा इसके टूटने से नहीं है, बल्कि इस बात से है कि इसकी जगह क्या लेगा। उन्होंने कहा कि यूरोप को एक ऐसे अमेरिका का सामना करना पड़ रहा है जो ये कहता है कि उसने बहुत ज्यादा कीमत चुकाई है, लेकिन ये नहीं देखता कि उसे कितने फायदे मिले हैं। वहीं चीन पर आरोप लगाया कि वो ग्लोबल सप्लाई चेन के अहम हिस्सों को अपने कंट्रोल में रखता है। इस ताकत का इस्तेमाल बाजारों में सस्ता माल डंप करने, जरूरी चीजों की सप्लाई रोकने और अपनी आर्थिक गड़बड़ियों का बोझ दूसरों पर डालने के लिए करता है। मारियो द्रागी ने कहा कि दुनिया में अपनी ताकत बढ़ानी है, तो यूरोपीय यूनियन के देशों को एकजुट होने से डरना नहीं चाहिए। द्रागी ने चेतावनी दी कि ऐसे हालात में यूरोप को खतरा है कि वह कमजोर पड़ सकता है, अंदर से बंट सकता है और उसकी इंडस्ट्री सिस्टम भी कमजोर हो सकती है।

■ अमेरिका फायदे नजरअंदाज कर अपने खर्च गिनाता है और चीन सस्ता माल डंप करता है

# रूस ने यूक्रेन पर 70 मिसाइलों, 450 ड्रोन से बरपाया कहर

### हमला ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देश संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में शांति वार्ता करने वाले हैं

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को बताया कि रूस ने रात भर में यूक्रेन पर एक बहुत बड़ा हमला किया है। इस दौरान रूस ने लगभग 450 लंबी दूरी के ड्रोन और 70 अलग-अलग तरह की मिसाइलें दागीं। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देश संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में शांति वार्ता करने वाले हैं।

अमेरिका की मध्यस्थता में होने वाली इस बातचीत का मकसद चार साल से चल रहे युद्ध को रोकना है। जेलेंस्की के अनुसार, रूस ने यूक्रेन के पांच राज्यों में बिजली ग्रिड को निशाना बनाया। कड़ाके की ठंड के बीच रूस का मकसद नागरिकों को बिजली, पानी और हीटिंग से महरूम रखना है। इस हमले में दस लोग घायल हुए हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूस कूटनीति के बजाय लोगों को डराने में ज्यादा यकीन रखता है। उन्होंने अपने सहयोगियों से और ज्यादा सुरक्षा उपकरण भेजने और रूस पर दबाव बनाने की अपील की है, ताकि इस युद्ध को खत्म किया जा सके। अबू धाबी में बुधवार और गुरुवार को बातचीत होनी है। हालांकि ट्रम्प प्रशासन जमीन के कब्जे जैसे बड़े मुद्दों को सुलझाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन फिलहाल कोई बड़ा समझौता मुश्किल लग रहा है। यूक्रेन की सबसे बड़ी बिजली कंपनी डीटीईके ने बताया कि हमले में उनके पावर प्लांट को काफी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने कहा कि राज्य आपातकालीन सेवा के अनुसार, राजधानी कीव में पांच लोग घायल हुए हैं। वहां कई घरों, एक स्कूल और गैस स्टेशन को नुकसान पहुंचा और उसमें आग लग गई। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि हमले की वजह से 1,170 इमारतों में हीटिंग की सुविधा बंद हो गई है। फिलहाल मरम्मत का काम तेजी से चल रहा है। कुछ अपार्टमेंट और बिल्डिंग को छोड़कर बाकी सभी जगहों पर बिजली बहाल कर दी गई थी। रूस ने खारकीव और ओडिसा जैसे इलाकों को भी निशाना बनाया है, जहां लोगों के घायल होने की खबर है। यूक्रेन की संस्कृति मंत्री टेटियाना बेरेजना ने बताया कि कीव में एक ऐतिहासिक संग्रहालय को भी नुकसान पहुंचा है।



■ अमेरिका की मध्यस्थता में होने वाली इस बातचीत का मकसद चार साल से चल रहे युद्ध को रोकना है

## वन्यजीव संरक्षण के लिए चीन ने तैयार की नई आद्रभूमि संरक्षण व्यवस्था

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग ने अपने तालाब और दलदल स्थलों की सुरक्षा के लिए एक बहु-स्तरित संरक्षण व्यवस्था तैयार की है, जिससे उसकी वन्यजीव आबादी को प्रमुख आवास मिलेगा। बीजिंग नगर पालिका वानिकी और उद्यान ब्यूरो ने सोमवार को बताया कि यह नई व्यवस्था उसके 83.15 प्रतिशत तालाबों और दलदलों को संरक्षित करती है। ब्यूरो के अनुसार, यह नई व्यवस्था वन्यजीव विविधता संरक्षण और दूसरे इकोलॉजिकल प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए बीजिंग के प्राकृतिक रिजर्व, आद्रभूमि पार्क और दूसरे छोटे संरक्षित आद्रभूमि इलाकों का इस्तेमाल करता है। पिछले पांच वर्षों में बीजिंग ने आद्रभूमि संरक्षण को बेहतर बनाने का काम जारी रखा गया है।

